स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
8 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 286 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


किसी की छाया में नहीं रहूंगा : श्रेयस अय्यर



# तीन महीने में दूसरी बार महंगा हुआ घरेलू सिलिंडर

**नई दिल्ली।** आम लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलिंडर की कीमतों में 29 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरें 7 जून यानी आज से लागू हो गई है। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो जाएगी। यह

■ **रसोई गैस में 29 रुपये बढ़े**

पिछले तीन महीनों में दूसरी बार है जब घरेलू गैस सिलिंडर के दाम




बढ़ाए गए हैं। इससे पहले 7 मार्च को प्रति सिलिंडर 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। मार्च में की गई 60 रुपये की वृद्धि के बावजूद तेल विपणन कंपनियों को घरेलू एलपीजी बिक्री पर नुकसान उठाना पड़ रहा था। ताजा संशोधन से पहले सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू एलपीजी सिलिंडर पर लगभग 703 रुपये का नुकसान हो रहा था। ऐसे में बढ़ती लागत को देखते हुए कीमतों में इजाफा करना आवश्यक माना गया।

**तेल कंपनियों पर अब भी दबाव**

मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कुल मिलाकर रु. 7.50 प्रति लीटर बढ़ चुकी हैं, जबकि सीएनजी करीब रु. 6 प्रति किलो महंगी हुई है। अनुमान है कि कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 33.6 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे पहले 1 जून को कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बदलाव किया गया था। नई दरों के तहत दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई, जबकि कोलकाता में इसके दाम 53.50 रुपये बढ़े। इसके अलावा पांच किलोग्राम वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलिंडर की कीमत भी 11 रुपये बढ़ाई गई है। दिल्ली में अब यह सिलिंडर 821.50 रुपये में उपलब्ध होगा।

## विपक्ष के सवाल, सरकार का जवाब

दाम बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलिंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है। सरकार का दावा है कि अगर भारत में भी गैस की कीमत पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तय की जाए तो एक घरेलू सिलिंडर 1600 रुपये से ज्यादा का हो सकता है। लेकिन केंद्र सरकार और सरकारी तेल कंपनियां अभी भी बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं ताकि आम लोगों पर पूरा बोझ न पड़े।



## यूपी में मानसून लेट, अब 24 जून तक पहुंचेगा

**लखनऊ।** यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार तड़के महाराजगंज में मूसलाधार बारिश हुई। तेज हवा के साथ करीब डेढ़ घंटे तक

■ **ज्यादातर जिलों में मौसम साफ, धूप तेज रही**

■ **महाराजगंज में जमकर बारिश**

बारिश होती रही। बादल गरजने के साथ बिजली भी कड़की। खेतों में लबालब पानी भर गया। इसके अलावा, बाकी सभी जिलों में मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। हवा की रफ्तार कम होने से उमस महसूस होती रही। मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है। ऐसे में बारिश के कोई आसार नहीं हैं। हालांकि, एक-दो जगह स्थानीय मौसमी सिस्टम की वजह से बारिश हो सकती है। ऐसे में 24 घंटे में पारा 5 डिग्री उछलकर 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। 9 जून से 3 दिन हीटवेव (लू) चलेगी। 11 जून के बाद प्री-मानसून बारिश का सिलसिला शुरू होगा। आईएमडी के मुताबिक, इस बार यूपी में मानसून 4 से 6 दिन लेट पहुंच सकता है। इसके 24 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है। आने के बाद 10 दिनों में मानसून पूरे यूपी पर छा जाएगा। मानसून आमतौर पर 18-20 जून के बीच यूपी पहुंचता है। शनिवार को झांसी 42.5 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। बांदा में 42.2 डिग्री, जालौन में 41.4 डिग्री, फतेहपुर में 41.4 डिग्री और वाराणसी में 41.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो आजमगढ़ में रात का पारा सबसे कम 20 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि यूपी में आंधी-तूफान और बारिश के सारे सिस्टम खत्म हो गए हैं। फिलहाल, मौसम के शुष्क (साफ) रहने की संभावना है। प्री-मानसून बारिश तक भीषण गर्मी पड़ेगी। लू के हालात बनेंगे। मानसून 24 जून तक गोरखपुर के रास्ते प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

## कोएम्प्ट पर सवाल युवाओं की जीत, सरकार की हार : राहुल



**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर एक बहुत बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले में 18 साल के छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके दोस्त निसर्ग की जमकर तारीफ की है। इन दोनों छात्रों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और परीक्षा का काम देखने वाली कंपनी कोएम्प्ट (सीओईएमपीटी) के बीच चल रहे कथित खेल को सबके सामने ला दिया है। राहुल गांधी ने इसे देश के युवाओं की बड़ी जीत और सरकार की करारी हार बताया है। सार्थक ने सीबीएसई कक्षा 12 की कॉपियां जांचने वाले डिजिटल सिस्टम (ऑन-स्क्रीन मार्किंग) में हो रही बड़ी गड़बड़ियों को पकड़ा था। उन्होंने उन कमियों को उजागर किया, जिन्हें देश के बड़े-बड़े टीवी चैनल, अखबार और खोजी पत्रकार भी नहीं देख पाए थे।

## इंडिया गठबंधन : मतभेद खुलकर सामने आए

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की 8 जून को होने वाली बैठक से पहले सहयोगी दलों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक ओर सीपीआईएम ने केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है, वहीं डीएमके ने बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इस बीच भाजपा नेताओं ने विपक्षी गठबंधन की एकता पर सवाल उठाए हैं। सीपीआईएम महासचिव एम ए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगी और राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास बैठक में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## भारत से टकराव नहीं सहयोग चाहिए : नेपाल

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के रिश्तों को लेकर नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनलका बड़ा बयान सामने आया है। दिल्ली दौरे पर आए खनल ने कहा कि साल 2026 दोनों देशों के संबंधों के लिए सबसे अच्छा मौका लेकर आया है। उन्होंने साफ कहा कि भारत और नेपाल के बीच कोई भी समस्या इतनी

■ **विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद बदले सुर**

बड़ी नहीं है जिसे बातचीत से हल न किया जा सके। सीमा विवाद से लेकर व्यापार, ऊर्जा और कनेक्टिविटी तक दोनों देशों ने खुलकर बातचीत की है। खनल ने यह भी कहा कि नेपाल भारत को खुले दिल और साफ नजरिये से देखता है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनल ने कहा कि उन्होंने 6 जून को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विस्तार से बातचीत की। इस दौरान व्यापार, सीमा पार संपर्क, ऊर्जा साझेदारी, जल संसाधन और लोगों के बीच रिश्तों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझा सीमाएं बाधा नहीं बल्कि मजबूत पुल बननी चाहिए। खनल ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच रिश्तों को भावनाओं नहीं बल्कि तथ्यों और आपसी सम्मान के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कई पुराने मुद्दे हैं, लेकिन उन्हें बातचीत और राजनयिक प्रक्रिया के जरिए हल किया जा सकता है।

## अमेरिका में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**हैदराबाद।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में हैदराबाद के रहने वाले 28 साल के एक युवक की हत्या कर दी गई। यह घटना पांच और

■ **परिवार ने जताई साजिश की आशंका, लगाई न्याय की गुहार**

छह जून की दरमियानी रात को हुई। मृतक की पहचान अंशुल कुंचा के रूप में हुई है। अंशुल का परिवार हैदराबाद के पास गुंडलापोचमपल्ली में रहता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। अंशुल की बहन तन्वी ने मीडिया को बताया कि उनका भाई नॉर्थ फिलाडेल्फिया की एक बड़ी कंपनी में काम करता था। वह अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए शनिवार और रविवार को पिज्जा डिलीवरी का काम भी करता था। तन्वी ने बताया कि अंशुल को सिर में तीन गोलियां मारी गईं और उसे सड़क पर ही छोड़ दिया गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि हमलावरों ने अंशुल से कुछ भी नहीं लूटा। उसका सारा सामान सुरक्षित मिला है। परिवार का आरोप है कि यह कोई सामान्य लूटपाट नहीं



बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। अंशुल को पिज्जा देने के लिए एक सुनसान और वीरान इलाके में बुलाया गया था। तन्वी ने इसे एक जाल (ट्रैप) बताया। उन्होंने कहा कि हमलावरों का मकसद सिर्फ उनके भाई की जान लेना था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काले मास्क पहने और पीठ पर बैग लटकाए दो बंदूकधारियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।अंशुल चार साल पहले पढ़ाई के लिए अमेरिका गया था। तन्वी ने बताया कि इससे पहले भी अंशुल के साथ लूटपाट की एक घटना हुई थी। तब कुछ लोगों ने उसकी चेन, फोन और पैसे छीन लिए थे। परिवार अब भारत के विदेश मंत्रालय से गुहार लगा रहा है कि अंशुल के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाया जाए।

## अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले

■ **ईरान बोला अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा**

जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फॉरेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। दूसरी तरफ सेंट्रल इजराइल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई।

## 'आम लोगों के लिए भी सुलभ हो न्यायपालिका'

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि अदालतें केवल उन लोगों के अधिकारों की रक्षा करें जो मुकदमा



लड़ने का खर्च उठा सकते हैं, तो वे अपने सांविधानिक दायित्व का पूरी तरह निर्वहन नहीं कर रही होतीं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को केवल अधिकारों का संरक्षक ही नहीं होना चाहिए, बल्कि आम लोगों के लिए इतनी सुलभ भी होना चाहिए कि यह संरक्षण वास्तव में प्रभावी बन सके। जस्टिस सूर्यकांत ने लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान न्यायपालिका, न्याय तक पहुंच, तकनीक और कानूनी पेशे के भविष्य जैसे विषयों पर छात्रों ने उनसे सवाल किए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका पर बोलते

■ **लंदन के कार्यक्रम में बोले सीजेआई सूर्यकांत**

हुए उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास किसी संस्था को स्वतः नहीं मिलता, बल्कि पारदर्शिता, निरंतरता और अपनी गलतियों को सुधारने की क्षमता से अर्जित किया जाता है। न्यायपालिका की ताकत इस बात में नहीं है कि वह खुद को कभी गलत न माने, बल्कि संस्थाएं तब मजबूत होती हैं जब वे सीखने और सुधार के लिए तैयार रहती हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सांविधानिक लोकतंत्र में न्यायपालिका जवाबदेही की अंतिम कड़ी होती है, लेकिन उसे भी संविधान और जनता के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए। इसी कारण उन्होंने देशभर में एक समान राष्ट्रीय न्यायिक नीति की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि न्यायिक फैसलों में एकरूपता और स्पष्टता बनी रहे।

### सूरत : टैंक सफाई के दौरान चार मजदूरों की मौत

**सूरत।** सूरत में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में चार मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना गुजरात के सूरत शहर के अश्विनी कुमार इलाके में स्थित एक ज्वेलरी निर्माण इकाई में हुई, जहां मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। इस टैंक की सफाई और रखरखाव हर दो महीने में किया जाता है। रविवार सुबह एक सुपरवाइजर और तीन मजदूर टैंक के अंदर उतरे थे। टैंक में मौजूद जहरीली गैस के कारण सभी की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मजदूरों के पास कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था।

### सीजेपी संस्थापक के घर की सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने रविवार को उनके आवास पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। दिपके शनिवार को ही अमेरिका से भारत लौटे हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। अभिजीत दिपके और उनकी पार्टी नीट, सीबीएसई, सीयूईटी और एसएससी जैसी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने इन अनियमितताओं की जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। सीजेपी युवाओं का एक ऑनलाइन आंदोलन है। यह संगठन भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहा है।

### बांग्लादेश लौटने को खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है। ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, बीएसएफ उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

## 'जाति-जाति' का शोर मचाते केवल कायर क्रूर

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**

'राष्ट्रकवि' रामधारी सिंह दिनकर ने रश्मिरथी के प्रथम सर्ग के भाग चार में लिखा है कि– 'मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का / धनुष छोड़ कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का / पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर / 'जाति-जाति' का शोर मचाते केवल कायर क्रूर।' यानी हर बात में 'जाति–जाति' की बात करने वालों को दिनकर ने कायर इसलिए कहा है क्योंकि खुले मैदान में उतर कर विरोधियों को सीधी चुनौती देने के बजाय ऐसे लोग जाति की आड़ लेकर ही हमला करते हैं और क्रूर इसलिए क्योंकि सभी जाति–धर्म, मत–पंथ और वर्ग–समुदाय को अपने साथ जोड़ने के बजाय सामाजिक विभाजन, वैमनस्य और संघर्ष की आग भड़काने में जुटे रहते हैं।

दुर्भाग्य से कायरता और क्रूरता का स्पष्ट परिचायक होने के बावजूद सियासत में अस्तित्व और वर्चस्व के लिए सामाजिक विभाजन की नीति का शॉर्टकट अपनाने में कोई भी पीछे नहीं है। बात चाहे सत्ता पक्ष की ओर से दिए जाने वाले 'बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे' के नारे की करें या फिर खुल्लम–खुल्ला स्वजातीय वोटबैंक की राजनीति करने वाले विपक्षी दलों की। समाज को समग्रता और संपूर्णता में अपने साथ जोड़कर आगे बढ़ने और सबको एक साथ लेकर चलने में किसी की दिलचस्पी नहीं दिखती है। हालांकि इसकी बहुत बड़ी वजह वह वोटिंग पैटर्न भी है जिसमें मतदाता जमीनी वास्तविकताओं के बजाय भावनात्मक मसलों को तरजीह देकर मतदान करते हैं। लेकिन सामाजिक संघर्ष और विभाजन की राजनीति का बोलबाला होने का दोष सिर्फ जनता–जनार्दन की भावनात्मक मासूमियत पर नहीं डाला जा सकता बल्कि बल्कि इसकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी उन राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की है जो समाज में वैमस्य, अविश्वास और टकराव के विषबेल को रोपने–सींचने और पल्लवित–पुष्पित करने के लिए लगातार अपनी कथनी और करनी से खाद–पानी देते रहते हैं। मिसाल के तौर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का सफर शुरू करने से पूर्व अपनी दिशा तय करने में जुटे तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जमीनी मुद्दों और वास्तविक समस्याओं को तरजीह देने के बजाय जाति-धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने की ही दिखाई पड़ रही है। वर्ना कायदे से देखा जाए तो सत्ता पक्ष के पास दस वर्षों के कार्यकाल में हासिल उपलब्धियां कम नहीं हैं और सरकार की नाकामियों के मसले को उभारकर मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के लिए विपक्ष के पास भी बहुतायत मुद्दे उपलब्ध हैं। लेकिन उन पर जोर देने के बजाय कोई मतदाताओं को अयोध्या के आईने में मथुरा–काशी का प्रतिबिंब दिखाने, मस्जिद–मदरसे और अजान–नमाज पर विवाद खड़ा करने और बंटोगे तो कटोगे की नसीहत देने में जुटा हुआ है तो किसी की कोशिश पीडीए को पीड़ित दिखाने, बहुजनों का जातीय स्वाभिमान उभारने, अगड़ों में फूट डालने, पिछड़ों को लामबंद करने और अकलियतों को अस्तित्व का भय दिखाकर अपने पक्ष में एकजुट करने की दिख रही है। लेकिन, समाज को समग्रता में प्रभावित करने वाले शिक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, यातायात और कारोबार के मसलों को चुनावी मुद्दे के तौर पर उभारने के बजाय गाजीपुर से गाजियाबाद तक अपराधियों पर जारी कार्रवाई को जातीय–सांप्रदायिक रंग देने, जातिगत आंदोलन, बैठकें और समारोह कराने, हर समस्या को जाति से जोड़ने और फूट डालकर राज करने की कोशिशों में जुटे सियासी सूरमाओं को शास्त्री नित्यगोपाल कटारे की यह नसीहत नहीं भूलनी चाहिए कि– 'बस करो रे बस / भारत की ये भोली भाली जनता जब जागेगी / आने वाली पीढ़ी तुमको माफ न कर पायेगी / सिर पर सौ जूते मारेगी और गिनेगी दस / बस करो रे बस।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

## हाईवे पर दो डंपरों की भिड़ंत, केबिन में फंसा चालक पुलिस ने सुरक्षित निकाला



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- अजगैन कोतवाली के सामने हाइवे पर आगे चल रहे डंफर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा दूसरा डंफर उसमे भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दूसरे डंपर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया।

हादसे में घायल चालक की पहचान 28 वर्षीय राजेश पुत्र मुलायम निवासी छिरौना, थाना चिरगांव, जनपद झांसी के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद वह डंफर के स्टेयरिंग और केबिन के बीच बुरी तरह फंस गया था। सूचना मिलते ही अजगैन पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।पुलिस ने घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इस दौरान हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया। पक्षी विहार तक करीब दो किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई। जाम के चलते घटनास्थल की ओर जा रही एनएचएआई की एंबुलेंस भी फंस गई, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुआ।

एनएचएआई की एंबुलेंस समय पर मौके तक नहीं पहुंच सकी, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपने वाहन से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर उपचार मिलजाम खुलवाने और यातायात सुचारु करने के लिए पुलिस ने हाइड्रा मशीन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त डंपर को हाईवे से हटवाने की कार्रवाई शुरू कराई। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य कराया गया। अजगैन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि हादसे में घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया जा रहा है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- थाना क्षेत्र के अंतर्गत चमियानी गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

हरीखेड़ा गांव निवासी 33 वर्षीय शैलेश जेसीबी चालक हैं, रविवार को गांव के ही 18 वर्षीय युवक अनुज के साथ चमियानी गांव किसी काम से गए थे। काम निपटाकर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी चमियानी स्थित पक्का तालाब के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सीएचसी के चिकित्सक डॉ. आदर्श सचान ने बताया कि दोनों के पैरों में चोटें आई हैं, जिसके चलते बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

वहीं कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल इको कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डेयरी अपशिष्ट के नाले पर ग्रामीणों का विरोध, डीएम से लगाई रोक की गुहार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव- क्षेत्र के एक गांव में प्रमुख मार्ग के किनारे स्थित दूध डेयरी का अपशिष्ट बहाने के लिए जिला पंचायत से निर्माण हो रहे नाले का आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने विरोध किया है। नाले में बहाए जाने वाले गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से शिकायत की है।

क्षेत्र के ग्राम कठिघरा में हरदोई उन्नाव मुख्य मार्ग पर स्थित एक दूध डेयरी का अपशिष्ट बहाए जाने के लिए जिला पंचायत से लगभग 3 सौ मी नाले का निर्माण कराया जा रहा है। जिला पंचायत से निर्मित कराए जा रहे हैं उक्त नाले का आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नाला निर्माण रुकवाए जाने का जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की नाले से बहने वाले अपशिष्ट की निकासी न होने से गंदा पानी आवासीय इलाके में इकट्ठा होगा जिससे गांव का वातावरण दूषित होने के साथ-साथ गंदे पानी से



उठने वाली सड़ांध के चलते गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा। जिलाधिकारी ने जांच ग्रामीणों को कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# भट्ठा मजदूर महिला रेलवे ट्रैक किनारे घायल मिली, पति पर चाकू मारने का संदेह

मजदूरी मिलने के बाद हुआ था पति-पत्नी में विवाद, घायल महिला जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर के ब्लॉक रोड स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिला आज रविवार सुबह रेलवे लाइन के किनारे लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। झारखंड प्रदेश के रांची शहर निवासी राम उरांव अपनी पत्नी सीता के साथ भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। अन्य भट्ठा मजदूरों के अनुसार बीते शनिवार की रात भट्ठा मालिक से मजदूरी का भुगतान मिलने के बाद दोनों पति-पत्नी नशे में धुत होकर भट्ठे पर लौटे थे। रात में पति-पत्नी के बीच नशे की हालत में झगड़ा भी हुआ था। आरोप है कि झगड़े के दौरान ही राम उरांव ने अपनी पत्नी सीता पर चाकू से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया।

आज रविवार की सुबह सीता लहूलुहान हालत में भट्ठे से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पड़ी मिली। जहां पति राम उरांव ने अज्ञात लोगों द्वारा पत्नी सीता के साथ दुष्कर्म करने और विरोध करने पर चाकू मारकर घायल कर देने का आरोप लगाया। किंतु पुलिस उसे घायलावस्था में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। पुलिस द्वारा घटना के बाबत पूछताछ करने पर पति राम उरांव इलाज के लिए रुपये लेने की बात कहकर भाग निकला और वापस लौटकर अस्पताल नहीं आया। कोतवाली प्रभारी अखिलेशचंद्र पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला पति-पत्नी के बीच विवाद और मारपीट का प्रतीत हो रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घायल महिला को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# श्रवण कुमार तीर्थ यात्रा में 300 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**स्वतंत्र भारत व्यूरो**
**शुक्लागंज ;उन्नाव।** शुक्लागंज के मोहल्ला मिश्रा कालोनी से लगभग 300 श्रद्धालु भक्तो की पावन टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा निजी संसाधनो से संचालित पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थयात्रा सेवा सम्मान और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का एक अनूठा उदाहरण बन चुकी है। यात्रा के शुभारम्भ पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बुजुर्गों एवं मातृशक्ति का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी श्रद्धालुओं के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। यात्रा में भोजन पेयजल सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी प्रबन्ध किया जा रहा है जिससे श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के प्रभु श्रीराम के दर्शन कर सकें। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि अपने क्षेत्र के बुजुर्गों माता.पिता समान श्रद्धालुओं और मातृशक्ति को अयोध्या धाम की यात्रा कराने का अवसर उनके जीवन के सबसे सुखद और भावुक क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रभु श्रीराम की कृपा और जनता के स्नेह से ही उन्हें यह पुण्य




कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। श्रद्धालुओं के जयघोषए भजन.कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्ति सेवा और संस्कारों से परिपूर्ण यह यात्रा समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रही है। सनातन संस्कृति के प्रति आस्था बुजुर्गों के प्रति सम्मान और जनसेवा के प्रति समर्पण यही पंकज गुप्ता की पहचान है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला राकेश पाण्डेयए अध्यक्ष देवेन्द्र पटेलए अध्यक्ष अमरेन्द्र शुक्ला अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा प्रमोद ओझा अशोक चौबे सभासद प्रत्यय गुप्ता सभासद विजयराज सिंह सभासद प्रद्युम सिंह सभासद धर्मराज सिंह राधे शुक्ला सतीश शुक्ला सभासद धीरज सिंह सभासद पुनीत गुप्ता विवेक मिश्रा वैशाली कौशल प्रदीप योगी विकास मिश्रा शिवम् त्रिपाठी स्वदेश शुक्ला हिमांशु निषाद एवं भरत तिवारी आदि लोग मौजूद रहे ।

# अंडर-12 क्रिकेट लीग के लिए चयन ट्रायल संपन्न, 60 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

डीसीए की चार टीमों में बांटे गए युवा क्रिकेटर, जल्द शुरू होगी जनपदीय लीग



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के तत्वावधान में रविवार को शहर स्थित आरएसएस इंटर कॉलेज मैदान पर अंडर-12 जनपदीय क्रिकेट लीग के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में जिले के 60 उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

डीसीए के महामंत्री पी.के. मिश्र ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद खिलाड़ियों को चार टीमोंकृडीसीए ब्लू, डीसीए रेड, डीसीए ग्रीन और डीसीए येलोकृमें विभाजित किया गया है। ये सभी टीमें आगामी जनपदीय अंडर-12 क्रिकेट लीग में भाग लेंगी।

उन्होंने कहा कि लीग का मुख्य उद्देश्य जिले के बाल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना तथा उनकी प्रतिभा को निखारकर भविष्य के बेहतर क्रिकेटरों के रूप में तैयार करना है। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।

चयन प्रक्रिया में अभिषेक श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा और ओम मिश्रा ने चयनकर्ता की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया। ट्रायल के दौरान मैदान पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरा दमखम लगाया। इस अवसर पर शाकिर हुसैन, पंकज सिंह गौर, अमित धर द्विवेदी, कृष्ण नारायण अवस्थी, मोहम्मद गाजी सहित डीसीए के पदाधिकारी, खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जनपदीय अंडर-12 क्रिकेट लीग जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को नई पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कानपुर देहात समाचार

## दुस्साहस-न्याय की आस में न्यायालय जा रही महिला को मौत के घाट उतारने का प्रयास नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

सदर क्षेत्राधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद मनमानी पर उतारू रूरा पुलिस ने अपने ही अधिकारियों को दिखा दिया आइना लोगों के बीच शुरू हुई चर्चा आखिर किस कानून के राज्य की स्थापना का एसपी दिखाती है सपना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**झमाती , कानपुर देहात।** कोर्ट में लंबित मुकदमे की पैरवी के लिए देवर के साथ जा रही एक महिला पर दो बाइको से आए पांच लोगों ने मारपीट कर दी इतना ही नहीं हमलावरो ने महिला की गला घोट कर हत्या करने का भी प्रयास किया रुरा थाने से टरकाये जाने के बाद पीड़िता ने अपना और देवर का रूरा सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया जिले में पूरी तरह कानून व्यवस्था का राज्य स्थापित होने का दावा कोई और नहीं खुद महकमे के जिम्मेदार ही ध्वस्त करते दिखाई दिए हालांकि सीओ द्वारा तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए गए लेकिन रूरा पुलिस पर उस आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव की रोली मिश्रा अपने देवर सचिन के साथ 4 जून को माती कोर्ट में लंबित मुकदमे की पैरवी के लिए देवर के साथ बाइक से जा रही थी। शिवली रुरा मार्ग पर स्थित रिंद नदी के पास पीछे से दो बाइको पर सवार पांच लोगों ने देवर भाभी के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से महिला का गला घोट कर हत्या का प्रयास किया। वहां से निकल रहे राहगीरों के हस्तक्षेप पर हमलावर जान से मारने की धमकी एवं पीड़िता के परिजनों को दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोपों में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता देवर के साथ रूरा थाने पहुंची वहां गेट पर मिले लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसका प्रार्थना पत्र लेकर टरका दिया। इस पर महिला ने सीएचसी रुरा जाकर अपना व देवर का मेडिकल परीक्षण कराया। साथ ही आईजी आरएस व वरिष्ठ अफसरों से मामले की शिकायत भी की। प्रकरण में शनिवार को क्षेत्राधिकारी सदर से की गई शिकायत पर रूरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया गया लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की इससे पुलिस की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगा है। क्षेत्राधिकार सदर ने बताया कि मामले में रूरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## तेज रफ्तार पिकअप की बाइक से टक्कर, रगड़ से निकली चिंगारी से लगी आग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- पक्षी विहार के सामने सोमवार को तेज रफ्तार पिकअप डाला ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पिकअप में फंस गई और रगड़ से निकली चिंगारी के कारण दोनों वाहनों में आग लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों वाहन आंशिक रूप से जल चुके थे।चैकी प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां दोनों वाहन धू-धूकर जल रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान और तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर चैकी परिसर में सुरक्षित रखवाया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# चेयरमैन अंशु के अपमान की साजिश पर खफा हुए प्रदेश अध्यक्ष जिला संगठन को लगाई फटकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष का कानपुर देहात दौरा कई मायनो मे एक अलग सदेश प्रसारित कर गया राजपुर मे चेयरमैन अंशु त्रिपाठी द्वारा ऐतिहासिक स्वागत के किए गए इंतजामों पर भी गुटबाजी भरी पड़ी बताया गया कि कार्यक्रम निश्चित होने के बावजूद गुटबाजी के चलते जिम्मेदारों ने प्रदेश अध्यक्ष से अंशु की मुलाकात ना हो सके इस वास्ते पूरे समर्पण भाव का परिचय दिया गया यहाँ प्रशंसा करनी होगी अंशु त्रिपाठी के प्रयासों की जिसमें खुद प्रदेश अध्यक्ष ने अपना काफिला रुकवा कर उन्हें विशेष तवज्जो देते हुए जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि जहां ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जाएगा वहां हम विधानसभा का चुनाव जीतने का सपना कैसे देख सकते हैं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हफ्ता और से कहा गया कि अंशु त्रिपाठी और उनका परिवार भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में हमेशा शामिल रहा है इसलिए भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा ना हो तो अच्छा रहेगा वही चेयरमैन अशू त्रिपाठी द्वारा कहा गया है भारतीय जनता पार्टी ही उनकी पहचान है और भारतीय जनता पार्टी से हटकर उनका कोई वजूद नहीं है उन्होंने कहा कि विरोध अलग चीज है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष के सामने विरोध प्रदर्शन गलत संदेश देता है।।।

रविवार को जिले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अलग.अलग स्थानो पर कार्यक्रम प्रस्तावित थे पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में



**माती कानपुर देहात । प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में खड़े अध्यक्ष अंशु त्रिपाठी ।**

भाग लेने के लिए रवाना हुए राजपुर मे नगर पंचायत अध्यक्ष अंशु त्रिपाठी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर अभूतपूर्व इंतजाम किए गए थे मौसम की परवाह किए बिना हजारों लोगों के साथ अध्यक्ष खुद मौके पर मौजूद रहे तो जय जय श्री राम के गगन भेदी जयकारो से माहौल भाजपा मय हो उठा यहां इस बात की चर्चा करना अत्यंत आवश्यक है कि नगर पंचायत अध्यक्ष की मुलाकात प्रदेश अध्यक्ष से ना हो सके इसे लेकर भी जिम्मेदार पूरी तरह समर्पित रहे नतीजा प्रदेश अध्यक्ष का काफिला आगे बढ़ गया सम्मान पर आच उठती देख अंशु ने भी धैर्य नहीं खोया प्रदेश अध्यक्ष के काफिले को रोककर उन्होंने अभूतपूर्व स्वागत करते हुए अपनी मजबूत पकड का संदेश दिए इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिला पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए कहा गया कि जब इस प्रकार के समर्पित कार्यकर्ताओं का अपमान किया जाएगा तो समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी कौन पहुंचाएगा उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की किसी भी कार्यकर्ता का अपमान कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा उन्होंने अंशु त्रिपाठी से साफ तौर पर कहा की आवश्यकता पड़ने पर वे किसी भी वक्त सीधे उनसे संपर्क करें संगठन के सदस्यों के सम्मान की रक्षा करना उनका नैतिक दायित्व होगा इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।

## दुराचार और पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर भेजा गया जेल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- कोतवाली पुलिस ने दुराचार एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को बस स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के साथ हुई घटना को लेकर मामला दर्ज कराया था। पीड़िता की पहचान करीब दो वर्ष पूर्व एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान नगर के मोहल्ला राजाबाजार निवासी युवक रोहित से हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू कर दी थी।पीड़िता की मां के अनुसार, 20 मई को आरोपी रोहित बाइक से घर पहुंचा और नाबालिग किशोरी का हाथ पकड़कर जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने प किशोरी ने इंकार कर दिया, जिस पर आरोपी ने गाली-गलौज की और धमकी दी कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो मोबाइल में मौजूद अश्लील फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

घटना के बाद मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पीड़िता के न्यायालय में बयान दर्ज होने के आधार पर मामले में दुष्कर्म की धारा जोड़ते हुए पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं बढ़ा दी गईं।

पुलिस ने वांछित आरोपी रोहित को बस स्टेशन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी भवन मौर्य ने कहा कि आरोपी युवक रोहित पर दुष्कर्म की धारा में बढ़ोत्तरी करते हुए जेल भेजा गया है।

# नाला निर्माण पर भ्रष्टाचार के आरोप, पीली ईंट व घटिया सामग्री के इस्तेमाल



**ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल, बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- क्षेत्र की ग्राम पंचायत मदनापुर में बन रहे करीब 300 मीटर लंबे नाले के निर्माण कार्य में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, नाले के निर्माण में मानक के विपरीत पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि सरकारी निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग अनिवार्य होता है। इसके अलावा जुड़ाई कार्य में डस्ट और बालू के मिश्रण के इस्तेमाल से निर्माण की मजबूती प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह काम चलता रहा तो पहली ही बरसात में नाले की दीवारें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। मामले में जब ग्राम प्रधान प्रताप यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया, जबकि संबंधित सचिव सचिन दीपांशु यादव ने फोन रिसीव नहीं किया।

वहीं, खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा ने बताया कि शिकायत संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्य की जांच करेंगी। यदि अनियमितता और मानकों की अनदेखी पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा भुगतान पर रोक भी लगाई जा सकती है।

इनसेट जांच के बाद होगी कार्रवाई का फैसला

खंड विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि निर्माण में घटिया सामग्री और मानकविहीन कार्य पाया गया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है। प्रशासन मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके।

## आरोपः गुटखा का पैसा मांगने पर दरोगा ने अभद्रता



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। महाराजपुर में एक दुकान संचालक ने गुटखा का पैसा मांगने पर चौकी प्रभारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। सूचना पर व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने की बात कही है। पुरवामीर में रामशरण सिंह बाबा जलपान की दुकान है। आरोप है कि चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने फ्री में रजनीगंधा न मिलने और मामूली देरी पर नाराज होकर बुजुर्ग दुकानदार से गाली-गलौल की। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि व्यापारी समाज के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी दरोगा सिपाही के खिलाफसख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने संयुक्त पुलिस आयुक्त को एक शिकायत पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस प्रशासन की ओर से फिलहाल मामले की जांच की बात कही जा रही है। वहीं चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर कहा कि पिछली रात वह चोरों को पकड़कर ले जा रहे थे, तभी उन्होंने एक सिपाही को पैसे देकर दुकान से पानी की बोतल मंगवाई थी। 15 मिनट तक सिपाही के न आने पर वह खुद दुकान पहुंचे, जहां देरी को लेकर दुकानदार से कहासुनी हो गई। उन्होंने किसी भी अभद्रता से इनकार करते हुए दुकानदार द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा और निराधार बताया है।

# चोर-चोर के ताने से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान



**-खेल-खेल में मेकअप बॉक्स घर ले आई थी**

**-गोविन्द थाना क्षेत्र के गुजैनी इलाके का है मामला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** गुजैनी में चोर-चोर कहकर चिढ़ाए जाने से आहत एक किशोरी का शव घर में फंदे से लटकता मिला। यह देख परिजनों के बीच हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची गोविन्द नगर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सेन पश्चिम पारा के कठोंगर गांव निवासी किसान संदीप मिश्रा की बेटी दिव्यांशी मिश्रा पिछले एक वर्ष से अपनी मां माधुरी के साथ गुजैनी में किराए के मकान में रह रही थी। मां माधुरी ने बताया कि उनके मकान में रहने वाले एक किरायेदार के घर से दिव्यांशी खेल-खेल में ज्वेलरी और मेकअप बॉक्स अपने घर चुरा लाई। शनिवार सुबह किरायेदार ने बच्ची पर चोरी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की। इस पर मां ने दिव्यांशी को डांटा तो उसने बताया कि वह खेल-खेल में सामान ले लाई थी। आरोप है कि इसके बाद किरायेदार और उसके परिजन लगातार उसे चोर-चोर कहकर चिढ़ाने लगे। इससे बच्ची मानसिक रूप से काफी परेशान और गुमसुम हो गई। माधुरी ने बताया कि उन्होंने बेटी को समझाने का प्रयास किया और ड्यूटी पर चली गईं। हालांकि दोपहर बाद उनका मन घबराने लगा, तो वह करीब चार बजे घर पहुंचीं।

घर का दरवाजा खुला था और कमरे के अंदर दिव्यांशी का शव साड़ी के फंदे से पंखे के सहारे लटका मिला। यह दृश्य देखते ही उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। गोविंद नगर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। गोविंद नगर इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल संकट को लेकर लोगों ने खाली बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। किदवई नगर समेत कई क्षेत्रों में एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप्प है। रविवार को अक्रोशित लोगों ने जलकल के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि निराला नगर, सफेद कॉलोनी, लाल कॉलोनी और साकेत नगर में पिछले सात दिनों से जलापूर्ति ठप है।

न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिक हाथों में बाल्टियां और खाली पानी की बोतलें लेकर निराला नगर में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों के बावजूद जलकल विभाग समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की कमी ने लोगों का जीवन प्रभावित कर दिया है। घरों में पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। लोगों को निजी टैंकरों और अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बैराज से आने वाली मुख्य पाइपलाइन में कटाव होने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है। अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा है और जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि किसी वीआईपी से जुड़ा मामला होता तो प्रशासन कुछ ही घंटों में व्यवस्था दुरुस्त कर देता, लेकिन आम जनता की समस्या को सात दिनों से नजर अंदाज किया जा रहा है। इस मौके पर साकिफकुरैशी, मेघा, शांति देवी, गंगा देवी, राजा, महिमा देवी और रूबी आदि रहे।

## आरोपः महिला डॉक्टर ने कार से कुचलने का किया प्रयास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** कल्याणपुर में क्लीनिक के इंटीरियर कार्य के भुगतान को लेकर शुरू हुआ विवाद शनिवार देर रात बड़ा बवाल में बदल गया। लोगों ने एक महिला चिकित्सक पर कार से कुचलने का आरोप लगाया। जबकि गुस्साई भीड़ ने चिकित्सक की कार में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए और एक.दूसरे के खिलाफकार्रवाई की मांग करने लगे। देर रात तक थाने में दोनों पक्षों का जमावड़ा लगा रहा। घटना से जुड़े कई वीडियो भी सामने आ रहे हैं।

केशवपुरम निवासी संजय यादव आरुष इंटीरियर नाम से फर्म संचालित करते हैं। उन्होंने केशव वाटिका के पास स्थित महिला चिकित्सक डॉ मधुलिका शुक्ला के एक अन्य क्लीनिक में करीब डेढ़ लाख रुपये का इंटीरियर का कार्य किया था। वहीं इलेक्ट्रिशियन राज का लगभग तीन हजार रुपये का भुगतान अलग से होना था। आरोप है कि शुक्रवार को राज ने अपने भुगतान के लिए डॉ मधुलिका को फोन किया तो कहासुनी करने लगीं। इसके बाद राज ने संजय यादव को पूरी बात बताई। संजय ने राज को अपने पास से भुगतान कर दिया। संजय का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में डॉ मधुलिका से बात की तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी में तहरीर देकर शिकायत की। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया था। आरोप है कि शनिवार को डॉ मधुलिका ने सोशल मीडिया पर संजय यादव के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणी के साथ उनका फोटो पोस्ट कर दिया। इससे नाराज होकर संजय यादव ने स्थानीय लोगों के साथ दोबारा पुलिस से शिकायत की। देर शाम मामले को लेकर फिर तहरीर दी गई। बताया गया कि शनिवार देर रात डॉ मधुलिका अपने साथियों के साथ संजय यादव के घर के बाहर पहुंचीं और वहां का वीडियो बनाने लगीं। इसकी जानकारी मिलने पर संजय यादव और उनके परिवार के लोग बाहर आ गए। इसी दौरान डॉ मधुलिका, उनकी बहन दीपिका तथा एक अन्य व्यक्ति कार में बैठ गए और वाहन को अंदर से लॉक कर लिया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए और कार को चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि चिकित्सक ने कार से संजय यादव की पत्नी प्रियंका यादव समेत कुछ लोगों को कुचलने का प्रयास किया गया। आरोपों से नाराज लोगों ने कार पर हमला बोल दिया और वाहन के शीशे व अन्य हिस्सों में तोड़फोड़ कर दी। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। डीसीपी पश्चिम एस एम क़ासिम अबिदी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार चढ़ाने की बात सत्य नहीं पाई गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## कांगेसियों ने गैस सिलेंडर को माला पहनाकर किया श्रद्धा सुमन अर्पित



महंगाई व मूल्यवृद्धि की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। एलपीजी गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारादेवी मंदिर के पास गैस सिलेंडर को माला पहनाकर और श्रद्धांजलि अर्पित कर केंद्र सरकार की महंगाई व मूल्यवृद्धि की नीतियों के खिलाफविरोध दर्ज कराया।

नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि रसोई गैस कभी आम परिवारों की जरूरत और सुविधा का प्रमुख साधन थी, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों के कारण अब यह आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से गृहिणियों, मध्यम वर्ग तथा गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम नवल कुशवाहा ने केंद्र सरकार से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तत्काल कमी करने और आम जनता को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि मूल्यवृद्धि वापस नहीं ली गई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में अपना आंदोलन और तेज करेगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में क्षेत्र की टूटी सड़कों की मरम्मत, बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, डिवाइडर निर्माण, अस्पताल निर्माण, तालाबों के सुंदरीकरण समेत विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई। कार्यक्रम में विकास अवस्थी, मोहित सविता, रुक्मा देवी, कमलाकांत तिवारी, हरिराम कटियार, शीलू श्रीवास्तव, जितेंद्र गिरी, आशुतोष सिंह, प्रताप साहनी, गणेश सविता, कुमुद साहनी, अमित गुप्ता, रामू प्रजापति, मोहित दीक्षित समेत कई लोग मौजूद रहे।

**मांगों को लेकर 9 जून को दिव्यांग निकालेंगे शांति मार्च पदयात्रा**

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने 9 जून को शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर 4 से मुख्यमंत्री आवास लखनऊ के लिए निकलने वाली शान्ति मार्च पदयात्रा में शामिल होंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा की राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी नौकरी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, रोटी, कपड़ा और मकान की सौ फीसदी गारंटी के लिए सामाजिक समानता कानून बनाने, पेंशन 5000 महीना करने, सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करने, आरक्षण कोटा बढ़ाने, चलन क्रिया के सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को सभी नौकरियों में समान अवसर देने सहित 22 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है। सरकार दिव्यांगों की आवाज को दबाना चाहती है जिसे राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता कतई बर्दाशत नहीं करेंगे।

# कॉकरोच जनता पार्टी जैसी बहुत सी पार्टियां आती और जाती रहती हैं



**-शहर आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को कानपुर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जाजमऊ पुल पुष्पवर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कॉकरोच जनता पार्टी जैसी बहुत सी पार्टियां आती और जाती रहती हैं। नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी के लिए कानूनी कार्रवाई जारी है। इंडी गठबंधन खंड-खंड हो जाएगा। उनकी बैठक से पहले ही डीएमके अलग हो गई, जेएमएम अलग होने जा रही है।

तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर रविवार को प्रदेश अध्यक्ष शहर पहुंचे। जाजमऊ पुल से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को समाज के प्रबुद्ध वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रबुद्ध जन संवाद अभियान को और अधिक सशक्त और व्यापक बनाने का आह्वान किया, ताकि सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन खंड-खंड हो जाएगा। उनकी बैठक से पहले ही डीएमके अलग हो गई, जेएमएम अलग होने जा रही है। कहा जाता है न कि इस दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई इधर गिरा-कोई उधर गिरा। वही हालत इंडी गठबंधन की है। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 365 दिन तैयार रहते हैं। यहां तक कि कोविड काल में भी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनसेवा की मिसाल पेश की है। इसके बाद वह क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के बर्रा स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने प्रकाश पाल के बड़े भाई स्वर्गीय श्रीराम पाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कानपुर से प्रदेश अध्यक्ष कानपुर देहात के लिए रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद रमेश अवस्थी, देवेंद्र सिंह भोले, पूनम द्विवेदी, देवेंद्र देव गुप्ता, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी और पूर्व विधायक केके सचान समेत कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनर्स की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं विमला



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक बेनाझाबर स्थित जल संस्थान यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता बी एल गुलाबिया ने की। बैठक में संगठन को अत्यधिक मजबूत करने की दृष्टि से ईएसआई महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसके लिए सर्व सम्मति से विमला मिश्रा को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विमला मिश्रा कहा कि अपने स्तर से इकाई का गठन कर संगठन को मजबूत करेगी। बैठक में बेचे लाल कुशवाहा, एडवोकेट आर पी श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार मधुर, सुनील सुमन, इंन्द्र जीत सिंह गिल, अशोक कुमार पाण्डेय, वी एन पाल, रमाकांत वर्मा, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, विजय बाल्मीकि, चंन्द्र हांस सिंह चौहान, राम रानी कटियार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ पांच शातिरों को पुलिस ने पकड़ा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच शातिर बदमाशों को महाराजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास तमंचा, कारतुस, तीन मोटरसाइकिल व चोरी में प्रयुक्त उपकरण मिले हैं।

शनिवार देर रात महाराजपुर पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि महोली मोड़ के पास कुछ संदिग्ध वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए शातिर लालूखेड़ा व बैजाखेड़ा के दीपक निषाद, विशाल निषाद, मुलायम, राजीव कुमार और सूरज निषाद हैं। तलाशी में पुलिस को दो अवैध देशी तमंचे, सात जिंदा कारतूस, तीन मोटरसाइकिल और पेचकस, रिंच पाना, साबड जैसे औजार मिले है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि कई महीनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। आरोपी मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाते थे या उन्हें मोड़ देते थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके। फिलहाल पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के लिए आसपास के थानों और अन्य जनपदों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# विधायक ने एसीपी व कार्यदायी संस्था जटेटा पर उठाए सवाल



**-जाजमऊ में ट्रक की टक्कर से हुई दम्पत्ति की मौत**

**-घटनास्थल का लिया जायजा, खुदाई व अतिक्रमण से हो रहे हादसे**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जाजमऊ में शनिवार को सड़क हादसे में दंपति की मौत के बाद कैंट विधायक हसन रूमी घटनास्थल का जायजा लिए। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को आड़े हाथो लिया। उन्होंने कहा कि अब भी कार्यदायी संस्था नहीं चेतेगी, तो लगातार हादसे होते रहेंगे। इस दौरान जाजमऊ व्यापार व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखलाक अहमद भी मौके पर मौजूद रहे।

अहिरवां के सीताराम नगर निवासी लक्ष्मीकांत शर्मा शनिवार सुबह वह पत्नी आशा शर्मा के साथ सिद्धनाथ मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। तभी सोलंकी धर्मकांटे के पास ट्रक ने टक्कर मारकर दोनों को रौंद दिया था। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। रविवार को कैंट विधायक मो हसन रूमी ने घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था जटेटा वाले वाले बिना किसी प्लानिंग के जगह-जगह गड्ढे खोद दे रहे है। जिससे अक्सर हादसे हो रहे है। इस दौरान विधायक ने सड़क किनारे खड़े ट्रकों, अधूरे निर्माण कार्य और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। विधायक ने कहा कि लापरवाही और अव्यवस्था के कारण दो निर्दोष लोगों की जान चली गई। विधायक ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाए जा रहे हैं, तो आम जनता की शिकायतों का क्या होगा। उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जटेटा कंपनी द्वारा वीटेक कंपनी से कराया जा रहा यह कार्य तय समय-सीमा के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी इसका मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि बीच सड़क ट्रक खड़े करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। जटेटा ने एक माह के अंदर पूरा काम समाप्त करने के लिए कहा है। समय से काम नहीं पूरा करेंगे, तो अब इनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। विधायक रूमी ने आरोप लगाया कि तेल मिल की सड़क विधायक निधि से 50 लाख की कीमत से बनवाई थी, लेकिन जटेटा ने पूरी सड़क खोद डाली।

# पुलिस भर्ती परीक्षा आज से शुरू, चप्पे-चप्पे पर रहेगी खाकी की नजर



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने शांतिपूर्ण व पारदर्शी कराने हेतु रूपरेखा को फाइनल रूप दे दिया है। पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है। परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थियों से पहले प्राचार्य, शिक्षक और स्टाफ की चेकिंग की जाएगी। सभी को हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से गुजरने के बाद परीक्षा केंद्रों में जाना होगा। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए 54 इंस्पेक्टर, 100 एसआई, दो कंपनी पीएसी, आरएएफ और 10 क्यूआरटी समेत 1600 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद से प्रतियोगी परीक्षा को लेकर सरकार सख्त है। होमगार्ड भर्ती परीक्षा में बीएनएसडी कॉलेज में नकल कराने की कोशिश का प्रकरण सामने आने के बाद अब पुलिस भर्ती परीक्षा में कमिश्नरेट पुलिस कोई भी हीलाहवाली के मूड में नहीं है। सिपाही भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 8, 9 और 10 मई को होना है। इसे लेकर शनिवार को रागेंद्र स्वरूप ऑडीटोरियम में पुलिस कमिश्नर ने किन बिंदुओं पर सुरक्षा बरतनी है और कैसे नकल रोकना है इस पर विस्तार से बताया। हर संदिग्ध पर नजर रखने के लिए एलआईयू को भी तैनात किया गया है। एडीसीपी एलआईयू महेश कुमार ने बताया कि शहर में 54 केंद्र बनाए गए हैं। एक पाली 19440 अभ्यर्थी शामिल होंगे। 3 दिनों में छह पालियों में कुल 1,16,640 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसे लेकर रेलवे, बस अड्डा समेत अन्य चौराहों पर यातायात चाक चौबंद रखने के भी निर्देश दिए गए।

### भीड़भाड़ को देखते हुए स्टेशन पर बढ़ाई गई कर्मियों की संख्या

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 8, 9 व 10 मई होगी। इसके मद्देनजर रेलवे स्पेशल रैक रिजर्व किए हैं। अभ्यर्थियों के भीड़-भाड़ को देखते हुए सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि जरूरत पड़ने पर परीक्षा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ जंक्शन, इटावा और मिर्जापुर स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल विशेष ट्रेनें चलाई जा सकें। आने जाने वाले यात्रियों को परेशानी न हो। इसके अलावा स्टेशनों की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी जाएगी। रेलवे प्रशासन ने टिकट काउंटरों और पूछताछ केंद्रों पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती के साथ उद्घोषणा प्रणाली को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आरपीएफऔर जीआरपी के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। रेलवे प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से स्टेशन पहुंचनेए वैध टिकट लेकर यात्रा करने और रेलवे के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## श्री हंस मंदिर में जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। श्याम नगर बाईपास स्थित श्री हंस मंदिर आश्रम में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान शाखा आश्रम विभाग, मानव सेवा दल एवं युवा संगठन का जिला स्तरीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पूर्वी उत्तर प्रदेश सह प्रभारी महात्मा सार्थानंद व हंस मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई, मुदिता बाई द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य शाखा संगठन को मजबूत करने तथा समिति द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार को बढ़ाना है। शिविर में लगभग 150 कार्यकर्ताओ ने प्रतिभाग किया। पदाधिकारियों व युवा वर्ग ने संगठन की मजबूती और आध्यात्म ज्ञान के प्रचार-प्रसार पर अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान अवधेश कटियार, यतेंद्र यादव, कुंवर पाल, धर्मपाल, शैलेंद्र सेंगर, माया दीक्षित, मिथिलेश सोनी, संजना वर्मा, उद्धव यादव, आकर्ष वर्मा, हरीकरन सिंह, राजेंद्र वर्मा, शमशेर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। मंच संचालन शैलेंद्र पाल ने किया।

## खबर एक नजर



### विश्व पर्यावरण दिवस पर बिहारेश्वर धाम में किया गया पौधरोपण

- एकल विद्यालय के बच्चों संग सेवादारों ने लिया सुरक्षा का संकल्प

घाटमपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर घाटमपुर क्षेत्र के आज्योरी स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन बिहारेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्य क्रम का सफल आयोजन किया गया। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण यह मंदिर मुगल सम्राट अकबर के महान विद्वान मंत्री बीरबल द्वारा निर्मित कराया गया थाए जो अपनी प्राचीनताए बेजोड़ स्थापत्य और गहरी जन.आस्था के लिए पूरे क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है।इस वृहद कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के परम पूजनीय प्रधान सेवक शिवस्वरूपानंद महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुई। संपूर्ण पर्यावरण को स्वच्छए सुंदर और हरा.भरा बनाने के पवित्र संकल्प के साथ मंदिर परिसर तथा उसके आसपास के विस्तृत क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के औषधीयए फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। इस मौके पर पौध रोपण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वालों में ऋषभ सिंहएकपिल एवं योगाचार्य विमलएराजवीरए संगीता व सुनीता के अलावा एकल विद्यालय के बच्चों और मंदिर के तमाम समर्पित सेवकों ने बेहद उत्साह और ऊर्जा के साथ मिलकर बढ़.चढ़कर श्रमदान किया। सभी उपस्थित जनों और बच्चों ने रोपे गए पौधों की सुरक्षाए नियमित सिंचाई और उनकी देखरेख करने का सामूहिक संकल्प भी लिया।इस मौकेपर शिवस्वरूपानंद महाराज ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का असली आधार हैं और इस धरा एवं प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का परम और नैतिक कर्तव्य है।

### तूफान से क्षतिग्रस्त पेड़ों को यूपीसीडा कर्मियों ने बेंचा

जांच में गर्दन फंसते देख चोरी की तैयार की पटकथा

भरूआ सुमेरपुर। गत माह आए तूफान से कस्बे की उद्योग नगरी में यूपीसीडा के करीब 1500 पेड़ धराशायी हुए हैं। जिनको रातों-रात यूपीसीडा के कर्मियों ने उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन के संचालक को औने पौने दामों में बेचकर बगैर नीलामी के खुर्द बुर्द कर दिया है। अधिकारियों के पूंछने पर यूपीसीडा कर्मी लकड़ी चोरी होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

गत माह 28 मई की रात आए भयंकर तूफान ने फैक्ट्री एरिया में जमकर कहर बरपाया था। यूपीसीडा की जमीन पर लगे करीब 1500 पेड़ तूफान के कहर से ध्वस्त हुए थे। इन टूटे पेड़ों को यूपीसीडा के कर्मियों ने औने पौने दामों में बगैर नीलामी के खुर्द बुर्द कर दिया है। मामला प्रकाश में आने पर यूपीसीडा के अधिकारी जांच कर रहे हैं। जांच में गर्दन फंसती देखकर यहां तैनात कर्मी उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन संचालक पर पेड़ चोरी करके ले जाने का आरोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। यहां पर तैनात सुपरवाइजर कमलेश विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने पुलिस चैकी के आसपास के पेड़ों की कटान कराई है। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपए है। इसमें 35 हजार रुपए मजदूरी खर्चा आया है। इसके अलावा उनके द्वारा कोई लकड़ी नहीं बेची गई है। शेष लकड़ी को आरा मशीन संचालक ने चोरी कर लिया है। उद्योग नगरी में संचालित गुप्ता वुड वर्क्स के संचालक प्रांशु गुप्ता ने बताया कि उन्होंने कोई लकड़ी चोरी से नहीं कटवाई है। हमने दो ट्रक लकड़ी ढाई लाख में खरीदी है जिसका भुगतान किया गया है। इसके अलावा तीन ट्रक लकड़ी अन्य ठेकेदारों ने खरीदी है जिसकी अनुमानित कीमत चार लाख बताई जा रही है। इस तरह से करीब 6.50 लाख कीमत की लकड़ी को यूपीसीडा कर्मियों ने बगैर नीलामी के रातों-रात खुर्द बुर्द कर दिया है और चुप्पी साध कर बैठ गए हैं। जांच में गर्दन न फंसने पाए इसके लिए कुछ लकड़ी को यूपीसीडा कार्यालय प्रांगण में डंप कर दिया गया है। फैक्ट्री एरिया पुलिस चैकी इंचार्ज अंकित बैसला ने बताया कि उनके पास अभी तक यूपीसीडा ने कोई शिकायत पेड़ चोरी होने की नहीं की है। अगर शिकायत मिलती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

यूपीसीडा के सहायक प्रबंधक बीपी मौर्या ने बताया कि उन्होंने कर्मियों को लकड़ी कटवाकर डंप करने के आदेश दिए थे। अगर बगैर नीलामी की लकड़ी को बेचा गया है तो यह नियम विरुद्ध है। इसकी जांच कराकर दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अगर लकड़ी चोरी हुई है तो वहां कार्यरत कर्मियों ने चोरी की शिकायत पुलिस से क्यों नहीं की है।

### रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन ने मैनुअल पास बनाए जाने की मांग

स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक मजदूर यूनियन कार्यालय फतेहगढ़ के सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह यादव ने की।संचालन रामकुमार तिवारी ने किया बैठक में बताया गया कि रेलवे पेंशनर्स को सेवार्थ एवं मासिक पास ऑनलाइन देने का निर्णय गलत है यह पास मैन्युअल में ही दिए जाने चाहिए। इसके अलावा अन्य मामले को लेकर लखनऊ में होने वाली बैठक में आने वाले पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। लखनऊ में होने वाली बैठक में वरिष्ठ अधिकारी आएंगे। उन अधिकारियों को संगठनकाप्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देगा जिसमें पारिवारिक पेंशन को 50 प्रतिशत करने पेंशन को 50 के स्थान पर 60 प्रतिशत करने मानार्थ पास मैन्युअल में दिये जाने की मांग के साथ साथ अन्य मांगे भी उठाई जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का किया अनावरण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद । भारत सरकार के मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायत राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने सेन्ट्रल जेल चौराहे पर अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का आनावरण किया

सातनपुर आलू मंडी परिसर में आयोजित पाल समाज सम्मेलन में पहुंचे मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रोण् बघेल ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन उनके योगदान एवं होल्कर वंश के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होल्कर वंश के पूर्वजों ने देशभर में टूटे हुए हजारों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा के साथ.साथ राजनीति में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

मंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के विकास का आधार है लेकिन राजनीति वह माध्यम है जिससे समाज और व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को जोखिम लेने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ने से उसकी आवाज और अधिक प्रभावी होगी।

कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा विधायक नगेंद्र सिंह राठौर विधायक सुशील शाक्य विधायक डॉण् सुरभि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन कुलदीप गंगवार पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल भाजपा उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह अनिल पाल आदि रहे। इस दौरान पाल सभा जिलाध्यक्ष दयाराम मौजूद रहे



# सहयोग शाखा ने पक्षियों को पानी रखने के लिए के लिए मिट्टी के पात्र बांटे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** भारत विकास परिषद सहयोग शाखा की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजित कर पक्षियों के पानी पीने के लिए मिट्टी के पात्र की व्यवस्था सहयोग शाखा के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार वर्मा ने की जिसे वितरित किया गया

डॉक्टर विनोद कुमार तिवारी डॉक्टर सुबोध कुमार वर्मा डॉक्टर आर के गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखें ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महिला सहभागिता अनीता पाठक ने की। संचालन डॉक्टर आरके गुप्ता संजय दुबे ने किया। कार्यक्रम में सहयोग शाखा के पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई गई व टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। पक्षियों के पानी पीने के लिए पात्र की व्यवस्था सहयोग शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री रामकुमार वर्मा द्वारा की गई। बैठक में जिला समन्वयक बृजेश कुमार गंगवार के के पाठक आर के राठौर शील श्रीवास्तव संजीव वर्मा अवधेश कुमार दुबे राकेश कुमार गंगवार प्रभाकर अग्निहोत्री राजेश चंद शुक्ला अशोक कुमार यादव अग्रवाल आशीष शुक्लाआदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। रीता दुबे मंजूश्री श्रीमती आशा देवी वर्मा रचना वर्मा पूजाशुक्ला राजेश चंद शुक्ला ने पदाधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण की



### शॉर्ट सर्किट से डंपर में लगी आग, चालक झुलसा

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा कुरारा से बेरी जा रहे डंफर में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से जल गया। चालक भी आंशिक रूप से झुलस गया। आगजनी की सूचना पर दमकल दस्तेने आग पर काबू पाया। ट्रक मालिक ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के देवीगंज गांव के पास डंफर में अचानक शॉर्ट सर्किट से रात दो बजे अचानक आग लग गई। जब आग ने जोर पकड़ा तो चालक थाना कुरारा क्षेत्र के बम्हनपुर गांव निवासी देव सिंह पुत्रराजू सिंह ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। तथा घटना की जानकारीदमकल दस्ते को दी। तब उन्होंने ने आगपर काबू पाया। ट्रक मालिक शिवम अवस्थी पुत्र राजेश अवस्थी निवासी आदिल नगर कुर्सी रोड थाना गुड़म्बा लखनऊ ने थाने में तहरीर देकर बतायाकि ट्रक में देवीगंज गांव के पास आग

लग गई है। जिससे ट्रक जल गया है। तथा चालक भी आंशिक रूप से झुलस गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है चालक का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा में कराया है।

# विश्व साइकिल दिवस पर हमीरपुर में संडेज ऑन साइकिल, रैली का भव्य आयोजन

**92 युवा प्रतिभागियों ने दिया फिटनेस, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, हमीरपुर।** विश्व साइकिल दिवस-2026 के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, हमीरपुर द्वारा रविवार को ष्संडेज ऑन साइकिलष् के विशेष संस्करण के अंतर्गत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना रहा। साइकिल रैली का शुभारंभ नगर पालिका परिषद हमीरपुर के माननीय अध्यक्ष कुलदीप निषाद द्वारा अटल पथ चैराहा (चैरा देवी) से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण का भी प्रभावी माध्यम है। युवाओं को दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में योगदान मिल सके।कार्यक्रम में जिला खेल कार्यालय के उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद सहित रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष मनीष शुक्ला, सचिव जय प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, बुंदेलखंड रक्तदान समिति के अध्यक्ष अशोक निषाद, कनिष्ठ सहायक शुभम वर्मा तथा खेलो इंडिया सेंटर के एथलेटिक्स कोच दुर्गा प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रिंस, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जीतेन्द्र सिंह यादव एवं अभिषेक धुरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कुल 92 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया, जिनमें 54 बालक एवं 38 बालिकाएं शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ रैली में भाग लेते हुए स्वास्थ्य, फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली का समापन राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, हमीरपुर में किया गया, जहां जिला खेल कार्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों को जलपान वितरित किया गया। समापन अवसर पर उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले सभी अतिथियों, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों एवं प्रतिभागी बच्चों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि खेल एवं फिटनेस को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जिला खेल कार्यालय द्वारा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल सके और स्वस्थ समाज के निर्माण का लक्ष्य साकार हो सके।



# शिवसेना यूबीटी नगर इकाई ने की अहम बिंदुओं पर बैठक

**पदाधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश। जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा**

शिवसेना यूबीटी पदाधिकारियों की बैठक बर्रा 6 कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने पदाधिकारियों से संगठन विस्तार करने तथा वार्ड गली मुहल्ले में वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। श्री विश्वकर्मा ने जुलाई माह तक नगर के सभी वार्डो में वार्ड प्रमुखों की नियुक्ति पर प्रकाश डाला। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने कानपुर विकास प्राधिकरण पर निशाना साधते हुए कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि पूर्व के दिनों में चकेरी के अहिरवां निवासी नरेंद्र सिंह यादव पत्नी मीना यादव ने आरोप लगाया था कि बिना नोटिस दिए केडीए ने बुलडोजर चला दिया जिस कारण परिवार के सदस्य की सदमे में जान चली गई। उन्होंने कहा कि आलाधिकारियो ने बिना साक्ष्य तथा बिना नोटिस दिए करवाई कि जिससे एक हँसता खेलता परिवार आज सड़क पर है।

जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शिवसेना का प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द परिजनों से मिल उन्हें न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष ने नवामि गंगे परियोजना के अंतर्गत रविदास पुरम वार्ड 9 बर्रा 8 गुजैनी थाने से लेकर सब्जी मण्डी तक की सड़क को खोद डाला है जिससे आए दिन हादसा हो रहा है। सड़क खुदाई के दौरान अधिकारियों ने पंद्रह दिन में ही सड़क निर्माण का विश्वास दिलाया था किंतु अभी तक स्थिति जस की तस है। आने वाले दिनों में होने वाली बारिश से क्षेत्र में रह रहे हजारों निवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में बड़ी समस्या आ सकती है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने कानपुर नगर निगम सहित आलाधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अगर आम जनमानस की समस्याओं का निपटारा ना हुआ तो अधिकारियों को भी चैन की नींद शिवसेना सोने नहीं देगी। शिवसेना की नगर इकाई समस्यों के चलते सड़को पर उतरने को तैयार है। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों ने बाला साहेब अमर रहे शिवसेना जिंदाबाद के नारे लगाए। बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र राजपूत वरिष्ठ महासचिव रंजीत सिंह सेंगर शैलेंद्र सक्सेना सचिव सत्य प्रकाश गुप्ता संयुक्त सचिव रामपाल शर्मा सर्वेश शर्मा शिवम शुक्ला कामेश्वर शास्त्री महेंद्र सिंह राजपूत सोनू अग्रवाल गोविंद कुशवाहा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



### मंदिर के बाहर बैठे युवक को किया लहुलुहान

भरुआ सुमेरपुर। राम जानकी मंदिर के बाहर बैठे युवक पर कुल्हाड़ी से वार करके लहुलुहान करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सुरौली बुजुर्ग निवासी बृजेश गौतम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह 5 जून को शाम 7.30 बजे राम जानकी मंदिर के बाहर बैठा था तभी गांव निवासी शिव प्रसाद ने पीछे से आकर कुल्हाड़ी मारकर लहुलुहान कर दिया। साथ ही विनीत और हरि ने लाठी से प्रहार करके घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### नलकूप में लगी आग से सवा लाख का सामान जला

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के इंगोहटा गांव में रविवार देर रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से एक निजी नलकूप में आग लग गई। आग की चपेट में आकर नलकूप परिसर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया।

पीड़ित किसान राघवेंद्र सिंह ने बताया कि देर रात नलकूप के विद्युत कनेक्शन में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। उससे निकली चिंगारी ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग ने आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से नलकूप परिसर में रखे प्लास्टिक पाइप, पांच ट्रॉली भूसा, मेन स्विच, स्टार्टर सहित अन्य विद्युत उपकरण जलकर राख हो गए।

ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सवा लाख रुपये से अधिक का सामान नष्ट हो चुका था। पीड़ित ने प्रशासन से क्षति का आकलन कर आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

### इंगोहटा में सोमवार को लगेगा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

भरुआ सुमेरपुर। इंगोहटा गांव में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निकट सोमवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की आंखों की जांच करेगी।

### ऑटो सवार महिला के पर्स से 15 लाख के गायब हुए जेवरात

ऽजहानाबाद से ऑटो में हुईं थी सवारए घाटमपुर चौराहे पर उतरने के बाद गई थीं थाना सजे ती क्षेत्र के टोल प्लाजा तक

घाटमपुर। ऑटो सवार महिलाओं के पर्स से जेवरात व पैसे गायब होने की घटनाओं की दहशत के बीच रविवार को एक और महिला पर्स से जेवरात व पैसे गायब करने वालों का शिकार हुई।

टीचर्स कॉलोनीए अभौली रोडए जहानाबाद फतेहपुर की निवासी प्रेत वर्मा पत्नी अमित कुमार के उस समय होश उड़ गए जब उनके पर्स में रखे करीब 15 लाख के जेवरात गायब हो गए। चोरों ने घटना को कहां अंजाम दिया यह उन्हें पता नहीं चला। घाटमपुर चौराहे में उतरने पर पर्स से उन्हें जेवरात गायब मिले। घटना की तहरीर उन्होंने घाटमपुर थाने पहुंचकर दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 06 जून 2026 को अपरान्ह 2रू30 के लगभग वह जहानाबाद से ऑटो से घाटमपुर के लिए रवाना हुई। जैसे ही वह घाटमपुर चौराहे के पास ऑटो स्टैण्ड पर उतरीए तो बात करने के लिए पर्स से मोबाइल निकालाए तो देखा कि जिस पर्स में सोने के आभूषण गायब थे। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख से अधिक है। थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। मगर घटना कहां हुई पीड़िता नहीं बता पा रही हैं। वह जहानाबाद से घाटमपुर होते हुए थाना सजे ती क्षेत्र के टोल प्लाजा तक जाने की बात कह रही है। फिर मामले की जांच की जा रही है।

मिस्त्री का शव मिला

कुरारा,हमीरपुर। मकान में लोहे का जाल बनाने वाले एक मिस्त्री का शव शनिवार रात हाइवे पर मिला। जिस पर राहगीरों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को सीएचसी लेकर आये जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान कर पुलिस ने मृतक के स्वजनों को सूचना दी।

कस्बे के वार्ड 1 कालीमाई मंदिर के करीब रहने वाले रामजीवन उर्फ शेखर पुत्र रामसनेही बाल्मीकि उम्र 28 वर्ष जोकि मकान आदि में सरिया का जाल बनाने का काम करता था। मृतक शनिवार को कुसौलीपुरवा गांव काम के ही सिलसिले में गया था। रात करीब 9 बजे राहगीरों की सूचना पर पुलिस डामर व सरसई गांव के बीच पहुची जहां मोटरसाइकिल सहित रामजीवन का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने एम्बुलेंश की सहायता से शव को सीएचसी पहुचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शादी 5 वर्ष पूर्व उन्नाव में हुई थी। मृतक के एक 2 वर्ष का लड़का वीरबाबू व दो लड़कियां एक 4 वर्षीय व एक 3 माह की है। घटना के बाद से पत्नी अलका सहित स्वजनों का रो रोकर बुराहाल है। स्वजनों ने बताया कि एक्सीडेंट नही ऐसा लग रहा है। जैसे किसी ने पीछे से हमला करके मारा है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी प्रिंश दीक्षित ने बताया कि प्रथम दृश्यता तो एक्सीडेंट ही लग रहा है। बाकी जांच की जा रही है।

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने जनपद हमीरपुर के परसनी मोराकांदर क्षेत्र में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक पिलर के गिरने से 6 मजदूरों की हुई दर्दनाक मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं गंभीर लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर अपने परिवारों के एकमात्र सहारा थे। उनके निधन से परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।राहुल निगम वारसी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर मांग की कि मृतक मजदूरों के परिवारों को आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक स्तर पर तत्काल राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रत्येक मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूर देश और प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं। ऐसे में उनके जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंडित किया जाना आवश्यक है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। समाजवादी पार्टी एवं समाजवादी मजदूर सभा मृतक मजदूरों के परिवारों के साथ खड़ी है और सरकार से मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा करती है।इसी क्रम में प्रतिनिधि मंडल सदस्यों ने मृतकों के परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं उनके साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के सदस्य इदरीश खान जिलाध्यक्ष ,रामप्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी विधानसभा,लालता सिंह खंगार जिलाध्यक्ष मजदूर सभा, यदुवेन्द्र यादव राष्ट्रीय महासचिव मजदूर सभा,महिमा शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,सुरेश यादव,रेखा यादव राकेश निषाद,दिनेश सिंह भोले,पुष्कल यादव,पुनीत शुक्ला,संदीप निगम, प्रमेन्द्र कुशवाहा,राजेंद्र बाबूलाल वाल्मीकि,राकेश सिंह कुशवाहा,राघवेन्द्र खन्ना गोलू,अरविंद यादव, ओमप्रकाश सोनकर वारसी,सुभान कुरैशी, अरसद मामा,मलिक, परशुराम प्रजापति, राम खिलावन प्रजापति,राहुल निषाद स्वासा सेक्टर प्रभारी सहित आदि समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

### टेढ़ा सब स्टेशन में किसानों ने धरना देकर की नलकूपों की आपूर्ति बहाल कराने की मांग

भरुआ सुमेरपुर। गत माह आए तूफान से ध्वस्त हुई विद्युत लाइनों के कारण नलकूप ठप होने से किसान धान की नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे हैं। नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर टेढ़ा के किसानों ने गांव स्थित सब स्टेशन में धरना देकर नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। किसानों का कहना कि धान की नर्सरी को प्रत्येक दशा में 15 जून तक बो जानी चाहिए।

गत माह 28 मई की रात आए भयानक तूफान में सर्वाधिक कहर सुमेरपुर क्षेत्र में बरपाया था। तूफान के चलते सुमेरपुर डिवीजन में 1703 पोल क्षतिग्रस्त हुए थे। विद्युत विभाग अभी तक 50 फीसदी पोल नहीं लगा सका है। तूफान के बाद से नलकूपों की आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। रविवार को टेढ़ा के किसान जगमोहन, अभिषेक, वीरेंद्र सिंह, मनीष सिंह, महेश तिवारी, दीपू तिवारी, चंचल सिंह, पंकज यादव, टिल्ला सिंह, मुलायम सिंह, सुरेश सिंह, राकेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, सुखराम यादव, राजेश कुशवाहा, महेश मिश्रा, मुन्नू तिवारी आदि ने टेढ़ा विद्युत सब स्टेशन में धरना देकर नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। किसानों ने बताया कि गांव में करीब 500 से अधिक निजी नलकूप लगे हुए हैं। इनमें करीब 450 नलकूप मौजूदा समय में ठप हैं।

किसानों का कहना है कि नलकूपों की आपूर्ति बाधित होने से धान की फसल की नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे है, जबकि धान की फसल की नर्सरी प्रत्येक दशा में 15 जून तक तैयार हो जाना चाहिए। लेकिन जिस तरह के हालात है उससे 15 जून तक आपूर्ति बहाल होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। टेढ़ा सब स्टेशन के अवर अभियंता रजनीश कुमार ने बताया किसानों ने पावर हाउस में धरना देकर समस्या से अवगत कराया है। टेढ़ा सब स्टेशन से जुड़े गांवों में 425 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। सर्वाधिक नुकसान नलकूपों की लाइनों में हुआ। किसानों को जल्द आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया गया। सामग्री मंगाई जा रही है। एक-दो दिन के अंदर नलकूपों की लाइन बनाने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। बता दे कि टेढ़ा गांव का मौजा बहुत बड़ा है और यह गांव धान उत्पादन में जनपद का अव्वल गांव है। यहां पर किसान बासमती धान का उत्पादन बहुतायत में करते हैं। नलकूपों की आपूर्ति बहाल न होने से किसान बेहद परेशान है।

### दुकान से पुरानी समर गोलक से 4200 रुपए की चोरी

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद के फतेहगढ़ रोड स्थित आदर्श मशीनरी स्टोर की दुकान में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की वारदात से व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहिला निवासी शिवांचल यादव की फतेहगढ़ रोड पर आदर्श मशीनरी स्टोर के नाम से दुकान है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे लगे दरवाजे के नीचे से नकब लगा दिया और अंदर प्रवेश कर सामान व नगदी चोरी कर ले गए। चोर दुकान से तीन पुरानी समर तथा गोलक में रखे करीब 4200 रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए।

सुबह दुकान पहुंचने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे गंभीर, रेफर

**चैड़गरा।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के चैड़गरा चैराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे लोडर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार धीरज सिंह और उनके ममेरे भाई शैलेंद्र सिंह (निवासी बनियनखेड़ा, औंग) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और लोडर चालक की मदद से घायलों को संभाला गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

- ताइक्कांडो एसोसिएशन की मांग

## यूसुफ क्लब में फिर गूंजे भारत माता की जय और बच्चों की किलकारियां

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विकसित फतेहपुर के शहरी क्षेत्र के मध्य स्थित यूसुफ क्लब आज पूरी तरह वीरान पड़ा हुआ है। यह वही स्थान है जहां कुछ वर्ष पूर्व तक बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं और भारत माता की जय व वन्दे मातरम का गगनभेदी उद्घोष चारों दिशाओं में सुनाई देता था। तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह की अनुमति के बाद ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर द्वारा यहां मार्शल आर्ट (ताइक्कांडो) का प्रशिक्षण शुरू किया गया था। मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं और महिलाओं को मिलने वाले इस प्रशिक्षण से जहां वे शारीरिक रूप से मजबूत हो रही थीं, वहीं उनमें गजब की आत्मशक्ति भी जागृत हो रही थी। इसके अलावा, प्रत्येक रविवार को मिशन मुस्कान के तहत होने वाले डांस प्रोग्राम बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर खुशियां बिखेर देते थे, जिससे यूसुफ क्लब की दीवारें और धरा जीवंत हो उठी थीं।

ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने दुःख जताते हुए कहा कि तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय सिंह के तबादले के बाद से ये तमाम गतिविधियां थम सी गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बच्चे न सिर्फ आत्मरक्षा सीखते थे, बल्कि स्वच्छता अभियान और यातायात सुरक्षा जैसी रैलियां निकालकर आम जनमानस को जागरूक भी करते थे। अध्यक्ष ने कहा कि क्लब को दोबारा शुरू करने के उनके कई प्रयास विफल रहे, लेकिन वे हार नहीं मानेंगे। बच्चों के चेहरों पर दोबारा मुस्कान लाने और बेटियों को सशक्त बनाने के लिए वे जल्द ही मौजूदा जिलाधिकारी को एक निवेदन पत्र सौंपकर यूसुफ क्लब में प्रशिक्षण पुनः शुरू कराने का प्रयास करेंगे।

### पक्का तालाब मैदान पर रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

खागा (फतेहपुर)। खागा नगर के पक्का तालाब मैदान पर रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज हो गया है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र सिंह ने फीता काटकर और पिच पर बल्ला चलाकर किया। टूर्नामेंट में फतेहपुर की नामचीन टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है, जिसमें खेले गए रोमांचक मुकाबलों में फतेहपुर ओमनी और पक्का तालाब की टीमों ने अपने-अपने मैच जीते। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। उद्घाटन मैच के दौरान कई स्थानीय स्टार खिलाड़ी और क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# ब्रह्माकुमारीज के संस्कार समर कैंप का समापन





फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बच्चों के चारित्रिक, मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ज्वालागंज स्थित ब्रह्माकुमारीज ओम शांतिभवन में दो दिवसीय संस्कार समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कैंप के दूसरे और अंतिम दिन भी बच्चों ने भारी उमंग और उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस खास मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक अपने पूरे परिवार सहित उपस्थित रहे और बच्चों की प्रतिभा की जमकर सराहना की।

शिविर को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी नीरा बहन ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास में सबसे मुख्य भूमिका चरित्र नव-निर्माण की होती है। चरित्र की कमी के कारण ही आज समाज में हिंसा, दुख, अशांति और पारिवारिक क्लेश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति देव संस्कृति थी, जब भारत सोने की चिड़िया कहलाता था। देश को फिर से देवभूमि बनाने के लिए नैतिक पतन को रोकना होगा और इसके लिए बच्चों को ऐसी संस्कारशालाओं के माध्यम से मूल्यनिष्ठ जीवन जीने की कला सिखाना परम आवश्यक है।समापन अवसर पर बच्चों ने राष्ट्रगीत, फैंसी ड्रेस, मोनोएक्टिंग, जुंबा डांस, आध्यात्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कई मनोरंजक गेम्स के जरिए सबका मन मोह लिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अपने हाथों से सभी विजेता बच्चों को शील्ड, मेडल और गिफ्ट प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, डिप्टी सीएमओ प्रभाकर सिंह, कै. लालजी श्रीवास्तव और अजय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। शिविर की व्यवस्थाओं में ब्रह्माकुमारी संगीता, प्रियंका, शांति, सीमा तथा दिनेश, मोती, चंद्रपाल और नागेंद्र भाई ने योगदान दिया।

## पिता की डांट से क्षुब्धयुवती ने जहर खाकर दी जान

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चितौली में पिता की डांट से क्षुब्ध होकर एक 18 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, चितौली गांव निवासी स्व. दिनेश पासवान की पुत्री सुलोचना को किसी बात को लेकर परिवार में डांट-डपट दिया गया था, जिससे आहत होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल हरदो सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है।

# सपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में फर्जी वोट कटवाने का आह्वान



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बहुआ ब्लॉक में समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मान व मतदाता सूची निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि व महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रुक्मणि देवी निषाद ने निषाद समाज व महिलाओं के हक में सपा के योगदान को रेखांकित किया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने बूथ, सेक्टर व जोन प्रभारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भाजपा पर प्रत्येक विधानसभा में फर्जी वोट बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं को अलर्ट किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के मद्देनजर सजग रहकर फर्जी नाम कटवाएं और फॉर्म-6 के जरिए नए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाएं। कार्यक्रम में जिला महासचिव चैधरी मंज़र यार सहित भारी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- शैलेंद्र साहित्य सरोवर की 440वीं गोष्ठी संपन्न

# कवियों ने रचनाओं से दिया खाद्य सुरक्षा व सेहत का संदेश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेंद्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 440वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के.पी. सिंह कछवाह ने की और संचालन शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना के बाद विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर पढ़ा - सरस्वती मां, आइए, करो नमन स्वीकार। शब्द-अर्थ-नव राग का, दो कविता में सार।। खाद्य सुरक्षा दिवस पर, करें स्वास्थ्य का ध्यान। डरें मिलावट खोर सब, हो ऐसा अभियान।। इसके बाद डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने हनुमान जी को नमन करते हुए पढ़ा- राम-रसायन पान कर, राम हि राम पुकार। सिया राम में रमि रहे, भक्तों के सरदार।।

गोष्ठी में राम अवतार गुप्ता ने भी खाद्य सुरक्षा पर अलख जगाते हुए कहा- खाद्य सुरक्षा दिवस में, करें प्रतिज्ञा भारी। खाद्य सुरक्षा में लग जाएं, सब जग के नर-नारी।। स्वास्थ्य और खान-पान पर जोर देते हुए प्रदीप कुमार गौड़ ने सचेत किया- नमक, तेल, चीनी, मैदा का, यदि उपयोग घटा दें हम। तन-मन स्वस्थ रहे, बी.पी. फिट, अस्पताल के खर्चे कम।। वहीं डॉ. शिव सागर साहू ने मोटे अनाज की महत्ता बताते हुए पढ़ा- खाएं नित श्रीअन्न को, जीवन रहे निरोग। खाद्य दिवस पर कामना, स्वस्थ रहें सब लोग।। अंत में, गोष्ठी के आयोजक व संचालक शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने पुरुषोत्तम मास के महत्व पर सुंदर मुक्तक पढ़ा- इस जग में निष्काम कर्म ही, सर्वश्रेष्ठ पूजा है। निरासक्ति ही मोक्ष, मनुज को और न पथ दूजा है।। कार्यक्रम का समापन पुजारी जी के आशीर्वाद और आयोजक द्वारा व्यक्त किए गए आभार के साथ हुआ।

- सरकारी रेट 25 हजार, रजिस्ट्री 20 हजार में

# फतेहपुर सिविल लाइंस में लाखों की स्टाम्प चोरी का भंडाफोड़, अधिवक्ता देवेन्द्र प्रताप सिंह ने खोला मोर्चा

- असिस्टेंट स्टाम्प कमिश्नर से लिखित शिकायत के बाद निबंधन विभाग में हड़कंप, मुकदमा दर्ज कर जुर्माने के साथ वसूली की मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले के प्रशासनिक और भू-माफिया गलियारों में उस समय हड़कंप मच गया, जब वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रखर राजनीतिज्ञ देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम ने सरकारी राजस्व को चूना लगाने वाले एक बड़े खेल का पर्दाफाश कर दिया। भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस बार शहर के सबसे वीआईपी इलाके सिविल लाइंस में हुई एक रजिस्ट्री में सीधे-सीधे सर्किल रेट छिपाकर लाखों रुपये की स्टाम्प चोरी का पुख्ता सबूत अफसरों की मेज पर दे मारा है। इस बड़े खुलासे के बाद निबंधन विभाग यानी रजिस्ट्री दफ्तर के जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए हैं।

पूरा मामला सिविल लाइंस स्थित एक बेशकीमती प्लॉट के बैनामे से जुड़ा है, जिसे बीते 12 फरवरी 2024 को निष्पादित किया गया था। यह जमीन विक्रेता रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवकरन सिंह गौतम द्वारा क्रेता श्रीमती कल्पना रस्तोगी पत्नी मनोज कुमार रस्तोगी, निवासी 34, महादेवन टोला, फतेहपुर के हक में बेची गई थी। इस रजिस्ट्री में खेल यह हुआ कि जिस इलाके का सरकारी रेट आसमान छू रहा है, उसे कागजों पर बेहद सस्ता दिखाकर सरकार को मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी डकार ली गई।

वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम द्वारा सहायक स्टाम्प आयुक्त को सौंपे गए दस्तावेजी साक्ष्यों के मुताबिक, सरकारी मूल्य सूची के पेज नंबर 57 (सिविल लाइन-प्रारूप-1, आवंटित वी कोड संख्या-1180) में नई तहसील अस्ती चैराहे से बुलेट चैराहा होते हुए पत्थरकटा चैराहे तक का न्यूनतम सर्किल रेट 25,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय है। लेकिन शातिराना अंदाज में इस डीड के भीतर वहां का सर्किल रेट महज 20,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर दर्शाया गया और इसी दर पर पूरी रजिस्ट्री पास करा ली गई, जो सीधे तौर पर प्रति वर्ग मीटर 5,000 रुपये की स्टाम्प चोरी है।

इस स्टाम्प चोरी को कानूनी जामा पहनाने के लिए बकायदा गणितीय बाजीगरी भी की गई। बैनामे की शर्तों के अनुसार, करीब 142 वर्ग मीटर के इस प्लॉट की चैहद्दी (पूरब में महाबीर सिंह, पश्चिम में राजेश प्रताप, उत्तर में विनय तिवारी और दक्षिण में सड़क) तय करते हुए पहले जानबूझकर बेस रेट कम किया गया, फिर उस पर सड़क की चैड़ाई का हवाला देकर 30 प्रतिशत मालियत बढ़ाते हुए कुल कीमत 36,00,000 रुपये तय कर दी गई। यदि मूल्यांकन नियमतः 25,000 रुपये के असली सर्किल रेट पर होता, तो जमीन की कुल मालियत और उस पर मिलने वाला स्टाम्प टैक्स कहीं अधिक होता।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजनीतिज्ञ देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम ने सहायक स्टाम्प आयुक्त से लिखित तौर पर दो टूक मांग की है कि इस गंभीर वित्तीय जालसाजी के संदर्भ में तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके साथ ही, राजस्व को जो भारी चपत लगाई गई है, उसकी पाई-पाई सख्त जुर्माने के साथ दोषियों से वसूलने की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। अब देखना यह है कि दस्तावेजी सबूतों के साथ घिरे स्टाम्प विभाग के आला अफसर इस सिंडिकेट पर क्या हंटर चलाते हैं।

### तेहपुर के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में जीते पदक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मथुरा-वृंदावन में आयोजित तीसरी स्वामी विवेकानंद ए ओपन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। कड़े मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए अंजलि मिश्रा ने स्वर्ण पदक, आयुषी यादव ने रजत पदक और सानिध्य कुमार ने कांस्य पदक जीतकर मेडल तालिका में अपनी जगह पक्की की। इसके साथ ही टीम के अन्य प्रतिभावान खिलाड़ी आराध्या तिवारी, अवंतिका सिंह, आयुषी सिंह सेजवाल, शनाया श्रीवास्तव, मो0 अली, कुणाल साहू, अंश यादव, मो0 जावेद और अनुराग कुमार ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन कर मेडल अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस सफलता पर ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। कोच राजकुमार, भारत वर्मा और रिचा राजपूत के मार्गदर्शन में निखर कर सामने आई यह टीम आगामी 9 जून को फतेहपुर वापस लौटेगी। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने घोषणा की है कि गृह जनपद आगमन पर सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच का एसोसिएशन व खेल प्रेमियों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

### भाजपा असोथर मंडल की बैठक संपन्न, अभियानों पर चर्चा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के असोथर नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी असोथर मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी कुलदीप भदौरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने हैं, जिनमें सभी को सकारात्मक भूमिका निभानी है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर किए गए वृक्षारोपण की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है, और जनता के बीच दिख रहा यह सकारात्मक प्रभाव भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बैठक के जरिए पूर्व के कार्यों की समीक्षा और आगामी अभियानों की रूपरेखा तैयार कर उसे शक्ति केंद्रों के माध्यम से बूथों तक पहुंचाया जाता है। मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संगठन के सभी दिशा-निर्देशों को पूरी निष्ठा से पूरा करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर निर्मल सिंह चैहान, रामकुमार बाजपेई, आदित्य अग्निहोत्री, राघवेंद्र सिंह, गौरव सिंह गौतम, भीम सिंह, गीता देवी, रज्जन शुक्ला, शनि मिश्रा, देवशरन सिंह, विनोद बाल्मीकि, चन्द्रभान पासवान, महेश कालिया, सुखराज निषाद और मोदी महराज आदि मंडल व शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।

### नवागंतुक बीएसए का शिक्षामित्रो ने किया स्वागत

फतेहपुर। नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिन्सी मौर्य का आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसो. के पदाधिकारियों ने बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त अधिकारी को शुभकामनाएं दीं और संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस स्वागत समारोह के दौरान जिला महामंत्री शिवकुमार यादव, भिटौरा अध्यक्ष सोहनलाल लोधी, विजयीपुर अध्यक्ष देवेंद्र, हथगाम अध्यक्ष निर्मल सिंह सहित ओम शंकर पाल, योगेंद्र सिंह भदौरिया, के.के. पाण्डेय, सज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, इन्द्रपाल, इंद्रप्रकाश और शुभम आदि पदाधिकारी व शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक उत्थान समिति की बैठक में संगठन विस्तार

# रेलवे स्टेशन पर दलाली के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन का विस्तार किया गया। इसके तहत पूर्व सैनिक संतोष द्विवेदी (प्रधान प्रतिनिधि सरकंडी) व राजेंद्र शुक्ला (पूर्व ब्लॉक प्रमुख भिटौरा) को सर्वसम्मति से संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया, जबकि पूर्व सरकारी अधिवक्ता रामकृष्ण पांडे को कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने तीनों को माला पहनाकर और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नवनियुक्त संरक्षक राजेंद्र शुक्ला ने गायत्री महायज्ञ पुष्कर के अपने अनुभवों को भी सबके साथ साझा किया।

बैठक के दूसरे चरण में समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट आरक्षण में चल रहे दलालों के सक्रिय सिंडिकेट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे प्रशासन की कथित मिलीभगत से दलालों का नेटवर्क फल-फूल रहा है, जो जरूरतमंद यात्रियों से निर्धारित रेलवे किराए के अतिरिक्त एक से 02 हजार रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। इसके साथ ही स्टेशन के सामने स्थित मोटर साइकिल स्टैंड पर तय शुल्क से अधिक पैसे वसूलने और विरोध करने पर मारपीट व विवाद करने का मामला भी सामने आया। समिति ने इस पूरे घटनाक्रम को अत्यंत गंभीर मानते हुए शीघ्र ही डिविजनल रेलवे मजिस्ट्रेट प्रयागराज को ज्ञापन भेजकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है।

## खबर एक नज़र

### रालोद के क्षेत्रीय महासचिव बने आकाश भदौरिया, बधाई



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चैधरी की मंशानुरूप व प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन पर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के फतेहपुर जिला युवाध्यक्ष आकाश सिंह भदौरिया को राष्ट्रीय लोकदल में प्रयाग क्षेत्र का क्षेत्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। उनके इस मनोनयन से स्थानीय व्यापारियों और युवाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है, जिस पर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष मनोज साहू, श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, संदीप श्रीवास्तव और जय किशन आदि ने आकाश भदौरिया को पुष्पहार पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर नेताओं ने उन्हें एक कर्मठ व समर्पित युवा नेता बताते हुए उम्मीद जताई कि उनके इस पद पर आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और युवाओं व व्यापारियों की आवाज बुलंद होगी।

### मंत्री की धौंस दिखाना सपा नेता को पड़ा महंगा

- अमेरिकन अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। स्वास्थ्य विभाग की टीम को एक मंत्री का रिश्तेदार बताकर धौंस जमाने और प्रशासनिक काम में व्यवधान डालने का प्रयास अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक व सपा नेता रामनरेश पटेल को भारी पड़ गया। दरअसल, शनिवार को शहर के बिंदकी बस स्टॉप के समीप संचालित अमेरिकन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान सपा नेता रामनरेश पटेल ने खुद को मंत्री का करीबी बताकर टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया।

रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोबारा सेंटर पर पहुंचकर गहन जांच की। जांच के दौरान आवश्यक अभिलेखों और नियमों के अनुपालन में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या धौंस बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस त्वरित कार्रवाई के बाद जिले के अन्य निजी चिकित्सा संस्थानों में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### हिकमतउल्ला पार्क में गुंडागर्दी करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। शहर के चर्चित हिकमतउल्ला पार्क मारपीट कांड में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार की शाम पार्क में महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी के बीच कुछ दबंग युवकों ने एक युवक को घेरकर बेल्ट और धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर इलाके में दहशत फैला दी थी। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस गुंडागर्दी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कोतवाली पुलिस को तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को धर दबोचा और उनके खिलाफ कोतवाली में बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की। एसपी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अपना दल (एस) की मासिक बैठक में पंचायत चुनाव पर हुआ मंथन

फतेहपुर। अपना दल (एस) की मासिक बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल ने किया। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक घर पर पार्टी का नेमप्लेट व झंडा लगाने के अभियान को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने आगामी 2 जुलाई को पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। संगठन विस्तार के तहत मोइन खान को जिला उपाध्यक्ष, गुलाब सिंह को जिला उपाध्यक्ष (संस्कृति मंच) तथा तसीन रजा को सदर विधानसभा अल्पसंख्यक मंच का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### फिट इंडिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार सुबह इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और स्पोर्ट्स स्टेडियम के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस भवन से स्पोर्ट्स स्टेडियम तक निकाली गई इस रैली को जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. निशात शहाबुद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। रैली में स्टेडियम के खिलाड़ियों, विभिन्न इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने साइकिल चलाओ-पर्यावरण बचाओ और पानी बचाओ-जीवन बचाओ के नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। इस दौरान वक्ताओं ने उत्तम स्वास्थ्य, ईंधन की बचत और प्रदूषण नियंत्रण के लिए दैनिक जीवन में साइकिल का अधिकतम उपयोग करने की अपील की।

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर युविस ने चलाया जागरूकता अभियान

फतेहपुर। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर युवा विकास समिति द्वारा जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को भोजन की बर्बादी रोकने, खाद्य संसाधनों के संरक्षण और जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने के प्रति जागरूक करना रहा। समिति के कार्यकर्ताओं ने पोस्टरों और जितनी भूख-उतना ही भोजन लें जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी और समिति के पदाधिकारियों ने संदेश दिया कि भोजन की बर्बादी रोकना केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विवाह समारोहों और घरेलू स्तर पर भोजन के उचित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया ताकि खाद्य सामग्री व्यर्थ न जाए और बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचाकर मानवता की सेवा की जा सके।

### दहेज की बलिवेदी पर चढ़ी नवविवाहिता

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कश्मीरी में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों द्वारा एक नवविवाहिता को कथित तौर पर जहर देकर मार डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के भाई शिवम (निवासी जोनिहां, बिंदकी) के अनुसार, उसने अपनी बहन रानी की शादी 10 मई 2025 को राहुल यादव के साथ की थी, लेकिन शादी के कुछ महीने बाद ही पति राहुल, देवर रोहित, सास लक्ष्मी, ससुर हंसराज और ननदों ने अपाचे बाइक और दो लाख रुपये नकद की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर शनिवार की शाम ससुराल वालों ने रानी के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। गंभीर हालत में परिजन उसे बिंदकी सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर कानपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## प्रकृति से तालमेल

ऋतुचक्र अपने हिसाब से चलता है जिसमें अलग-अलग मौसम अपने ढंग से आते-जाते रहते हैं। गर्मी भी इनमें एक है। लेकिन सदियों से चला आ रहा यह सिलसिला अब तेजी के साथ बदल रहा है। पिछले दस साल दुनियाभर में अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लोगों ने अपने आसपास की जलवायु को बदल दिया है। अपने घर और शहर बनाने का तरीका, जीवनशैली और प्रकृति के साथ संबंध- सब कुछ एक नए ढर्रे पर चलने लगे हैं। चूंकि इन सबमें प्रकृति को चुनौती देने का भाव रहता है कि हम तो यह करेंगे। भले ही इसका अंजाम कुछ भी हो तो इसका जवाब भी मिल रहा है। नतीजा यह है कि गर्मी लोगों के जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे के सभी पक्षों को प्रभावित कर रही है। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक चार में से तीन भारतीय ऐसे राज्यों में रहते हैं जहां प्रतिवर्ष गर्मी का खतरा बना रहता है। वहीं, बहुत अधिक गर्म दिनों की संख्या बढ़ रही है लेकिन गर्म रातों की संख्या इससे भी तेजी से बढ़ रही है। इसका मानव स्वास्थ्य पर अधिक गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथ ही गर्मी के मौसम मे उमस (आर्द्रता) बढ़ रही है जिससे उत्तर भारत और सिंधु गंगा के मैदानी क्षेत्र अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अभी केरल में तो मानसून की आमद हो चुकी है लेकिन देश के अधिकतर हिस्सों में पारा अभी भी चालीस डिग्री के पार है। कई जगहों पर तो यह पैंतालीस और अड़तालीस के स्तर को छू रहा है। ऐसी असामान्यता के खतरों को अच्छी तरह से समझा जा सकता है। इसमें भी कोई शक नहीं कि गर्मी का यही स्वरूप अब हर बार सामने आएगा और इसकी अवधि पहले की अपेक्षा ज्यादा लंबी होगी। तब सवाल उठता है कि कुदरत के ऐसे कोप से बचने के लिए क्या किया जाना चाहिए। पहली बात तो यह कि लोगों को अपने बचाव के अधिकतम इंतजाम करने चाहिए। लेकिन इनकी भी एक सीमा है। बड़ी बात यह है कि ऐसे बेहिसाब मौसम के कारणों को दुरुस्त करने की पहल हो और यह काम मुख्य रूप से समाज के अग्रणी वर्ग और सरकार को ही करना होगा। पर्यावरण विशेषज्ञों और मौसम वैज्ञानिकों के परामर्श इसके लिए अधिक उपयोगी होंगे जिनके अनुसार व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। साथ ही उद्योगों और प्रतिष्ठानों को इसके लिए व्यापक कदम उठाने होंगे क्योंकि उनका संबंध समाज के ज्यादातर लोगों से होता है। प्रकृति के साथ समावेशी कदम उठाना समस्या समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह काम केवल एक-दो राज्यों की सरकारों, गिनी-चुनी संस्थाओं से नहीं होगा बल्कि इसके लिए गंभीर रूप से पूरे देश के स्तर पर प्रयास किए जाने होंगे।

## न्यायालय का कथन

सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी, लापरवाही, उदासीनता आदि इस तरह हावी होती जा रही है कि उनका खामियाजा आम जनता को अनावश्यक खर्च और भागदौड़, शोषण व उत्पीड़न तथा सरकार को बड़ी राजस्व क्षति के रूप में उठाना पड़ता है। इसके भी तमाम उदाहरण सामने आते रहते हैं कि गलत ढंग से किए जाने वाले ऐसे कामों कुछ संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत होती है। कई मौकों पर तो वे खुद ही इसका चलन बना देते हैं। ऐसी बातों को वरिष्ठ विभागीय अधिकारी किसी न किसी वजह से नजरअंदाज कर देते हैं जिससे बेइमानों की मनमानी धड़ल्ले से चलती रहती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार से सुपीरियर रेस्पांसिबिलिटी यानी वरिष्ठ जिम्मेदारी का सिद्धांत विकसित करने के लिए कहा है। इसके अंतर्गत अधीनस्थों के भ्रष्टाचार, लापरवाही या अदालती आदेशों की अवहेलना करने पर उनके वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रशासनिक और आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। न्यायालय का कहना है कि राज्य को उच्च जिम्मेदारी का सिद्धांत अपनाना चाहिए जिसके तहत प्रशासनिक पदानुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। उसने यह भी कहा है कि उचित मामलों में उन्हें अपने अधीन काम करने वालों द्वारा किए गए गलत कामों को रोकने या दंडित करने में उनकी विफलता के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्हें अपने अधीनस्थों के आचरण और प्रदर्शन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। न्यायालय का यह कथन सरकारी कामों की व्यावहारिक और सैद्धांतिक, दोनों तरह की जरूरत है। यह इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण तथा गंभीरता से ध्यान देने योग्य है क्योंकि गलत काम या गलता आचरण करने वाले विभाग में उच्च स्तर तक ऐसा काकस तैयार कर लेते हैं जो सही आवाज को उठने ही नहीं देता। विगत में ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को महत्वहीन कर देना इसी का उदाहरण है।

## काँव-काँव


◆◆◆

**दस साल पहले यूपी में असुरक्षित माहौल-योगी**
अब लोग सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर हैं!
**वैश्विक संकटों के बीच नयी अर्थ रणनीति-मोदी**
घने जंगल कटवाकर जमीनें कार्पोरेट के हवाले?
**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय अवैध**
बंदरों के हाथ में उस्तरे वैसे किसने दे रखे हैं ?
**जीडीपी में वृद्धि मजबूती का प्रमाण है-राजनाथ**
बेरोजगारी में बढ़त रामराज्य का परिणाम है!
**तिब्बत पर चीन की पकड़ मजबूत होने का दावा**
अटल तिब्बत पर चीन का दावा मान आये थे!
**केंद्र सरकार हर क्षेत्र में नाकाम-अभिजित दिपके**
सीजेपी-बीजेपी की धींगामुश्ती सबको मुबारक!

◆◆◆

# व्यवस्था के भीतर भी भरी है 'कॉकरोच'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय



-तनवीर जाफ़री

घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हज़ारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकट्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। जेन ज़ी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। ग़ौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET, UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोज़गार छात्रों का आक्रोशित होना स्वभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि 'कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है। ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं'। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोज़गारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौक़े की नज़ाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफ़ाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फ़र्ज़ी डिग्रियों और ग़लत तरीक़ों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है' और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं'। परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का नाराज़ युवा पीढ़ी जेन ज़ी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नाम से पहले एक मज़ाक़िया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, X (ट्विटर) जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर तेज़ी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ़ 5 दिन में 1.87 करोड़ फ़ॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका X (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया। जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफ़ाई दिये जाने के बावजूद 'कॉकरोच' की परछाईं उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में 'आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) और अंतरराष्ट्रीय क़ानून' विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोज़गार युवाओं को 'कॉकरोच' बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नज़र आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल 'कॉकरोच' जनता पार्टी के गठन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय




छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ़ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाज़ुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान,प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोज़गार बताया था।

उन्होंने कहा था कि बेरोज़गार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं। यह बयान उस समय छात्रों में भारी आक्रोश पैदा कर गया था। छात्रों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी कि बेरोज़गारी का समाधान भीख मांगना नहीं बल्कि सही रोज़गार सृजन है। इसी वाइस चांसलर ने छात्रों को हिंसा करने के लिये भी उकसाया था। गोया पूरी शिक्षा प्रणाली को ही साम्प्रदायिकता का कलेवर चढ़ा कर नए ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर ग़रीबों के बच्चों की शिक्षा का एकमात्र सहारा समझे जाने वाले देशभर के लाखों सरकारी विद्यालय बंद हो चुके हैं। जबकि नित नए निजी व मंहगे स्कूल कॉलेज व यूनिवर्सिटीज़ खुलते जा रहे हैं। जोकि आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार की ऐसी ही नाकामी व अनदेखी की वजह से ही आज 'कॉकरोच' केवल व्यवस्था के बाहर ही नहीं इस व्यवस्था के भीतर भी भरी पड़ी है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

मैं आपको वैसे ही अर्थात् पहले की ही तरह शिर पर मुकुट धारण किये हुए, हाथ में गदा और चक्र लिये हुए देखना चाहता हूँ। इसलिये हे विश्वरूपे! हे सहस्त्रबाहो! आप अपने उसी चतुर्भुज स्वरूप में होइए। कौन-सा रूप देखना चाहा? चतुर्भुज रूप! अब देखना है कि चतुर्भुज रूप है क्या?-

श्रीभगवानुवाच मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं 1981ए रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्। तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ।।47।। इस प्रकार अर्जुन की प्रार्थना सुनकर श्रीकृष्ण बोले-अर्जुन ! मैंने अनुग्रहपूर्वक अपनी योगशक्ति के प्रभाव से अपना परम तेजोमय, सबका आदि और सीमारहित विश्वरूप तुझे दिखाया है, जिसे तेरे सिवाय दूसरे किसी ने पहले कभी नहीं देखा। न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानै-र्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः। एवंरूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर।। 48 ।। अर्जुन ! इस मनुष्यलोक में इस प्रकार विश्वरूपवाला मैं न वेद से, न यज्ञ से, न अध्ययन से, न दान से, न क्रिया से, न उग्र तप से और न तेरे सिवाय किसी अन्य से देखा जाने को सम्भव हूँ अर्थात् तेरे सिवाय यह रूप अन्य कोई देख नहीं सकता। तब तो गीता आपके लिये बेकार है। भगवद्दर्शन की भी योग्यताएँ अर्जुन तक सीमित रह गयीं, जबकि पीछे बता आये हैं कि- अर्जुन ! राग, भय और क्रोध से रहित अनन्य मन से मेरी शरण हुए बहुत से लोग ज्ञानरूपी तप से पवित्र होकर साक्षात् मेरे स्वरूप को प्राप्त हो चुके हैं। यहाँ कहते हैं- तेरे सिवाय न कोई देख सका है और न भविष्य में कोई देख सकेगा। अतः अर्जुन कौन है? क्या कोई पिण्डधारी है? क्या कोई शरीरधारी है? नहीं, वस्तुतः अनुराग ही अर्जुन है। अनुरागविहीन पुरुष न कभी देख सका है और न भविष्य में कभी देख सकेगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

# बढ़ता शहरीकरण गर्मी में ज्यादा बीमार कर रहा है

आधुनिकता और अनियंत्रित विकास के इस दौर में हमारे महानगर रहने लायक ठिकाने कम और 'तपते तवे' अधिक बन चुके हैं. बुनियादी ढांचे का चरमराना, 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप) का बढ़ता प्रभाव, पानी का गंभीर संकट और उस पर से बेहिसाब बिजली कटौती. इन सबने

- पंकज चतुर्वेदी

मिलकर आम जन के जीवन को एक दुःस्वप्न में बदल दिया है. यह संकट अब केवल शारीरिक थकावट या पसीने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर लोगों को गंभीर रूप से शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार बना रहा है।

प्रकृति का यह नियम रहा है कि सूर्यास्त के बाद धरती ठंडी होती है और रातें सुकून देती हैं. पर हमारे महानगरों में यह प्राकृतिक चक्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, जिसका मुख्य कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव है. जब किसी शहर में पेड़-पौधों, तालाबों और खुली जमीनों को खत्म कर वहां डामर की सड़कें, कंक्रीट की बहुमंजिला इमारतें और कांच से ढके टावर खड़े कर दिये जाते हैं, तो वे दिनभर सूरज की गर्मी को अपने भीतर सोख लेते हैं. रात के समय, जब तापमान कम होना चाहिए, ये कंक्रीट के ढांचे उस सोखी हुई गर्मी को वापस वातावरण में छोड़ना शुरू करते हैं. 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' के वैज्ञानिक अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के बड़े महानगरों में रात का तापमान ग्रामीण या खुले क्षेत्रों की तुलना में पांच से सात डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

इसका अर्थ है कि महानगरों में रातें अब दिनों से भी अधिक भारी और उमस भरी हो रही हैं. रात की इस उमस में जब बिजली कटौती का झटका लगता है, तो नागरिक पूरी तरह असहाय हो जाता है. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें लगातार सचेत कर रही हैं कि अत्यधिक गर्मी और लगातार अधूरी नींद मनुष्य के शरीर के भीतर तापमान नियंत्रित करने की क्षमता को नष्ट कर देती है. जब लगातार कई दिनों तक मनुष्य की नींद पूरी नहीं होती, तो शरीर में तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन 'कोर्टिसोल' अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगता है. यही कारण है कि लोग गंभीर और अचानक उभरने वाली बीमारियों के शिकार हो रहे हैं. देश के बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों की आपातकालीन ओपीडी के आंकड़े बताते हैं कि मई-जून के महीनों में हीट स्ट्रोक, अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर डिहाइड्रेशन और किडनी फेलियर के मामलों में एक-तिहाई से ज्यादा की वृद्धि देखी जा रही है।



इस पूरे संकट का सबसे भयावह पहलू महानगरों में मानसिक रोगियों की बढ़ती फौज है. 'द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ' में प्रकाशित एक वैश्विक शोध के अनुसार, तापमान में प्रति एक डिग्री की वृद्धि से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और अवसाद के मामलों में दो प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है. लगातार अनिद्रा और शारीरिक कष्ट के कारण लोग गंभीर चिड़चिड़ेपन, घबराहट और क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं. जब एक व्यक्ति रातभर बिना बिजली के तड़पता है और बिना सोये अगले दिन काम पर जाता है, तो उसकी मानसिक सहनशीलता समाप्त हो जाती है। महानगरों में घरेलू हिंसा, सड़कों पर मामूली बातों पर होने वाली 'रोड रेज' की हिंसक घटनाएं और दफ्तरों में कर्मचारियों के बीच बढ़ते टकराव के पीछे इस 'थर्मल स्ट्रेस' का बहुत बड़ा हाथ है। मनोचिकित्सकों के अनुसार, इन दिनों ओपीडी में आने वाले हर पांचवें मरीज में अनिद्रा और गर्मी जनित मानसिक तनाव एक मुख्य कारण बनकर उभर रहा है. गर्मी के दिनों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई या लखनऊ जैसे शहरों के उपनगरों और रिहायशी सोसाइटियों में हाहाकार मचा रहता है. ट्रांसफॉर्मर फुंकने और केबल जलने की घटनाएं आम हैं. ऐसे में अमीर वर्ग तो डीजल जनरेटरों के सहारे कुछ राहत पा लेता है, पर मध्यम और निम्न वर्ग के लोग कंक्रीट के छोटे-छोटे कमरों में 'तंदूर' की तरह पकने को मजबूर हैं।

यदि हमें अपने शहरों को बीमारों का घर बनने से रोकना है, तो नये और साहसिक कदम उठाने होंगे. इस दिशा में एक अत्यंत व्यावहारिक और त्वरित समाधान यह हो सकता है कि प्रशासन दिन के बजाय रात के समय आवासीय परिसरों और कॉलोनियों की सड़कों पर स्प्रिंकलर ट्रकों को लगातार चलाये. दिन के समय पानी छिड़कने से वह तुरंत भाप बन जाता है और उमस को और बढ़ा देता है. पर रात के समय सड़कों और कंक्रीट के ढांचों पर लगातार पानी का छिड़काव करने से 'अर्बन हीट आइलैंड' के प्रभाव को सीधे तौर पर कम किया जा सकता है. इससे डामर और कंक्रीट द्वारा सोखी गयी गर्मी शांत होगी, जिससे रात के तापमान में कमी आयेगी और बिजली कटौती के दौरान भी लोगों को कुछ राहत मिल सकेगी।

साथ ही, शहरी नियोजन में 'व्हाइट रूफिंग' को बढ़ावा देना और बिजली वितरण प्रणाली को सौर ऊर्जा के ग्रिड से जोड़कर मजबूत करना होगा. जलवायु परिवर्तन के इस दौर में यदि हमने अपने शहरों के बुनियादी ढांचे को पर्यावरण के अनुकूल और मानवीय नहीं बनाया, तो आने वाले समय में हमारी उत्पादक जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा अस्पतालों के चक्कर काटने और मानसिक अवसाद से जूझने में ही अपनी ऊर्जा गंवा देगा. यह अलार्म बेल है, जिसे हमारे नीति-नियंताओं को तुरंत सुनना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा।

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो। बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था। पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

## आपका पत्र मिला

### सबकी जड़ चन्दा और भ्रष्टाचार

लोग सच माने या झूठ. किन्तु राजनीतिक चन्दा और देश की रग-रग में समाया हुआ भ्रष्टाचार ही पेपर का लीक होना, कानून-व्यवस्था का कमजोर होना, भाई-भतीजावाद फैलना, जनसामान्य के काम आसानी से न होना, नकली/असली दवाइयों/वस्तुओं का बिकना, भवनों की जांच न होकर आग की घटनाएँ बढ़ना, मेधावियों को नौकरी न मिलना, परीक्षाएं फिर चाहे चयन आयोग से होना या सीबीएसई, महंगाई व्यापम अथवा नीट आदि से होना और पेपर लीक होना या समय पर रिजल्ट न निकलने/गड़बड़ी होने से अभ्यार्थियों के सालों-साल ख़राब होना या एज-बार होना, शिक्षा और इलाज का महँगा होना, महंगाई का बढ़ना, चुनावी चन्दा, फिर चाहे उम्मीदवार से प्राप्त करना या व्यापारियों/उद्योगपतियों से कहीं न कहीं ये भी भ्रष्टाचार को बढ़ाने में पीछे नहीं है. ऐसी अनेक बातें हैं जो सरकार की अव्यवस्थाओं की और इंगित करती है. क्योंकि जब भ्रष्टाचार की गंगा उलटी याने उपर से बहेगी तब नीचे वालों को कौन रोकेगा? ऐसा नहीं है कि ये सब आज ही हुआ है।

पिछले अनेक वर्षों से यह गतिमान हो रहा है. पहले कम रहा होगा किन्तु समय के साथ इसने भस्मासुर का रूप ले लिया है. अतः भ्रष्टाचार पर लगाम लगना बहुत जरुरी है ताकि उससे समाज/सरकार में फैली अनेक बीमारी दूर हो सके. क्योंकि ये अब सर चढ़ कर बोलने लगा है.

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# पैंट स्टाइल सूट में पाएं एलिगेंट लुक



ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए सूट बेस्ट ऑप्शन है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड के साथ सूट-सलवार आपको कई सारे नए ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इन सूटस को आप सारे खास मौकों पर स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने फैशन में कुछ न्यू ट्विस्ट लाना चाहती हैं, तो पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट न्यू और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है, और इस तरह के सूट में आपका लुक बहुत ही अच्छा लगेगा। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पैंट स्टाइल सूट दिखा रहे हैं। इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लगेगा। साथ ही, सूट्स में आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।

**प्रिंटेड सूट**

सिंपल और अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंटेड सूट स्टाइल कर सकती हैं। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस सूट में अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग गोल्ड प्लेटेड इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।


**एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट**

किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद एक रॉयल टच आता है। इन सूट को आप किसी भी पार्टी या फंक्शन में वियर कर सकती हैं। ये सूट आपको ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे। इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप मोजड़ी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, मिरर वर्क झुमके इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के बेस्ट रहेंगे।

**थ्रेड वर्क सूट**

ऑफिस में क्लासी और एलीगेंट लुक पाने के लिए आप थ्रेड वर्क सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट स्टाइल करने के दौरान आप कंफर्टेबल रहेंगी, साथ ही, स्लिम भी नजर आएंगी। यह सूट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स में मिल जाएंगे, जिन्हें आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

# मुगलों ने भारत में बनवाई थी ये ऐतिहासिक इमारतें





भारत की धरती पर मुगल शासकों ने बेहद शानदार और विशाल इमारतों का निर्माण करवाया था, जो आज भी भारतीय इतिहास और वास्तुकला का गौरव बनकर खड़ी हैं। ये इमारतें न केवल मुगल काल की समृद्धि और शक्ति का प्रतीक हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और कला का भी एक बेशकीमती खजाना हैं। यह भव्य स्मारक आज भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, आइए जानते हैं ऐसी ही 10 खूबसूरत इमारतों के बारे में, जिनका निर्माण मुगलों ने करवाया था।

**ताजमहल, आगरा–**
भारत और विश्व में सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक, ताजमहल, प्यार का एक प्रतीक है। यमुना नदी के किनारे स्थित इस भव्य मकबरे को मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया था। शुद्ध संगमरमर से निर्मित, ताजमहल की खूबसूरती देखते ही बनती है। इसकी नाजुक नक्काशी और समृद्ध डिजाइन भारत की कला और संस्कृति की समृद्धि को दर्शाते हैं। वर्ष 1983 से, ताजमहल यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है।

**लाल किला, दिल्ली–**
शाहजहां द्वारा बनवाया गया लाल किला, भारत की सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारतों में से एक है। लाल बलुआ पत्थर से बने इस किले का निर्माण 1639 में शुरू हुआ था। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल इस किले का इस्तेमाल आज भी राष्ट्रीय उत्सवों के लिए किया जाता है।

**कुतुब मीनार, दिल्ली–**
कुतुब मीनार दुनिया की सबसे ऊंची मीनारों में से एक है। इसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1200 ईस्वी में शुरू किया था और बाद में अन्य मुगल शासकों द्वारा इसे पूरा किया गया। यह लाल बलुआ पत्थर से बना एक विशाल स्तंभ है, जो अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

**जामा मस्जिद, दिल्ली–**
शाहजहां द्वारा बनवाई गई जामा मस्जिद, दिल्ली की सबसे बड़ी मस्जिद है। मुगल वास्तुकला का एक उत्कृष्ट नमूना होने के कारण यह मस्जिद अपनी भव्यता के लिए जानी जाती है और भी देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है।

**बुलंद दरवाजा, फतेहपुर सीकरी–**
बुलंद दरवाजा, जिसका अर्थ है जीत का द्वार, महान मुगल सम्राट अकबर द्वारा वर्ष 1601 में गुजरात पर विजय प्राप्त करने के मौके पर बनवाया गया था। आगरा के निकट स्थित फतेहपुर सीकरी में स्थित यह स्मारक दुनिया का सबसे ऊंचा प्रवेश द्वार है। इसकी भव्यता और वास्तुकला मुगल साम्राज्य की शक्ति और समृद्धि को दर्शाती है।

**हुमायूं का मकबरा, दिल्ली–**
हुमायूं का मकबरा मुगल बादशाह अकबर ने अपनी पिता की याद में बनवाया था। यह लाल बलुआ पत्थर से बना एक विशाल मकबरा है, जो अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है।

**बीबी का मकबरा, औरंगाबाद–**
क्या आप जानते हैं कि औरंगाबाद में एक मिनी ताजमहल है? बीबी का मकबरा नामक यह स्मारक, औरंगजेब के बेटे आजम शाह द्वारा अपनी मां के लिए बनवाया गया था। इसकी खूबसूरती और शानदार डिजाइन आपको ताजमहल की याद दिला देगा।

**जामिया निजामिया, भोपाल–**
जामा निजामिया मुगल बादशाह आसफ जाही द्वारा बनवाया गया एक मदरसा है। यह एक विशाल परिसर है, जिसमें कई कक्षाएं, मस्जिदें, और बागान शामिल हैं। बता दें, जामा निजामिया भारत की सबसे बड़ी मदरसों में से एक है।

**आगरा का किला–** आगरा का किला, ताजमहल के बाद आगरा का सबसे प्रसिद्ध स्मारक है। शाहजहां द्वारा बनाया गया यह किला यूनेस्को की विश्व धरोहर है और दिल्ली के लाल किले से प्रेरित है। किले के अंदर कई ऐतिहासिक इमारतें और बाग हैं।

**मोती मस्जिद, आगरा–** आगरा किले के अंदर स्थित मोती मस्जिद, शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया एक सफेद संगमरमर का खूबसूरत स्मारक है। 1647 में शुरू हुआ इसका निर्माण 1654 में पूरा हुआ था। अपनी चमकदार सतह के कारण इसे मोती मस्जिद कहा जाता है।

# तनाव और चिंता जैसी समस्याओं से निजात दिलाता है संगीत



संगीत सुनना ज्यादातर लोगों को बहुत पसंद होता है। इससे हमारा मूड बहुत अच्छा होता है। जब हम कोई खराब गाना या धुन सुन लेते है तो तब हम मायूस हो जाते है। लेकिन अच्छे म्यूजिक से मूड फ्रेश होता है। एक अच्छे संगीत से हमारा मूड ही अच्छा नहीं होता बल्कि इसका हमारी सेहत पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है। इसे म्यूजिक थेरेपी या संगीत चिकित्सा कहा जाता है। म्यजिक थेरेपी एक तरह की चिकित्सा ही है। जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करती है। ये हमारे दिल और दिमाग के लिए भी काफी लाभदायक माना जाता है। जब हम स्ट्रेस में होते है या एंग्जायटी महसूस करते है तो संगीत सुनना फायदेमंद होता है।

**संगीत सुनने के फायदे :**

**खुद से प्यार करना सिखाता है म्यूजिक**

जब आप स्ट्रेस फ्री होंगे, तभी खुद से प्यार करना सीख पाएंगे। जब आप अपने आप को समय देने की रूटीन बना लेंगी। म्यूजिक इस काम को बहुत जल्दी और अच्छी तरह सिखा देता है। **बुजुर्गों के लिए फायदेमंद :** बुजुर्गों में अन्य लक्षणों को कम करती है म्यूजिक थेरेपी। यह पार्किंसन और अल्जाइमर के रोगियों के लिए भी प्रभावी हो सकती है।

**एक्सप्रेशन और कम्युनिकेशन में सुधार :** -

अगर आपको स्वयं की अभिव्यक्ति और दूसरों से संवाद स्थापित करने में दिक्कत होती है।तो म्यूजिक थेरेपी आपकी मदद करेगी।अगर बच्चों में एंग्जायटी के कारण मनोविकार पैदा हुए है तो म्यूजिक थेरेपी उनकी मदद करेगी।

**डिप्रेशन में असरदार :**

म्यूजिक थेरेपी स्ट्रेस के कारण होने वाली इनसोमनिया, डिप्रेशन आदि जैसी मानसिक बीमारियों को दूर करने में मदद करती है।

**शरीर के दर्द को करता है कम :**

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो अगर आपके शरीर में दर्द का निवारक भी म्यूजिक है। इसे धीमी आवाज में सुनने से दर्द काफी हद तक कम होता है।

# गर्मी में सिर्फ त्वचा नहीं, आंखों की सेहत पर भी दीजिए ध्यान

गर्मी के मौसम में कई लोग आंखों में जलन, लालपन, सूखापन या धुंधलापन जैसी समस्याओं को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विशेषज्ञ बताते हैं कि आंखों में होने वाले कुछ बदलाव सिर्फ मौसम का असर नहीं, बल्कि किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकते हैं। इसलिए आंखों के संकेतों को समझना बेहद जरूरी है। गर्मी का असर आपको शरीर पर साफ नजर आता है, लेकिन उन्हें देखने वाली आंखों का क्या? असल में बढ़ते तापमान, धूल और तेज धूप के कारण आंखों की नमी कम होने लगती है, जिससे जलन, खुजली और चुभन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में इस मौसम में आंखों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है, ताकि संक्रमण और एलर्जी से बचा जा सके।

**आंखों को सीधी धूप से बचाएं–**
दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तापमान सबसे ज्यादा गरम होता है। इस समय सूरज की तेज रोशनी और हानिकारक यूवी रेज आंखों पर सीधा असर डालती हैं। ऐसे में लंबे समय तक तेज धूप में रहने से आंखों में जलन, लालिमा, खुजली, पानी आना, सूखापन और धुंधला दिखाई देने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही आंखों की रोशनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए कोशिश करें कि इस समय बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें।

**यूवी रेज का आंखों पर असर–**
20 से 25 प्रतिशत लोगों को तेज धूप और यूवी किरणों के संपर्क में रहने से आंखों में सूखापन, जलन और लालिमा की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक धूप में रहने से मोतियाबिंद और कॉर्निया को नुकसान होने का खतरा 2 से 3 गुना बढ़ जाता है। बाहर काम करने वाले लगभग 30 प्रतिशत लोगों में आंखों की बीमारियों या नजर कमजोर होने का जोखिम पाया जाता है।

## आंधी



-डॉ. आशा रस्तोगी

प्रचंड आंधी के झोंकों ने, वृक्षों को झकझोर दिया।
बन महाकाल मारुत ने, उनका जीवन से नाता तोड़ दिया।
आंधी के चलते ही कुछ हिलेडुले कुछ मिलेजुले,
कुछ मिल जुलकर भी विलग हुए।
कुछ हुए धराशाही भू पर,
कुछ तूफानों में हवा हुए।
वे शक्तिहीन वृक्ष थे, जिनको आंधी ने मिटा दिया।
बन महाकाल मारुत ने, उनका जीवन से नाता तोड़ दिया।
आंधी आई और चली गयी,
दृढ़ वृक्षों को वह छोड़ गई।
वे नहीं गिरे भूतल पर,
झोंकों से पीड़ित होकर।
वे रहे अडिग स्वस्थल पर, आंधी ने उनका कुछ न किया।
मुँह की खाकर ही बस, अपने को बदनाम किया।
जीवन के तूफानों में भी,
जो अडिग बना दृढ़ वृक्ष सदृश।
आंधी और तूफानों में,
वह खड़ा रहा अमर बनकर।
उस सहन शील प्राणी ने, आंधी का अपमान किया।
भर पुरुषार्थ स्वयं अपने में, आंधी को धिक्कार दिया।
जीवन में बहुतेरी आँधियाँ आती रहतीं,
अपने वेग प्रतापों को दिखलाती रहतीं।
भयभीत न हो इन झूठे झोंकों से,
है नहिं गहराई इनमें।
नहीं शक्ति ज्यादा है इनमें,
जितना सोचा है तुमने।
धिक्कारों आंधी को, नहिं तुमने उसे प्यार किया।
तुम आगे बढ़ते जाओगे यदि उसका तिरस्कार किया।

# इन चीजों के तुरंत बाद न करें ब्रश



शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के तरह ओरल हेल्थ का भी ध्यान रखना जरुरी है। लेकिन कुछ चीजों के तुरंत बाद दांतों में ब्रश करने के ओरल हेल्थ को नुकसान भी हो सकता है। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि कब ब्रश नहीं करना चाहिए। सुबह उठकर ब्रश करना अच्छी आदत है लेकिन नाश्ता करने के बाद तुरंत ब्रश न करें क्योंकि खाने के बाद खाए गए हाई एसिड वाले फूड्स के कण दातों के ऊपर जम सकते हैं। जिसके कारण आपके दांतों की सुरक्षा पहुंचने की जगह उसकी बाहरी कठोर परत इनेमल को नुकसान हो सकता है। ऐसे में नाश्ता करने के 30 मिनट बाद तक दांतों में ब्रश न करें। मीठा खाने के तुरंत बाद भी ब्रश नहीं करना चाहिए। क्योंकि मीठे में मौजूद कण दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके कारण सेंसिटिविटी की समस्या बढ़ जाती है। मीठे में कार्बोहाइड्रेटेड बैक्टीरिया मौजूद होते हैं ऐसे में यह दांतों को नुकसान पहुंचा सकता है। यदि आपको अभी उल्टी हुई है तो उसके तुरंत बाद भी ब्रश न करें। उल्टी आने के तुरंत बाद मुंह में एसिड होता है ऐसे में यह दांतों पर जमकर उन्हें खराब कर सकता है।

# सुबह त्वचा पर लगाएं ये चीजें, खिल उठेगा चेहरा



सुबह का स्किन केयर रूटीन आपकी त्वचा को दिनभर के प्रदूषण, सूरज की किरणों और अन्य हानिकारक तत्वों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण होता है। एक सही स्किन केयर रूटीन न केवल आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखता है, बल्कि उम्र बढ़ने के संकेतों को भी कम करता है। अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा खिली-खिली रहे तो सुबह उठते ही चेहरे पर इन चीजों को लगाएं। **फेस क्लींजर :** सुबह सवेरे सबसे पहले उठकर फेस क्लींजर का इस्तेमाल करें। इसके लिए अपने चेहरे को एक जेंटल क्लींजर से धोएं। यह रात भर में त्वचा पर जमा तेल, गंदगी और डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। **टोनर :** चेहरे को सही से साफ करने के बाद आपको सही टोनर का इस्तेमाल करना है। ये आपकी त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है, पोर्स को साफ करता है। आप चाहें तो टोनर की जगह गुलाब जल इस्तेमाल कर सकते हैं। **सीरम :** हर किसी को चेहरे पर सीरम जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। ये त्वचा को गहराई से पोषण देने का काम करता है। अगर आप उम्र के साथ त्वचा की समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो विटामिन ष्ट युक्त एंटीऑक्सीडेंट सीरम का इस्तेमाल करें। यह त्वचा को चमकदार बनाता है मॉइस्चराइजर : त्वचा के रूखेपन को कम करने के लिए मॉइस्चराइजर का उपयोग करना हर स्किन केयर रूटीन में आवश्यक है। ये त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम बनाए रखता है।

# लंबी जिंदगी जीनी है तो डाइट में शामिल कर लें ये फूड्स



हर व्यक्ति चाहता है कि वह उम्र भर स्वस्थ रहे। बीमारियों से वह हमेशा-हमेशा के लिए दूर रहे और लंबी जिंदगी जिए, लेकिन आजकल के गलत- खानपान की आदतों के कारण छोटी उम्र में ही व्यक्ति के शरीर को कई तरह की बीमारियां घेर रही हैं। लंबी उम्र जीने के लिए अपनी खान-पान सही रखना जरुरी है। शोधकर्ताओं ने भी यह दावा किया है कि यदि 60 साल की उम्र में भी कोई व्यक्ति अच्छी डाइट लेता है तो उसकी उम्र 8-9 साल बढ़ सकती है। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरुक करने के लिए हर साल 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस मौके पर आज आपको कुछ ऐसे फूड्स बताते हैं जो आपकी उम्र लंबी करेंगे। आइए जानते हैं।

**चिया सीड्स :** चिया सीड्स यानी के अलसी के बीज भी गुणों का भंडार माने जाते हैं। इसमें पाए जाने वाले फैटी एसिड और ओमेगा-3 स्किन को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा इन सीड्स का सेवन करने से वजन भी नहीं बढ़ता। स्मूदी, हलवे, सलाद, ओट्स या फिर इन सीड्स से बनी सब्जी का सेवन आप कर सकते हैं। **शकरकंद :** स्वादिष्ट होने के साथ-साथ शकरकंद स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होती है। इसमें विटामिन-ए काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा शकरकंद में फाइबर और पोटैशियम पाया जाता है जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। शकरकंद का सेवन करने से आंखें स्वस्थ रहती है, हार्ट हेल्दी रहता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होता है।

**ब्लैक टी और कॉफी :** कॉफी का सेवन करने से भी आपकी सेहत अच्छी रहेगी। दिन में 2-3 कॉफी का सेवन करने से डिमेंशियां जैसी उम्र संबंधी बीमारियां भी कम होती है। इसके अलावा कॉफी लिवर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। वहीं ब्लैक टी का सेवन करने से बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों से जुड़ी समस्याएं भी खत्म होंगी।

**चॉकलेट :** बड़े लोगों के लिए चॉकलेट का सेवन फायदेमंद होसकता है। खासतौर पर डॉर्क चॉकलेट खाने से एंटीऑक्सीडेंट्स का काम करते हैं। इसका सेवन करने से मूड अच्छा होता है, स्किन ग्लो होती है और दिमाग की ग्रंथियां एक्टिव होती हैं। इसमें पाया जाना वाला मैग्नीशियम और आयरन शरीर में से खून की कमी भी दूर करता है। **हरी पत्तेदार सब्जियां :** इन सब्जियों का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने और पाचन को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती हैं। हरी सब्जियों का सेवन करने से त्वचा भी अच्छी होती है और आयरन की कमी भी शरीर में से पूरी होती है। लंबी उम्र यदि आप जीना चाहते हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। **ड्राई फ्रूट्स :** बादाम, अखरोट, पिस्ता जैसे ड्राई फरूट्स का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इनका सेवन आप स्नेक्स के तौर पर कर सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स में मौजूद हेल्दी फैट, एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, विटामिन्स, मिनरल्स मौजूद होते हैं। इनका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है, ब्लड शुगर लेवल और वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा कई एक्सपर्ट्स इस बात का दावा कर चुके हैं कि अखरोट-बादाम का नियमित सेवन करने से लंबी जिंदगी जीने में भी मदद मिलती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**सोमवार, 8 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। अष्टमी तिथौ सोम वासरे 27/25/ शतभिषा नक्षत्रे 09/10/ विष्कुम्भ योग 09/28/ बालव करणे 15/31/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.27मि.37पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक। कालाष्टमी। श्री शीतलाष्टमी।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

# जालौन ललितपुर, झांसी

## ऑपरेशन मुस्कान की सफलता, गुमशुदायुवक को परिजनों को सौंपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कुठौंद(जालौन)**। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गुमशुदा युवक को खोजकर परिजनों को सौंपा जालौन पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कुठौंद थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## खबर एक नज़र



### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एसडीएम रिंकू सिंह राही ने की बढ़ी कार्यवाही,

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
कुठौंद(जालौन) । भाजपा सरकार में स्तीफा देने के बाद सरकार द्वारा जनपद जालौन में आए आईएस रिंकू सिंह राही की कार्यवाही से हड़कंप मचा है इसी दौरान आज लोअर और बनियान में सुबह से ही सड़को में दौड़ रहे एसडीएम रिंकू सिंह ने चेकिंग के दौरान ओवरलोड ट्रैकों पर कार्यवाही की है कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया एक ट्रक का पीछा करते हुए उप जिला अधिकारी ने शेरगढ़ पुल से पकड़कर लिया इसी दौरान भाजपा नेता से तीखी झड़प भी हुई लेकिन एसडीएम ने एक नहीं सुनी और ड्राइवर को थाने में बंद करवा दिया चेकिंग के दौरान भाजपा नेता समेत 4 ट्रैकों पर कार्यवाही कर थाने में बंद किए गए है चेकिंग अभियान में कुठौंद थाने में बालू से भरे तीन ओवरलोड ट्रैकों यूपी 92 एटी 4046, यूपी 92 एटी 2783, यूपी 93 बीटी 4575को सीज किया गया वहीं जब एसडीएम एक ट्रक को पीछा करते हुए यमुना पुल से पकड़ा उस ट्रक को शंकरपुर चैकी में खड़ा करा दिया जालौन पद निरीक्षक रिंकू सिंह द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफिया और ओवरलोड चलने वाले वाहनों में हड़कंप मचा हुआ है।

### रोमांचक फाइनल में त्रिपाठी टाइगर्स ने जीता एलपीएल सीजन-4 का खिताब



आकाश के तूफानी शतक ने दिलाई ऐतिहासिक जीत, सनी सप्रू बने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज
ललितपुर। ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड एल.पी.जी.सी.एल. परिसर में आयोजित ललितपुर पॉवर लीग सीजन-4 का भव्य समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ व छह टीमों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में त्रिपाठी टाइगर्स ने अविनाश लायंस को पराजित कर खिताब अपने नाम किया व फाइनल मुकाबले में अविनाश लायंस के कप्तान अपने स्पोर्ट्स कमेटी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया व पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिपाठी टाइगर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 184 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया व त्रिपाठी टाइगर्स के कप्तान आकाश ललित चैधरी ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 25 गेंदों में 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली व उनकी पारी में 14 छक्के और 3 चैके शामिल रहे व आकाश की आक्रामक बल्लेबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया व 185 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी अविनाश लायंस की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना सकी व टीम के कप्तान सनी सप्रू ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 37 गेंदों में 95 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 2 चैके शामिल थे, लेकिन वह अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके व मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए आकाश ललित चैधरी को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया, वहीं सनी सप्रू को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया व टूर्नामेंट के समापन अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.एन. सार एवं कार्यकारी निदेशक अजय कुमार पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मनोज मेहता, आलोक श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, अखिलेश खुरसवार, अविनाश कुमार, विलास चहारे, जयशंकर मिश्रा, शुभ्रांशु महापात्रा, प्रवीण त्रिपाठी, मिलिंद कर्मकर, हीरेंद्र, अभिनव भारद्वाज तथा अभिमन्यु उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे व अपने संबोधन में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां कर्मचारियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं व उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि एलपीएल केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं बल्कि संगठनात्मक एकता, आपसी सहयोग और सकारात्मक कार्य संस्कृति को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बन चुका है व टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए स्पोर्ट्स कमेटी एवं आयोजन टीम की सराहना की गई। पूरे प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया, जिससे एलपीएल सीजन-4 यादगार बन गया।

### सेक्टर व पोलिंग बूथ के गठन हेतु बैठक का हुआ आयोजन

ललितपुर। महरौनी विधान सभा के सेक्टर संख्या 20 साड़ूमल पर सेक्टर व पोलिंग बूथ की गठन हेतु बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रामबाबू चिरगैयाँ ने बहिन के निर्देशों को बताया व कहा कि 2027 में बहिन जी को पांचवीं बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है सभी लोगों से दोनों हाथ उठाकर कसम लेने को कहा की हमें तन मन धन लगाकर बहिन जी को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है क्योंकि पहले की तरह रही चार बार की सरकारों में बहिन जी ने सभी को मुफ्त में शिक्षा दी व स्थाई रोजगार दिए व बेरोजगारों को बेरोजगार भत्ता दिया सभी को स्वास्थ्य दिया व अंबेडकर ग्राम योजना दिया, जिससे ग्रामीण इलाकों में पिछड़ी ग्रामों में विकास के कार्य हुए उसी ग्राम में पक्की सड़क बनी नाली बनी स्वास्थ्य केंद्र बने आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित हुए प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल स्थापित हुए मुक्त राशन की दुकान स्थापित हुई यही सब कार्य बहिन ने मुख्यमंत्री रहते हुए किया व बहिन जी ने चार बार की सरकारों में लगभग 28 लाख स्थाई रोजगार दिए इतने रोजगार भारत देश में किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं दिए सभी को अगर शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार उसके साथ-साथ बेहतर कानून व्यवस्था सभी को न्याय चाहिए तो बहिन मायावती को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है, जिससे प्रदेश में लोगों का सतत विकास होता रहे एवं सबकों शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और बेहतर कानून व्यवस्था मिले व इसका सभी ने समर्थन किया और उसके अलावा बहिन जी के आवाहन पर सभी ने पार्टी को मजबूत बनाने हेतु आर्थिक सहयोग किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामसिंह कुशवाहा मंडल प्रभारी, जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध उपस्थित रहे व अन्य उपस्थिति में प्रेमनारायण पाल विधानसभा प्रभारी महरौनी, रामबग्स अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष महरौनी, आनंद कुमार सेक्टर अध्यक्ष साडूमल ,महेश कुमार अगोरा, हीरालाल कोरवास, रवि कुमार बूथ अध्यक्ष, आसाराम अहिरवार, हरि, रामपाल, उदल, बसंत लाल, हरिराम मातृ शक्ति -खिलन, उमा, रिमझिम, नीतू, निहारिका, निकिता, नेहा, खुशबू, रामचरण रामदयाल, जगन प्रसाद, शिवदीन, परमानंद, दीपेश, बसोरे लाल, शालिग्राम, रामसेवक, देशराज, सुखदेव, रामदास, चंपालाल, करण ,रामचंद्र, परमलाल अच्छेलाल, धनीराम पचैरी, सरमन, ताशुराम, मोहनलाल, कमल सिंह राजपूत मानिकपुर ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक में एकजुटता व जागरूकता पर हुई चर्चा

**-विश्वकर्मा सरनेम लगाने पर दिया गया जोर**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जनपद जालौन के तत्वावधान में नगर के चुर्खी रोड स्थित विश्वकर्मा क्लॉथिंग प्रतिष्ठान पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों, शिक्षा, राजनीति, सामाजिक एकजुटता और जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गई।



उरई : बैठक को संबोधित करते बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा ।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विश्वकर्मा समाज पर लगातार उत्पीड़न, अत्याचार और हत्याकांड के मामले हो रहे हैं, जो निंदनीय हैं। समाज को सम्मान और सुरक्षा बनाए रखने के लिए एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

रामलाल व नवीन विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पूरे देश में समाज की पहचान बनाई है और न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत हैं। अयोध्या विश्वकर्मा व संजीव कुमार ओझा ने कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा और संस्कार पर जोर दिया। विश्वकर्मा ब्रिगेड के अमित व हर्षद विश्वकर्मा ने युवाओं से संस्कार व चरित्र पर ध्यान देने की अपील की।मेघ श्याम और राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि समाज 'शर्मा, ओझा, झा' आदि सरनेम लगाकर बंटा हुआ है, इसलिए सभी को 'विश्वकर्मा' ही सरनेम लगाना चाहिए। हनुमंत व रामदत्त विश्वकर्मा एडवोकेट ने पारिवारिक कलह पर चिंता जताते हुए कहा कि बहू को बेटी का सम्मान देना चाहिए, अन्यथा विवाद कोर्ट पहुंच रहे हैं। रामबाबू व राधेश्याम ओझा ने संगठन की बैठकों में आने की अपील की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश चंद्र विश्वकर्मा, रामलाल, नवीन, संजीव ओझा, अयोध्या, अमित, दयाशंकर, दुलीचंद, राजेंद्र, रामदत्त, उमेश चंद्र, कमलेश, हर्षित, आलोक, रामबाबू, राधेश्याम, मनोज, जितेंद्र, राम प्रकाश, दिनेश कुमार लेखपाल, सत्यनारायण झा, पन्नालाल, राकेश, धर्मेंद्र, सूर्यांशु, हरिराम, हनुमंत, नितिन, मनीष, कृपाशंकर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## यमुना पुल डायवर्जन पर पांच घंटे तक थमा यातायात



**-दौलतपुर के पास डम्पर-ट्राला भिड़ने से लगा भीषण जाम**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कालपी (जालौन)।** पुराने यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण लागू डायवर्जन व्यवस्था शनिवार को एक बार फिर भारी अव्यवस्था का कारण बनी। दौलतपुर गांव के समीप एक डम्पर ने पीछे से ट्राले में टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जोल्हूपुर मोड़ से लेकर चैरा तक जाम की स्थिति बन गई जिससे वाहन करीब पांच घंटे तक फंसे रहे।
रविवार को दौलतपुर के पास एक डम्पर ने ट्राले में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क पर फंस गए, जिससे डायवर्जन मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क संकरी होने और वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण देखते ही देखते कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। अमलतास तिराहे तक वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं। आईएमटी इंचार्ज इंगलेश शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद पुलिस और संबंधित विभागों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल हो सका।

उधर, डायवर्जन मार्ग पर लगातार लग रहे जाम को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी अमित शेखर एवं क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुछ वाहन चालक जल्दी निकलने के प्रयास में हाईवे पर बने कटों से विपरीत दिशा में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए गल्ला मंडी तथा अमलतास तिराहे के पास बने डिवाइडर कटों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों का मानना है कि इससे गलत दिशा में वाहनों की आवाजाही रुकेगी और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।निरीक्षण के दौरान कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी, एनएचएआई की कार्यवाहक संस्था के अधिकारी अंकेश श्रीवास्तव, आईएमटी इंचार्ज इंगलेश शर्मा, सुरक्षा प्रबंधन अधिकारी इरफान खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे तड़प रहे घायल युवक की नायब तहसीलदार ने बचाई जान,

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
कालपी (जालौन)। सरकारी दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने सड़क दुर्घटना में घायल युवक को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का प्रयास किया। उनकी इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला चतेला गांव से शासकीय कार्य संपन्न कर कालपी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चतेला-कदौरा मार्ग पर पंडोरा गांव के समीप उनकी नजर सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े एक युवक पर पड़ी। युवक दुर्घटना के बाद दर्द से कराह रहा था और मौके पर उसकी सहायता के लिए कोई मौजूद नहीं था।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू कराया। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस को भी घटना की जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारी की इस तत्परता और संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली मदद से घायल युवक को शीघ्र उपचार उपलब्ध हो सका।



उरई : घायल को अस्पताल पहुचाते नायब तहसीलदार ।

नायब तहसीलदार की इस मानवीय पहल ने एक बार फिर साबित किया कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानवता के प्रति संवेदनशीलता भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकती है।

### किशोरी के साथ छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 मई को उनकी दो बेटियां गांव में स्थित नल पर पानी भरने गई थीं। पानी भरते समय वहां गांव का ही बलवीर रजक आ गया और उनसे बात करने लगा। इसी दौरान उसने बड़ी बेटी को कुछ रुपये देकर उसे टॉफी लेने के लिए भेज दिया और सात वर्षीय छोटी बेटी को वह पास में स्थित एक कमरे में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो उसे डराया और धमकाया भी। तभी वहां गांव के कुछ लोग पहुंच गए तो वह धमकी देकर वहां से भाग गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार की शाम छिरिया मलकपुरा चैकी प्रभारी को सूचना मिली कि आरोपी औरेखी के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के अंडरब्रिज पर कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मिशन शक्ति टीम ने करायादोनों पक्षों में सुलह समझौता

**जालौन।** पति-पत्नी के विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। जहां मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों में सुलह समझौता करा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी नाजिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति अफजल उसके साथ मारपीट करते हैं। शनिवार की शाम भी उन्होंने उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी संजय यति सक्रिय हुए। पति अफजल को बुलाया। साथ ही नाजिया की जेठानी संजीदा भी कोतवाली पहुंची। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी व महिला कांस्टेबल शिवानी ने पहले दोनों पक्षों से अलग-अलग वार्ता की और बाद में संयुक्त रूप से बात की गई। इस दौरान पति अफजल ने अपनी बहन संजीदा की मौजूदगी में पत्नी नाजिया को आश्वस्त कि वह भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं करेगा। पति-पत्नी के रूप में आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पारिवारिक जीवन व्यतीत करेगा। जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट दिखे।

### नपाध्यक्ष ने किया नेहरू नगर एवं सिविल लाइन में विकास कार्यों का भूमि पूजन

जल्द मिलेगी बेहतर सड़क व जल निकासी की सुविधा
ललितपुर। नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के तहत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने वार्ड संख्या-3 मोहल्ला नेहरू नगर एवं वार्ड संख्या-9 सिविल लाइन क्षेत्र में विभिन्न सीसी सड़क, नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर संबंधित वार्डों के जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका की टीम भी उपस्थित रही व भूमि पूजन के दौरान वार्ड वासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की व स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से सड़क निर्माण न होने के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था व विशेषकर बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ के कारण बच्चों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी होती थी व अब सड़क एवं जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी व नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड संख्या-3 नेहरू नगर में हड्डी मील के पास तथा सिविल लाइन क्षेत्र में आईटीआई के सामने सड़क, नाली एवं नाला निर्माण कार्य कराए जाएंगे व इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाला निर्माण, सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अनेक विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं व बरसात से पूर्व अधिकाधिक क्षेत्रों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अध्यक्ष ने संबंधित अवर अभियंता खुशबू खान एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं व उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद अशोक पंथ, पार्षद प्रतिनिधि विवेक दारोनिया, अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, सेवानिवृत्त लिपिक रमाकांत तिवारी, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, शैलेन्द्र परिहार, देवेंद्र राय सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क नाट्य कार्यशाला के दूसरे दिन दो दर्जन प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
कोंच(जालौन)। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा नगर इकाई एवं कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संयुक्त बैनर तले कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित निःशुल्क बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला के लिए दूसरे दिन करीब दो दर्जन प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया कार्यशाला को लेकर बच्चों और युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है
इप्टा अध्यक्ष अनिल कुमार बैद्य ने बताया कि कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित की जा रही है इसमें प्रतिभागियों को नाटक संगीत नृत्य अभिनय तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनमें कलात्मक अभिरुचि का विकास करना है
इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. मु. नईम बोबी ने कहा कि रंगमंच व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है इससे बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास अभिव्यक्ति क्षमता तथा सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित होती है उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से कार्यशाला से जुड़ने का आह्वान किया
कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा रंगमंच की विभिन्न विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही उन्हें मंचीय अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों की बारीकियों से भी अवगत कराया जाएगा
कार्यशाला के आयोजन और पंजीकरण व्यवस्था में दानिश मंसूरी कैफ सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में और अधिक प्रतिभागियों के जुड़ने की उम्मीद है।



उरई : पंजीकरण करते इप्टा कर्मी।

## ग्राम पंचायत कुरौली में सूखा पड़ा अमृतसरोवर तालाब

**-आर आर सी सेंटर का नहीं किया जा रहा उपयोग'**
**-ग्रामीणों का कहना है कि पूरे पांच साल में प्रधान ने नहीं कराया संतुष्टीकरण विकास**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत कुरौली में शासन व प्रशासन ने कचरा गाड़ियों का संचालन करने के लिए जिम्मेदारानों को जिम्मेदारी सौंपी गई लेकिन प्रधान द्वारा पूरे कार्यकाल में एक भी दिन नहीं चलाई गई कचरा ढोंने वाली गाड़ी जिससे आर आर सी सेंटर मौके पर इस बात को बयां कर रहा है सेंटर पर देखा गया तो वहां पर कूड़ा कचरा नाम की कोई चीज मौके पर नहीं दी दिखाई। प्रधान देवेन्द्र कुमार द्वारा कचरा गाड़ियों को अपने उपयोग में लिया गया। शासन व प्रशासन द्वारा पांच साल के कार्यकाल में ग्राम प्रधान की कार्यशैली से ग्रामीणों उत्सुकता नजर नहीं आ रही है। फिर भी शासन द्वारा इन्हें पुनः छः माह के लिए प्रशासक नियुक्त भी कर दिया गया है। जब प्रधानों ने अपनी कार्य शैली को पांच वर्ष में नहीं कर पाये। अब वह छः माह में क्या कर सकते हैं। क्या कर दिखाएंगे।
आगे बताते चलें शासन व प्रशासन ने ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का नाम तालाबों को दे दिया गया है।लेकिन मौके पर अमृत सरोवर तालाब आज अपनी बदहाली को जाहिर कर रहे हैं ।जिसमें पानी होना चाहिए वह सूखे पड़े हैं ।जिससे ग्रामीणों के पालतू जानवरों को ना तो पानी उपलब्ध हो रहा है ।और वही पर जीव जंतु पशु पक्षी सूखे तालाब को देखकर अपने आप को कोस रहे हैं। जबकि प्रथम दृष्टिगत के दौरान प्राणियों के लिए जल ही जीवन माना गया है। यदि ऐसे में सूखे पड़े तालाब का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। जिसमें शासन द्वारा लाखों की धनराशि अर्जित की गई हो जिसका कोई उपयोग ना हो सके ऐसे में शासन तथा प्रशासन के लिए बहुत ही लज्जा की बात है। यदि गांव में अचानक किसी भी प्रकार का संकट एवं दैवी आपदा आती है । तो ऐसे में पानी का संचय कहां से किया जाएगा। इसलिए कुरौली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की मांग है कि अमृत सरोवर तालाब में जल्द से जल्द अपनी भरवाया जाए ताकि सूखा पड़ा तालाब धूल फाकने से निजात पा सके।और गांव की सफाई का कचरा आरआरसी सेंटर में डलवाया जाए जिससे संक्रामक बीमारियों से बचाव हो सके।तथा गांव की सड़कों व नालियों की सफाई कराई जाए जिससे कूड़ा कचरा मुक्ति मिल सकें। ग्रामीणों द्वारा अपनी बात को मीडिया से रूबरू होकर कहा कि हम लोगों की आवाज से शासन प्रशासन के ऊपर कितना अमल में लायी जाती है या नहीं यह भी देखेंगे।



## राष्ट्रीय लोक दल उरई की नगर कार्यकारिणी घोषित,मिली जिम्मेदारी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक दल जयंत चैधरी निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के निर्देशन में जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव उर्फ सोनू के मार्गदर्शन में आज उरई शहर के नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह तोमर ने जिला कार्यालय में उरई नगर कमेटी की घोषणा की जिसमें सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है जिनमें मोहम्मद अजीम- नगर उपाध्यक्ष ,आसिफ खान- नगर उपाध्यक्ष, अभिषेक ठाकुर नगर उपाध्यक्ष,अमर सिंह चैधरी नगर उपाध्यक्ष,अमित यादव नगर कोषाध्यक्ष,जमील खाननगर महासचिव,फैजान खान नगर महासचिव,खालिकशाह नगर महासचिव,राज मोहम्मद- नगर सचिव,हनुमंत सिंह नगर सचिव ,मोहम्मद उजैर अंसारी- नगर सचिव,मोहम्मद शादान अंसारी नगर सचिव सहित अन्य को जिम्मेदारी देते हुए वताया गया की आरएलडी पार्टी मिशन है जो हमेशा देश हित मे काम करता है।
मौके पर अमित त्रिपाठी, जिला सचिव ,मोहसिन खान, माधौगढ़ विधानसभा अध्यक्ष , मनोज श्रीवास्तव (मिझौना ) जिला मीडिया प्रभारी, कमल सिंह पाल प्रारूप करता के रूप में उपस्थित रहे।





# लोक कला और संस्कृति के संरक्षण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान

**. नृत्य कला गृह में आयोजित लोक नृत्य कार्यशाला में संस्कृति विभाग के निदेशक ने की शिरकत**

**. लोक नृत्य के गुर सीख रहे प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धनए लोक कलाओं को बताया धरोहर**



**बांदा।** बुंदेलखंड कलाए साहित्य एवं संस्कृति विभाग व नृत्यकला गृह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जवारा लोकनृत्य कार्यशाला में जहां प्रतिभागी बच्चे लोक नृत्य व संस्कृति से रूबरू हो रहे हैंए वहीं लोक कला व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की प्रेरणा ले रहे हैं। नृत्य कला गृह की संचालिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को लोक नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है।

शहर के स्वराज कालोनी में संचालित नृत्य कला गृह बच्चों को लोक कलाओं और नृत्य की सीख देने के साथ ही लोक संस्कृति से रूबरू कराने का जिम्मा बखूबी उठा रहा है। नृत्य कला गृह की संस्थापिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम के मार्गदर्शन में एक जून से लेकर 10 जून तक जवारा लोक नृत्य का प्रशिक्षणं दया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को जवारा नृत्य का महत्व और उसकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है और प्रतिभागियों को जवारा नृत्य में पारंगत करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी यहां पहुंचे और उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं से संवाद किया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निदेशक श्री द्विवेदी ने लोक कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बताई। उन्होंने बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थापित लोक नृत्य और संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसी कार्यशालाओं को आवश्यक बताया। कहा कि जिस प्रकार से नृत्य कला गृह पूर्ण समर्पण भाव से लोक कलाओं को जीवित रखने का प्रयास कर रहा हैए ऐसे ही समाज के अन्य लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने लोक कलाओं और संस्कृति के संवर्धन के लिए प्रयत्नशील नृत्य कला गृह को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। लोक कला गृह की संस्थापक सचिव श्रद्धा निगम ने निदेशक श्री द्विवेदी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जवारा लोक नृत्य कार्यशाला में 30 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं और पूरे मनोयोग से लोक नृत्य की बारीकियां सीख रहे हैं। बताया कि 10 जून को कार्यशाला का समापन किया जाएगा।

## केन बेतवा लिंग परियोजना के विरोध में लगा यूपी.एमपी के दिग्गजों को जमावड़ा

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित के आवास पर केन बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के अनेक जनपदों से सक्रिय प्रबुद्ध जन शामिल हुए और केन बेतवा परियोजना से होने वाली हानियों के विषय में अपने विचार रखे। अनेक वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए वर्तमान सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना कीए उन्होंने कहा कि विश्व में बांदा का तापमान 49 डिग्री से अधिक होने का मुख्य कारण पहाड़ों को नष्ट करनाए बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई व नदियों में डैम बनाकर उसके जल प्रवाह को रोकना बतलायाए समूचे बुंदेलखंड की जनता से अनुरोध किया कि इस परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरें क्योंकि भविष्य में जल का भीषण संकट बांदा जिले में उत्पन्न हो जाएगाए वैसे भी बुंदेलखंड संभाग अति पिछड़ा है। इस अवसर पर 11 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया गयाए सर्व सम्मति से डाण् संजय द्विवेदी दनादन को जिला संयोजक मनोनीत किया गया।

इस बैठक में प्रमुख रूप से कृष्णा गांधीए सुनन्दा गांधीए दिव्या भारतीए एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरीए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेटए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्राए जिला कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठीए डॉ संजय द्विवेदी दनादनए जिला कांग्रेस महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेटए शोएब रिजवीए सुन्दरलाल सुमनए वरिष्ठ सपा नेता मुमताज अलीए रमेश चन्द्र दुबेए जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाईए बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदीए शिवप्रसाद भारतीए अजय कुमार द्विवेदीए रामदत्त तिवारीए अखिलेश सिंह गौर जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियनए शंकर दयालए जितेन्द्र कुमार गुप्ताए जयपाल कुशवाहाए शिवसागर सिंहए लालबाबू राजपूतए सेवालाल वर्मा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा बांदा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



बांदा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखाए बांदा का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर शाखा के जिलाध्यक्ष श्री जगदीश निगम रहेए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनल अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अपने.अपने पदों की शपथ ग्रहण की। संदीप सिंह ने अध्यक्षए ज्ञानेन्द्र दुबे ने महामंत्रीए मोहम्मद शाकिर अजीम ने वरिष्ठ उपाध्यक्षए वैभव श्रीवास्तव ने कनिष्ठ उपाध्यक्षए सत्येन्द्र सिंह ने संयुक्त मंत्रीए अनुराग शुक्ला ने आडिटरए श्रीमती बुशरा खानम ने संस्कृति एवं क्रीड़ा मंत्री तथा श्री धीरज कुमार मिश्रा ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली।समारोह में संघ के पूर्व अध्यक्ष सईद अहमदए पूर्व महामंत्री केण्केण् वाजपेयीएकृपाराम भार्गवए उत्तर प्रदेश कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद कुमारए प्रशासनिक अधिकारी रामशरण साहू सहित कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अनेक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें श्रीमती कमलेश द्विवेदीए श्रीमती मिथलेशए श्रीमती जयश्रीए श्रीमती अंजनीए श्रीमती महिषीए श्रीमती शिखा मिश्राए पुरुषोत्तमए संतोष अहिरवारए विजय गुप्ताए रमेश सिंहए रमेश यादवए हीरालालए अजय तिवारीए सुभाषए संतोषए जगजीवनए अनिल श्रीवास्तवए सुनीलए मुईन अहमदए कैलाशचन्द्रए अजीत कुमारए राजेश पाण्डेयए अखिलेश प्रजापति एवं ओमशिव दीक्षित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व महामंत्री केण्केण् वाजपेयी ने सभी अतिथियोंए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में चला व्यापक सफाई महाभियान

**चित्रकूट-** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को धर्मनगरी चित्रकूट में रामायण दर्शन के समीप कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी लालजी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद तथा कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियानों में सहभागिता करने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग देने की अपील की।

अभियान के दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग एवं राम दर्शन के आसपास सफाई की गई। सफाई कर्मियों द्वारा मार्ग पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के अंतर्गत नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से गीले, सूखे, घरेलू स्वच्छता अपशिष्ट तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को पृथक करके देने की अपील की। उन्होंने लोगों को कचरे का स्रोत पर पृथक्करण करने तथा नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संकलन व्यवस्था में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।कामदगिरि स्वच्छता समिति के महामंत्री जितेंद्र केसरवानी के द्वारा कामतानाथ परिक्रमा में जन जागरूकता के तहत ठेला में प्लास्टिक गिलास रखकर शरबत बेचने वालों को प्लास्टिक के प्रयोग से दूर रहने की सलाह दी। इस अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ल, रसूल खान, अखिलेश, जानकी प्रसाद, विनोद, वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अभियान चलाकर किया गया होटलों के सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

चित्रकूट- मुख्य अग्निशमन अधिकारी यदूनाथ सिंह ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में मालवीय नगर के होटल फलोरिश में लगी भयानक आग के दृष्टिगत तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा लखनऊ के आदेश के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अग्निशमन सुरक्षा, बचाव, जागरूकता के सम्बन्ध में अभियान चलाकर होटलों निरीक्षण किया गया।

पवन कुमार त्यागी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के द्वारा में रविवार को जनपद के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया तथा अग्निसुरक्षा उपकरणों का रख-रखाव आग के खतरों को कम करने व किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित पलायन के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया एवं कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन प्रशिक्षण/मॉकड्रिल का आयोजन कराया गया तथा अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी गई। निरीक्षण किए गए होटल जिसमें अग्रोहा होटल (चित्रागोकुल रोड, सीतापुर), जैपुरिया स्मृति भवन (सीतापुर), ख्याति भवन (रामघाट रोड सीतापुर), होटल रामाचार्य इन (रामघाट रोड, सीतापुर), श्री भागवत् धाम (रामघाट रोड, सीतापुर) में निरीक्षण एवं प्रशिक्षण किया गया।

## घंसौल में जार्ज फर्नांडीस जयंती पर गूंजा शराबबंदी का संकल्प

**बांदा।** जनपद की बबेरू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घंसौल के पंचायत भवन में आज समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेताए मजदूरोंए किसानोंए महिलाओं और वंचितों की आवाज रहे जार्ज फर्नांडीस की जयंती जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणोंए महिलाओं और जदयू कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर जॉर्ज साहब के संघर्षपूर्ण जीवनए सामाजिक न्यायए समानता और जनहित की राजनीति को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडीस केवल एक नेता नहीं बल्कि शोषितोंए पीड़ितों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि आज जब समाज अनेक सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहा हैए तब जॉर्ज साहब के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर एकजुट होकर संकल्प लिया कि गांव.गांव तक जनजागरण चलाया जाएगा और शराब से बर्बाद हो रहे परिवारों को बचाने के लिए बांदा से लेकर लखनऊ तक संघर्ष किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि शराबबंदी केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं बल्कि महिलाओं की सुरक्षाए परिवार की खुशहाली और समाज के भविष्य से जुड़ा विषय हैए इसलिए इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष उमाकांत सविताए नगर विकास अध्यक्ष जेडीयू काशी प्रसाद याज्ञिकए अतर्रा नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जेडीयू ज्योति मौर्यए जिला उपाध्यक्ष रमन गुप्ता सहित सैकड़ों महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। जयंती कार्यक्रम के दौरान जॉर्ज साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में न्यायए समानता और जनहित की राजनीति को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# जनता की सेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकता-विधायक

**नरैनी, बांदा।** जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधे संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नरैनी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा के आवास पर प्रतिदिन लगता है जनता दरबार। कृष्ण नगरए अथाई रोडए नरैनी स्थित विधायक आवास पर प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैंए जहां उनकी बात को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाता है।



जनता दरबार में नरैनी विधानसभा क्षेत्र के साथ.साथ जनपद बाँदा एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगतए सामाजिक एवं जनहित से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों से तत्काल वार्ता करती हैं तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश देती हैं।

विधायक श्रीमती वर्मा का कहना है कि जनता ने उन्हें अपने विश्वास और आशाओं का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की समस्या उनके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के बीच रहकर उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझने में है। जनता दरबार इसी भावना का सशक्त माध्यम हैए जहां बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। जनता दरबार में आने वाले लोगों का कहना है कि विधायक द्वारा सीधे समस्याएं सुनने और उनके निराकरण के लिए तत्परता दिखाने से आमजन में विश्वास बढ़ा है। क्षेत्र के विकासए जनकल्याण और सुशासन की भावना को आगे बढ़ाते हुए यह जनता दरबार जनप्रतिनिधि और जनता के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है।

## सगे भाई की ईंट से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मामूली विवाद में सगे भाई की ईंट से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि कस्बा अतर्रा के रहने वाले आशीष पुत्र राजकुमार ने 5 जून 2026 को देर रात्रि पैसे को लेकर हुए मामूली विवाद में अपने बड़े भाई विकाश के सिर पर ईंट से वार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिसकी इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी । प्रकरण में मृतक की माँ सुनीता देवी की तहरीर पर थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त को कल गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आशीष पुत्र राजकुमार निवासी राजनगर प्रहलाद सिंह का पुरवा कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़े मरीज

. 95 लोगों को मिला निःशुल्क उपचार

जसपुरा ;बांदाद्ध। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा के अंतर्गत मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे मरीजों को चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर निरूशुल्क दवाएं वितरित कीं तथा आवश्यक परामर्श दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉण् पवन कुमार के निर्देशन में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गड़रियाए सिंधनकला और चंदवारा में आयोजित मेले में कुल 95 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह से ही केंद्रों पर मरीजों की भीड़ रहीए जहां पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उनका उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार चंदवारा केंद्र में सर्वाधिक 40 मरीज पहुंचे। वहीं सिंधनकला में 32 तथा गड़रिया में 23 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई गईं। चंदवारा केंद्र में चिकित्साधिकारी डाण् शशि सिंह चौहान और फार्मासिस्ट महेंद्र सिंह उत्तम ने मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं। सिंधनकला केंद्र में चिकित्साधिकारी डाण् अंकुर अवस्थीए फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह तथा लैब टेक्नीशियन अभिषेक कुशवाहा मौजूद रहे। गड़रिया केंद्र में चिकित्साधिकारी डॉण् सुमन देवी एवं लैब टेक्नीशियन विवेक त्रिपाठी ने मरीजों की जांच की। मेले की निगरानी बीसीपीएम ज्ञान सिंह द्वारा की गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इससे लोगों को समय पर जांचए उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सलाह मिल रही हैए जिससे गंभीर बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिल रही है।





# मुरवल ग्रामीणों ने लगाया सचिव व प्रधान के ऊपर गंभीर आरोप

**-एमडीएम से लेकर कई मदों में किया जमकर घोटाला**

**बाँदा।** विकासखंड बबेरू के पूर्व ग्राम प्रधान रामबाबू निषाद एवं पूर्वध् वर्तमान ग्राम प्रधान गीता देवी पत्नी रामबाबू निषाद द्वारा पूर्व में छात्रवृत्ति एवं मध्यान भोजन योजना में भ्रष्टाचार एवं गमन में बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा की सलग्न आख्या अनुसार दोषी पाए जाने बाद भी कोई कार्यवाई नहीं हुईएक्योंघ जानकारी के अनुसार सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी बबेरू से प्रकरण की जांच कराई गई जो कि उन्होंने 23 जून 2009 क़ो प्राथमिक विद्यालय मुरवल एक वर्ष 2004 5 से वर्ष 2008.9 के मध्य नामांकित छात्र संख्याए 187104 लाभांकित छात्र संख्या लाभान्वित छात्र संख्या एमण् डीण् एमण् 3410 तथा प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख से स्पष्ट है कि उक्त अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन धनराशि के रूप में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 57937 धनराशि वैभव की गई जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित राशि रुपए 284341ण00 थी इस दौरान प्राथमिक विद्यालय मोरवाल एक में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा एमण्डीण्एम बनवाने में 226404 क्षतिपूर्ति का उपयोग नहीं किया गया तथा उच्च धनराशि का भ्रष्टाचार गमन बचत किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय मुरवल.में 2005 से 2008.9 के मध्य कल नामांकित छात्र संख्या 217270 मैं लाभान्वित छात्र संख्या एमण् डीण्एम 27748 रही तथा प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख से स्पष्ट है कि अप अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन क्षतिपूर्ति के रूप में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 46 578 को धनराशि व्यय की गई जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित धनराज से रुपए 247050 थी इसलिए स्पष्ट होता है की अवधि के दौरान प्राथमिक विद्यालय मूलबल दो में ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा 200472ण00 रुपए का उपयोग नहीं किया गया तथा क्षतिपूर्ति का दोनों के द्वारा गोलमाल गमन किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय गौतमपुरवा वर्षए2004. 5 से वर्ष 2008.9के मध्य पर नामांकित छात्र संख्या.263797 लाभांटित छात्र संख्या एमण्डीण्एम 3371 5 रहीं तथा प्रधानअध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में स्पष्ट है कि उक्त अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन क्षतिपूर्ति के रूप में ग्राम प्रधान तथा सचिव द्वारा रुपए 5ए68ए65ण् 00 की धनराशि व्यय की गई है जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित धनराशि 2ए14ए959 प्राथमिक विद्यालय गौतम पुरवा में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा 158094ण00 का गोलमाल किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय रमपुरवा में वर्ष 2004.5 से वर्ष 2008. 9 के मध्य कुल नामांकित छात्र संख्या 100531में लाभान्वित छात्र संख्या एमण् डीण्एम 21900 रही तथा प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों में यह स्पष्ट लिखा है कि उक्त अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन धनराशि के रूण् में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 24ए396 धनराशि व्यय की गई जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित धनराशि 1ए36ए22रुण्थी उक्त अवधि के दौरान प्राथमिक विद्यालय रमपुरवा में रुपए 1ए01ए831 रुपए का दुरुपयोग ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा किया गया पैसों का गोलमाल भी किया गया।







प्राथमिक विद्यालय उत्तरथोक मुरवल वर्ष 2004 5 से वर्ष 2008 9 के मध्य कल नामांकित छात्र संख्या 255805 में लाभान्वित छात्र संख्या एमण्डीण्एम 39970रहीं तथा प्रधान अध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख से स्पष्ट है कि उक्त अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन धनराशि के रूप में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 66294ण00रुण् व्यय की गई जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित धनराशि रुपए 280708ण00थी जो की स्पष्ट है इस दौरान ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा प्राथमिक विद्यालय उत्तर थोक मुरवल में रुपए 2144 14ण् 00 की धनराशि का गोलमाल किया गया। कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुरवल . जनवरी महीने में 2008 से एमण्डीण्एम योजना को क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ तथा जनवरी 2008 से मई 2009 तक की अवधि के मध्य नामांकित छात्र संख्या 32576 से लाभान्वित छात्र संख्या एमण् डीण् एम 4495 रही तथा प्रधान अध्यापक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में स्पष्ट है कि उक्त अवधि के मध्य विद्यालय में कन्वर्जन धनराशि के रूप में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 11601ण00 धनराशि व्यय की गई जबकि कार्यालय द्वारा प्रेषित धनराशि 85978ण् 00 थी उक्त अवधि के दौरान विद्यालय में एमडीएम बनवाने के दौरान ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा रुपए 74116ण00 रुपयों का गोलमाल किया गया। मुरवल की छः विद्यालयों में किया गया बड़ा भ्रष्टाचार आया सामने जोकि ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा किया गया। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी बबेरू ने सचिव व प्रधान के विरुद्ध जाँच कर कार्यवाई क़ो 26.4.2012 में आदेश दिए जाँच में दोषी भी पाए गए।आपको बताते चलें की निदेशक मध्यान भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ;बैसिकद्ध झांसी चित्रकूट धाम मंडल को उनके पत्र के संदर्भ में अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया था गांव के विधालयों में पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं का हक डकारने वाले हिस्ट्रीशीटर दबंग रामबाबू निषाद और सचिव के खिलाफ कोई भी कार्यवाई आज तक नहीं हुई और न किसी अधिकारी की हिम्मत हुई आज तक सूत्रों की माने तों हिस्ट्रीशीटर रामबाबू के ऊपर एक माननीय का है आशीर्वाद जिसकी वजह से अपनेआप क़ो मानता है भोले. भाले ग्रामीणों का भगवान गरीबो क़ो डराना धमाकाना बन गया है पेशा अब देखना यह है की दबंग प्रधान के ऊपर कार्यवाई होती है या नहीं ग्रामीण ने जिलाधिकारी बाँदा क़ो अपने शिकायत पत्र सौपा है और कार्यवाही करने की मांग की है।

## दशकों से नहीं बन पाई देवस्थान मटदर की सड़क

**चित्रकूट-** देवस्थान मटदर के भैंरम बाबा जहां प्रतिदिन दर्जनों गाँव के ग्रामीण दर्शन के लिए जाते हैं। यहां भादौं महीने में तीन से पांच दिवसीय मेले का आयोजन होता है, जिसमें लाखों भक्त पहुंचते हैं। इसके बावजूद यहां जाने वालों के लिए सड़क नहीं बन पाई। कच्चा मार्ग होने से यहां बारिश के मौसम में लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है।



जिसको लेकर बुंदेली सेना नें जिलाधिकारी से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि पाठा क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांवों के लिए मटदर के भैरम बाबा आस्था के केंद्र हैं। इसके अलावा कर्वी माफी, सोनेपुर, सिद्धपुर, बनाड़ी, विनायकपुर, कोलगदहिया, शीतलपुर समेत अन्य गांवों के हजारों लोग प्रतिवर्ष यहां भण्डारा आदि करने पहुंचते हैं। जंगल के कच्चे और ऊबड़ खाबड़ रास्ते से होकर ग्रामीण मटदर पहुंचते हैं। पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृक्षारोपण की शुरुआत करने मटदर के नजदीक उतरे थे। सीएम के निर्देश के बाद तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ला मटदर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण कराने का यहां ग्रामीणों को आश्वासन दिया था। लेकिन जल्द ही जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो गया और सड़क का मामला ठंडे बस्ते में चला गया। उन्होंने बताया कि दशकों से सड़क की मांग हो रही है, लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने रूचि दिखाई नहीं दिखाई और किसी अधिकारी ने कोई पहल भी नहीं की। बुंदेली सेना नें जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से वन क्षेत्र की इस सड़क के जल्द से जल्द निर्माण की मांग की है।

**अविनाश परशुराम समिति के संरक्षक मनोनीत**

**इकदिलए इटावा।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष केण्केण् चतुर्वेदी की सहमति पर ओमनगर औरैया निवासी अविनाश अग्निहोत्री को परशुराम समिति का संरक्षक मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सम्राट ने श्री अग्निहोत्री से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। श्री अग्निहोत्री को संरक्षक मनोनीत किये जाने परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में कार्तिक चतुर्वेदी ने मारी बाजी



छिबरामऊ कन्नौज ओलंपियाड प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं के लिए 5 जून 2026 को कानपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीपीएसण् छिबरामऊ के कक्षा 12 के छात्र कार्तिक चतुर्वेदी को ट्रॉफीए सर्टिफिकेट और 5000 रु0 की नकद धनराशि प्रदान की गयी।

हिंदी दैनिक अखबार के द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। विभिन्न स्तरों पर होने वाली उक्त प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ भाग लेते हैं। इस वर्ष आयोजित उक्त प्रतियोगिता में सीपीएसण् छिबरामऊ के छात्र कार्तिक चतुर्वेदी ने एआईण् विषय में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करके नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।छात्र की इस सफलता पर सीपीएसण् के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रशासिका सुधा प्रधानए सीएण्ओण् विश्वास प्रधानए कन्वीनर मधु प्रधानए प्रधानाचार्या नीरा केण् प्रसाद ने भी छात्र की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें इसी प्रकार कठिन परिश्रम द्वारा सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## डॉक्टर रजनी सरीन चिरनिद्रा में विलीन अंत्येष्टि सोमवार पांचाल घाट गंगा तट पर होगी





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री डॉ रजनी सरीन का आज रविवार को चिरनिद्रा में विलीन हो गई वह 77 वर्ष की। उनका अंतिम संस्कार पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर सोमवार को किया जाएगा

उनके दो बेटियां और एक बेटा है।भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य के भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रवासी भारतीय संगठन की भी राष्ट्रीय पदाधिकारी रही

संगठन के विभिन्न दायित्वों के साथ राष्ट्र सेविका समिति की क्रियाशील सेविका के रूप में पूरे राष्ट्र में बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा स्वाबलंबन और आत्म निर्भरता के लिए उनके सराहनीय योगदान रहा हैं आई एम ए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी विकलांग शिविर संस्कार भारती कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र आदि से जुड़कर उन्होंने समाज के निरन्तर सेवा कार्य किये

श्री राम लीला कमेटी फर्रुखाबाद की वे लंबे समय से संरक्षक थीं ।

अभिव्यंजना साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था की प्रमुख के रूप में राजभाषा को समृद्ध करने में उनका विशिष्ट योगदान था । समवेत की संरक्षक के रूप में उन्होंने जनपद की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मंच प्रदान किया ।

उनकी बेटी डॉक्टर पायल डॉक्टर पायल डॉक्टर कोयल तथा बेटा डॉक्टर अंकित विदेश में रहते अपनी चिकित्सिकय सेवाएं दे रहे हैं। डॉ रजनी शरीन ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष का दो बार चुनाव लड़ा था एक बार वह चुनाव जीत गई थी वह चुनाव हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया था दूसरी बार वह चुनाव भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर लड़ी लेकिन इस चुनाव में वह मनोज अग्रवाल के मुकाबले चुनाव हार गई थी

बताते चलें कि वह पिछले काफी दिनों से अस्वास्थ्य चल रही थी उनका दिल्ली के हायर सेंटर पर मस्तिष्क संबंधी उपचार हुआ था लेकिन वहां उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ और घर भेज दिया गया यहां उनके बेटे डॉक्टर अंकित तथा डॉक्टर पायल घर पर यहां देखभाल कर रहे थे

डॉक्टर सरीन के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर स्थानीय लोगों समाजसेवी गणमान्य तथा राजनीतिक लोगों ने आवास पर पहुंचकर उन्हें उन्हें श्रद्धांजलि दी

डॉ सरीन की सोमवार को प्रात हा 8 बजे अंत्येष्टि पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर की जाएगी

## खबर एक नज़र

### शिवपाल सिंह ने अहिल्याबाई की प्रतिमा का अनावरण किया

इटावा। ग्राम रतनपुर में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया व उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन भरथना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र सिंह गौतम द्वारा कराया गया था। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पालए जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलूए महासिचव वीरू भदौरियाए पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्यए सांसद जितेन्द्र दोहरेए अशोक यादवए रूबी सहित सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक व क्षेत्रीय ग्रामीण भी शामिल हुए। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संघर्षए प्रशासनिक दक्षता व समाज के प्रति उनके उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन महान शासकों में शामिल है जिन्होंने जनकल्याणए धार्मिक स्थलों के संरक्षण व सामाजिक समरसता के उल्लेखनीय कार्य किए।

### उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा शहर इकाई का गठन

इटावा। युवा उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शहर इकाई का गठन युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी ने होटल इम्पीरियल में प्रदेश बरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहानए जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षितए महिला प्रदेशमंत्री मंजूलता द्विवेदीए शहर अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहाए महिला जिला अध्यक्ष शकीला बेगम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया। जिसमें सौरभ अग्रवाल उर्फ सोनू को युवा शहर कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर मोजूद प्रदेश बरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान ने कहा कि व्यापारियों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन अपना कुनबा बड़ा रहा हैएसरकारी तंत्र सबसे ज्यादा उत्पीड़न हम व्यापारियों का ही करता हैएइसलिए व्यापार मंडल का मजबूत होना अति आवश्यक हैए जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्या का समाधान कराने के लिए हम संकल्पित हैंए आपकी एकजुटता हमारा मनोबल ऊंचा करती है। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताबए युवा जिला महामंत्री अजीत कुमारए युवा जिलाउपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादवए महिला जिलामहामंत्री ममता दुबेए महिला जिलाउपाध्यक्ष तनु वर्माए करिश्मा ठाकुरए कोषाध्यक्ष रोशनी वर्माए महिला संगठन मंत्री ज्योति पालीवालए सुमन यादवए महिला शहर अध्यक्ष पूर्वी सक्सेनाए प्रीति शर्माए खुशी सक्सेनाए टीना वर्मा भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

### सभासद ने खराब ट्यूबवेल को शीघ्र ठीक कराया

इटावा। शनिवार सुबह वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शरद बाजपेयी को क्षेत्र वासियों के द्वारा सूचना मिली कि ट्यूबवेल खराब हो गया है और पानी नहीं आ रहा है तो उन्होंने तत्काल जेई अवनीश कुमार से बात की और तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्यूबवेल खुलवाया और नई मोटर डलवाकर ट्यूबवेल सही कराया।

भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि मेरे क्षेत्र में अभी तक पिछले 14 वर्षों में क्षेत्र वासियों को पानी की अच्छी व सुदृढ़ व्यवस्था उपलब्ध कराई है और कभी भी पानी की समस्या नहीं हुई है जब भी ट्यूबवेल खराब हुआ है तत्काल प्रभाव से मैंने सही कराया है आज भी कटरा टेक चंद्र के ट्यूबवेल के खराब होने की जनता के द्वारा मुझे सूचना दी गई तो मैंने तत्काल जेई से बात की और मौके पर पहुंचकर तत्काल प्रभाव से ट्यूबवेल में नई मोटर डलवा कर सही कराया जिससे जनता को पानी की समस्या ना हो। इस अवसर पर अनिल बाजपेयीए शिवहरि दीक्षितए बंगाली बाबू आदि सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### परशुराम समिति की बैठक संपन्न

**इकदिलए इटावा।** परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक रविवार को पालीवाल चैक इकदिल में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया स बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की गयी एवं मेधावी सम्मान समारोह की तैयारियों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि मेधावी सम्मान समारोह 5 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही संरक्षक कृष्णमोहन अग्निहोत्री द्वारा महादेवी वर्मा पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया जायेगा। बैठक में परशुराम समिति इकदिल की नगर कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुयी। इसके साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि समिति शीघ्र पौधरोपण अभियान चलाएगी और पेड़ों पर लाल फीता बांधकर पेड़ बचाओं के लिए लोगों को जागरूक करेगी। बैठक में संरक्षक कृष्णमोहन अग्निहोत्रीए आनन्दप्रकाश नारायण दुबेए हरिप्रकाश चैधरीए अवधेश किशोर तिवारीए शरद शुक्लाए केण्केण्त्रिपाठीए प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपाल जी मिश्राए जिला महामंत्री राज तिवारीए शिवेंद्र मिश्राए आशीष मिश्रा एडएए श्रीकांत दुबेए शुभम पालीवालए नवीन मिश्राए विशाल तिवारीए मनोज दीक्षितए ओम मिश्राए नगर अध्यक्ष गोपाल मिश्रा आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने दिए निर्देश

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में एक जनपद एक नदीए डिजिटल लाइब्रेरीए जीरो पॉवर्टी अभियानए गौशाला प्रबंधनए प्राकृतिक खेतीए स्वच्छता एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। एक जनपद एक नदी अभियान के अंतर्गत सिरसा नदी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नदी में प्रवाहित होने वाले जल को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए फिल्टर चैम्बर की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि नदी में केवल स्वच्छ जल ही प्रवाहित हो। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने नए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हेतु स्थान चिन्हित करने के संबंध में उन्होंने कहा कि जहां वास्तविक आवश्यकता हो वहीं निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई ग्राम पंचायतें कस्बों का स्वरूप ले चुकी हैंए इसलिए बारात घरोंए सब्जी मंडियोंए बाजारों तथा अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों के आसपास सामुदायिक शौचालयों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतमए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्रए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉण् धर्मेन्द्र सिंहए जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमारए बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉण् राजेश कुमारए जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठीए जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थिति रहे।

### एसएसपी पत्नी ने वेलनेस होम्योपैथिक कैंप का शुभारंभ किया

इटावा। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव पत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्राप्त वार्षिक कैलेंडर के अनुसार वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में टाटा 1 एमजी की सहभागिता से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा जिला अस्पताल की सहभागिता से स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। शिविर में जनपद के पुलिस अधिकारियोंए कर्मचारियोंए पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ ही मौसम जनित बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किए गए। वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप के अंतर्गत विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह द्वारा शिविर स्थल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया तथा उपस्थित चिकित्सकों से शिविर की व्यवस्थाओं एवं लाभार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव उपस्थित रहे। शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में वामा सारथी वालंटियर्स का विशेष योगदान रहा।

## चंद्रसेन किला और जैन मंदिर हैं जनपद की अमूल्य धरोहर-डीएम



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ चंद्रसेन का किला एवं चंद्रवार जैन मंदिर का निरीक्षण कर ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ये स्थल जनपद की अमूल्य विरासत हैं और इनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि चंद्रवार जैन मंदिर में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी जिससे नई पीढ़ी को क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति की जानकारी मिल सके। साथ ही पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं धरोहरों के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर सत्येंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### ब्राउन अब केवल हिंदी ज़ी-5 पर स्ट्रीम हो रही है

**कानपुर।** ज़ी5 की आने वाली नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर ब्राउन की विशेष स्क्रीनिंग एक गर्मजोशी भरी और यादगार शाम में बदल गई, जब करीना कपूर खान और सैफअली खान सीरीज़ के प्रीमियर से पहले करिश्मा कपूर का समर्थन करने पहुंचे। मुख्य भूमिका में करिश्मा की लंबे समय बाद वापसी को लेकर यह स्क्रीनिंग एक खास पारिवारिक पल भी बन गई, जिसमें करीना और सैफ ने करिश्मा का उत्साह बढ़ाया, क्योंकि वह अपने करियर की सबसे दमदार और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक निभा रही हैं। इस शाम में करिश्मा के सीरीज़ में किए गए प्रभावशाली बदलाव और उनके दमदार अभिनय को लेकर सभी के बीच काफी प्रशंसा और उत्साह देखने को मिला। सीरीज़ को लेकर अपनी उत्सुकता जताते हुए सैफ अली खान ने कहा मैंने इसका ट्रेलर देखा है और मुझे यह बहुत पसंद आया। इसे बहुत शानदार तरीके से फिल्माया गया है और मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं, क्योंकि करिश्मा काफी समय से इस शो के बारे में बात कर रही थीं। मैंने उसे तैयारी करते और अपना सिगरेट रोल करते हुए देखा है। वह एक शराबी का किरदार निभा रही है, जो उनकी अपनी पर्सनैलिटी से थोड़ा अलग है, लेकिन मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूँ क्योंकि मुझे लगता है कि यह बहुत ही शानदार होने वाला है। करीना कपूर खान ने भी ट्रेलर और अपनी बहन के अभिनय की जमकर तारीफकी। उन्होंने कहा 90 के दशक की सुपरस्टार लोलो को आखिरकार स्क्रीन पर वापस देखना बहुत अच्छा लग रहा है।

### जज आवास में निकला 5 फीट का सांप

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर चैराहा के पास न्यायिक अधिकारियों के सरकारी आवास परिसर में उस समय हड़कंप मच गयाए जब एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज संजय कुमार चतुर्थ के सरकारी आवास बी.17 के गार्डन में करीब पांच फीट लंबा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते हुए वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी सतर्क हो गए और तत्काल आवास में मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी।

सांप दिखने से पूरे परिवार व आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर जज संजय कुमार ने सर्पमित्र डाण् आशीष से संपर्क किया। सूचना मिलते ही डाण् त्रिपाठी मौके पर पहुंचे व काफी सावधान के साथ सांप का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को सुरक्षित पकड़ लिया जिससे वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। डाण् आशीष त्रिपाठी ने बताया कि पकड़ा गया सांप रेट स्नेकए जिसे स्थानीय भाषा में घोड़ा पछाड़ कहा जाता था। इसका वैज्ञानिक नाम पत्यास म्यूकोसा है। यह निषहीन प्रजाति का सांप होता है।

### पुलिस ने यमुना पुल पर बचाई महिला की जान

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना चकरनगर पुलिस की तत्परता से महिला को यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने से बचाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा जनसुरक्षा एवं मानव जीवन की रक्षा हेतु सतत सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जा रही है।

6 जून को थाना चकरनगर क्षेत्रान्तर्गत सिकरोड़ी पुल पिकेट पर रिक्रूट आरक्षी रवि राणा एवं पीआरडी जवान सुदामा लाल ड्यूटी पर मौजूद थे। समय 1 बजे दोपहर राहगीरों द्वारा सूचना दी गयी कि यमुना पुल पर एक महिला नदी में कूदने का प्रयास कर रही हैए जिसके साथ एक व्यक्ति भी मौजूद है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया गया तथा महिला एवं उसके पति को थाना चकरनगर लाया गया। पूछताछ में महिला द्वारा अपना नाम रीता देवी पत्नी राजू उर्फ बादशाह निषाद निवासी ग्राम ककरिया थाना चकरनगर जनपद इटावा बताया गया। महिला ने बताया कि पति.पत्नी के मध्य घरेलू विवाद एवं कहासुनी होने के कारण वह आक्रोश में आकर उक्त कदम उठाने जा रही थी। दोनों पक्षों के परिजनों को थाना पर बुलाकर काउंसलिंग की गयी तथा आपसी समझौता एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों को उनके परिवारीजनों के साथ सकुशल रवाना किया।

## सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सतर्कता से कार्य करें

**-जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ से निपटने हेतु सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने की बनाई कार्य योजना 24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर की अध्यक्षता में आज जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व पुलिस स्वास्थ्य सिंचाईए लोक निर्माण विद्युत पंचायती राज आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए विभागवार तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून एवं संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभाग पूर्व तैयारियां पूर्ण कर लें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए समन्वित कार्ययोजना के साथ कार्य करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा उनके संचालन एवं उपयोग की नियमित समीक्षा की जाए।

जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राहत सामग्री खाद्य पैकेट लाइफ जैकेट नाव तटबंध सुरक्षा सामग्री तथा अन्य आवश्यक उपकरणों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन संसाधनों का नियमित सत्यापन एवं रखरखाव भी किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग किया जा सके।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रात्रिकालीन राहत एवं बचाव कार्यों की विशेष आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में सर्च लाइट नाव एवं अन्य तकनीकी उपकरणों को तैयार रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में समय पर कार्रवाई ही जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को कम कर सकती है इसलिए सभी संसाधन पूर्णत क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध रहें।

बैठक में जनपद स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियंत्रण कक्ष को चौबीस घंटे सक्रिय रखा जाए तथा प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नियंत्रण कक्ष एवं क्षेत्रीय स्तर पर तैनात कर्मियों के मध्य सतत संपर्क एवं समन्वय बना रहना चाहिए।

संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों की स्थापना एवं उनके प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी बाढ़ शरणालयों को तत्काल सक्रिय करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने निर्देशित किया कि शरणालयों में भोजन पेयजल स्वच्छता प्रकाश व्यवस्था शौचालय एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए ताकि प्रभावित नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से बाढ़ राहत चौपालों का आयोजन किया जाएए जिससे स्थानीय नागरिकों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियोंए राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को भी प्राप्त किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में जन.जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ राहत चौपालों में विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आमजन को आपदा प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की जाए।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक उपचार सामग्री आवश्यक दवाइयों एम्बुलेंस सेवाओं एवं चिकित्सकीय टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जलजनित एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य शिविर एवं निगरानी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण एवं संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित रूप से प्रभावित मार्गों की पहचान कर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था एवं रूट डायवर्जन की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाएए जिससे आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक में पेयजल विद्युत आपूर्तिए स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति में भी जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं पूर्व से तैयार रखी जाएं।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने विभागीय समन्वय बैठकों को निरंतर संचालित रखने तथा जन.जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को बाढ़ सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व तैयारी एवं प्रभावी समन्वय के माध्यम से संभावित आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है तथा जनपद में राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी सभी उप जिलाधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाजवादी पेंशन योजना तथा मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को पुन: लागू करने का आश्वासन भी दिया- पूर्व विधायक



छिबरामऊ कन्नौज सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री सांसद कन्नौज के निर्देशानुसार मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया

सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री सांसद कन्नौज के निर्देशानुसार मासिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हम सभी समाजवादी साथियों ने बढ़.चढ़कर भागीदारी निभाई।बैठक के दौरान पूर्व विधायक ने गैसए खाद एवं बिजली की किल्लत तथा बढ़ती महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए सरकार से जनता की समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान एवं गरीब वर्ग वर्तमान परिस्थितियों में अत्यंत परेशान हैंए इसलिए समाजवादी पार्टी आने वाले 2027 के चुनाव में जनता को इन समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य करेगी। बैठक में स्नातक चुनाव के ऊपर लगातार मुद्दा उठाया और कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में बोट बनाकर पार्टी को मजबूत करे स्नातक चुनाव में छिबरामऊ से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी बहुमत से विजई हो गए इसके साथ ही उन्होंने पिछली समाजवादी सरकार द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों को भी जनता के बीच रखने की बात कही। महिलाओं के हित में समाजवादी पेंशन योजना तथा मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को पुनः लागू करने का आश्वासन भी दिया।

संचालन किया आदिल परवेज इस मौके पर जिलाध्यक्ष कलीम खान पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद सिद्दकी आगरा खंड से स्नातक प्रत्याशी शशांक यादव विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल प्रताप सिंह यादव इरशाद खान प्रधान दिनेश राजपूत हरगोविन्द लोधी पवन माथुर अर्पित शुक्ला श्रीमती मौर सिंह कठेरिया विशुनदयाल शाक्य महेश लोधी विमल कुमार राजपूत पंडित प्रखर देवेदी जिला पंचायत प्रत्याशी लोकेन्द्र सिंह अशोक कठेरिया अशोक कुमार कठेरिया धीरज कठेरिया रवि यादव प्रधान विनोद अजीम खान अमन खान अमित यादव संतोष कुमार नायक हृदय नारायण दुबे साकेत जाटव नीरज पाल रामनिवास सविता अमन खान अमन बाल्मिक मैजूद रहे

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन

## 225 मरीजों का हुआ उपचार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 53 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 41 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 44 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़ैली चिकित्सक मनीष कुमार ने 42 मरीजों का उपचार किया कुल 225 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया।सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-



शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

## बंदर ने महिला को काटा पीएचसी में भर्ती

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा में रविवार की दोपहर घर में घुसे बंदर ने महिला को काट लिया जिससे महिला घायल हो गई महिला के परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जंहा पर उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 50 वर्षीय नचकी देवी घर में कार्य कर रही थी की घर में घुसे बंदर ने महिला को काट लिया महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है जिसमें फैज, अब्दुल रहमान, अनुज सिंह के गुमटी का सामान गिराकर उत्पात मचाया। बंदर हलिया बाजार में कई घरों में घुसकर उत्पात मचाया है।

# युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते तीन जून की रात शौच के लिए घर से बाहर गई 19 वर्षीया युवती व 13 वर्षीया बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले गांव निवासी युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में युवती के पिता ने बेटी व गांव निवासी बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का गांव निवासी युवक पर आरोप लगाते हुए बीते चार जून को मुकदमा दर्ज कराया था।दी गई तहरीर में युवती के पिता ने आरोप लगाया था कि बीते तीन जून की रात 11 बजे के करीब बेटी गांव निवासी बालिका के साथ शौच के लिए घर से बाहर गई थी उसी दौरान शादी करने के उद्देश्य से युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को एसआइ रमेश यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल ज्योति ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ऊंटी गांव स्थित गड़बड़ा पुल से श्रीराम उर्फ शिवा निवासी मलीपुर नीगवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपित युवक श्रीराम उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# नेपाल के पूर्व सांसद का निधन क्षेत्र में शोक की लहर



**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नेपाल के कपिलवस्तु जिले के क्षेत्र संख्या-3 से पूर्व सांसद रहे मंगल प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नेपाल और भारत के सीमा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सामाजिक, राजनीतिक तथा साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।
जानकारी के अनुसार, कृष्णनगर नगरपालिका-2 निवासी पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका उपचार भारत के गुरुग्राम स्थित एक अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उनका निधन हो गया। मंगल प्रसाद गुप्ता नेपाल की प्रमुख राजनीतिक पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) (नेकपा एमाले) से जुड़े रहे और कपिलवस्तु क्षेत्र संख्या-3 का प्रतिनिधित्व करते हुए सांसद के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने क्षेत्र के विकास, शिक्षा, सामाजिक समरसता तथा भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजनीति के साथ-साथ वह नेपाल-हिंदी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे। हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार में उनकी सक्रिय भूमिका रही। भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक एवं भाषाई संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन पर राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों तथा आम नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे समाज और राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

# टेम्पो-स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत, दो गंभीर घायल; एक की हालत नाजुक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानीपुर-मिर्जाहाजीपुरा मार्ग पर शनिवार शाम करीब 7 बजे हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टेम्पो और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों स्कूटी सवार सड़क पर दूर जा गिरे। रानीपुर ग्रामसभा निवासी 60 वर्षीय राम कुअर राम पुत्र स्वर्गीय दुखती राम तथा आयुष पुत्र स्वर्गीय अरविंद राम स्कूटी से रानीपुर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सुल्तानीपुर-मिर्जाहाजीपुरा मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेम्पो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों और राहगीरों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर पहुंचाया गया।
चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राम कुअर राम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि आयुष का उपचार सीएचसी रानीपुर में जारी है।घटना की सूचना मिलते ही रानीपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।
पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेम्पो और स्कूटी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी बाधित रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत

## परिजनों में कोहराम

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के अतरी मजरे में शनिवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन प्रयागराज के कोराव एक निजी अस्पताल में ले गये जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जिसे लेकर घर आये मौत की सूचना पर पहुंचे माइके के लोग भी पहुँच गये अचानक इस घटना से कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के सिकटा अतरी गांव निवासी नीरज की 21 वर्षीय पत्नी सविता की संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत बिगड़ गई जिसको लेकर परिजन प्रयागराज के कोराव एक निजी अस्पताल में दवा इलाज करने गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी की सूचना पर मृतक लड़की के पिता थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी दिनेश वर्मा व उनकी पत्नी सीमा मौके पर पहुंची मृत अवस्था में लड़की को देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे अचानक पुत्री की मौत से मां सीमा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। लड़की के पिता दिनेश वर्मा ने बताया कि पुत्री की शादी एक वर्ष एक महीने पूर्व की थी अचानक पुत्री की मौत होने से कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पुरुषोत्तम मास में गिरिजा पुर सेवा समिति ने बाबा कोटार नाथ धाम में की श्रद्धालुओं के लिए सेवा व्यवस्था

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** गिरिजा पुर सेवा समिति हथेड़ा, हलिया के तत्वाधान में पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर रविवार को बाबा कोटार नाथ शिव धाम पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा व्यवस्था की गई है।भीषण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध शीतल पेय जल और शरबत की व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को राहत मिले, इसलिए यह इंतजाम किया गया है।
इसके साथ ही श्रद्धालुओं के भोजन निर्माण और परोसने के लिए टंकी, कढ़ुल, जग, कराहा, कुकर, परात, बड़ी थाली, भगौना, स्टील की बड़ी



थाली आदि बर्तन भी स्थायी रूप से मंदिर व्यवस्थापक को सार्वजनिक प्रयोग हेतु सुपुर्द किए गए हैं। समिति का कहना है कि इससे श्रद्धालुओं को प्राथमिक व्यवस्था में कोई दिक्कत नहीं होगी और वे निर्बाध रूप से दर्शन-पूजन कर सकेंगे। सेवा समिति ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

# जर्जर तमसा पुल पर बैरियर लगाने का व्यापारियों ने किया विरोध

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना-घोसी मार्ग पर तमसा नदी पर बने 48 वर्ष पुराने जर्जर पुल से भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बैरियर लगाए जाने का स्थानीय व्यापारियों ने रविवार को विरोध किया। व्यापारियों का कहना था कि यदि कैलेंडर तिराहे पर बैरियर लगा दिया गया तो कस्बे के भीतर स्थित बड़े गोदामों तक माल पहुंचाना कठिन हो जाएगा, जिससे व्यापार प्रभावित होगा।विरोध की सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री मौके पर पहुंचीं। उनके साथ नायब तहसीलदार गौरव साह, कोतवाली प्रभारी केके वर्मा तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने व्यापारियों और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का वैकल्पिक समाधान निकाला। एसडीएम ने नगर पंचायत को निर्देश दिया कि कैलेंडर तिराहे पर नगर पंचायत अपना बैरियर लगाएगी। इस व्यवस्था के तहत कस्बे के भीतर गोदामों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक जाने वाले भारी वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जबकि पुल पार करने वाले भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा।इसके साथ ही जर्जर पुल से पहले भी मानक के अनुरूप बैरियर लगाया जाएगा, जिससे कोई भी भारी वाहन पुल से होकर न गुजर सके। प्रशासन का कहना है कि यह कदम पुल की सुरक्षा तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है।विरोध के दौरान नगर पंचायत प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, डायमंड लाल वर्मा, छोटू प्रसाद, मोनू खान, राजकुमार गुप्ता सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।एसडीएम द्वारा दिए गए आश्वासन और नई व्यवस्था के बाद व्यापारियों ने संतोष व्यक्त किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जर्जर पुल की सुरक्षा को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर प्रभावी नियंत्रण जारी रहेगा।

# साइबर टीम की तत्परता से ठगी के 20 हजार रुपये वापस, पीड़ित ने जताया आभार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के निर्देश पर साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहम्मदाबाद गोहना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में 20 हजार रुपये वापस कराए गए हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, खैराबाद निवासी मो. हासिम पुत्र अब्दुल बारी ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से उनसे 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली है। शिकायत प्राप्त होने पर अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना एवं प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा के निर्देशन में मामले की जांच शुरू की गई।जांच के दौरान थाना की साइबर टीम में शामिल उपनिरीक्षक विकास कुमार, कांस्टेबल संजय गुप्ता, महिला कांस्टेबल प्रिया सिंह तथा महिला कांस्टेबल शालिनी मौर्या ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित संस्थाओं से समन्वय स्थापित किया। उनके प्रयासों से ठगी की गई पूरी धनराशि 20 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।धनराशि वापस मिलने पर मो. हासिम ने मऊ पुलिस एवं साइबर टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# बूथ मजबूत होगा तो 2027 में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी : प्रतीक जायसवाल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी तहसील मुख्यालय स्थित रैन बसेरा सभागार में शनिवार की रात्रि भारतीय जनता पार्टी घोसी इकाई की ओर से बूथ सशक्तिकरण बैठक मंडल अध्यक्ष नागेंद्र मद्धेशिया 'जीतू' की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी प्रतीक जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए बूथ सशक्तीकरण का मंत्र दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा। कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ की अद्यतन जानकारी रखने तथा मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।बैठक में संगठन की मजबूती, मतदाता सूची के सत्यापन तथा बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला मंत्री राकेश मिश्रा ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया।इस अवसर पर श्रीमती कंवल गिरी, नागेंद्र मद्धेशिया 'जीतू', विनीत राय, इंद्र बहादुर सिंह, राजीव चौबे, रुपेंद्र भारती, चंद्रशेखर, अविनाश कुमार, डॉ. अंबिका यादव, राम विजय यादव, अतुल शर्मा, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मजदूरों व किसानों ने मुख्यमंत्री से मिलने का लिया निर्णय

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** गौरी बाजार चीनी मिल प्रांगण में रविवार को किसानों और मजदूरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित भुगतान और वसूली प्रमाण पत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए मजदूर नेता ऋषिकेश यादव ने कहा कि 25 मई को मजदूरों ने धरना देकर जिलाधिकारी को अपने पक्ष में आए फैसले से अवगत कराया था। साथ ही मांग की गई थी कि वसूली प्रमाण पत्र वापस कराकर मजदूरों और किसानों का बकाया भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, लेकिन अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण मजदूरों और किसानों में रोष व्याप्त है। इसी को देखते हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे प्रकरण से अवगत कराएगा तथा अपने पक्ष में हुए निर्णय को उनके समक्ष रखेगा। ऋषिकेश यादव ने कहा कि मजदूर और किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे और अंतिम स्तर तक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्योगपतियों और प्रशासन के बीच तालमेल के कारण मजदूरों एवं किसानों का शोषण हुआ है।
बैठक में हुस्न आरा देवी, दुलारी देवी, चंपा देवी, राधिका देवी, सोनमती देवी, विद्यावती देवी, अंगिरा देवी, सादिक अली, रामचंद्र गुप्ता, हंसराज यादव, कौशल किशोर, मोहन प्रसाद, झकरी चौहान, शंकर यादव, रामवृक्ष प्रधान, प्रदुमन तथा अदालत अली सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# सांसद शशांक मणि ने स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद शशांक मणि ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों, दवाओं की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली। बैठक में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सांसद को अस्पताल की वर्तमान स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, मरीजों की संख्या और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। सांसद ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान सांसद ने ट्रामा सेंटर में ऑक्सीजन प्लांट से जुड़ी समस्या पर चिंता जताई और संबंधित अधिकारियों को इसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की



प्राथमिकता है। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने साफ-सफाई, दवा वितरण, जांच सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं की नियमित निगरानी पर भी बल दिया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर भी चर्चा हुई। सांसद ने मेडिकल कॉलेज के विकास एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. रजनी पटेल, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा, अन्य चिकित्सक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, आनंद प्रकाश शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, राधेश्याम शुक्ला, सुधीर मधेशिया, गोलू राव और नीलरतन जायसवाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

## सार्वजनिक सूचना

सूच्य हो कि मैं पीताम्बर लाल गुप्ता, निवासी- राधानगर, फतेहपुर, अपने दिवंगत भाई स्व0 योगेन्द्र कुमार के पुत्रों शुभम व शिवम से लगभग 10 वर्ष पूर्व बंटवारे के बाद से अलग हूँ। अब इनसे मेरा कोई वास्ता या संबंध नहीं है। इनके किसी भी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं उत्तरदायी नहीं हूँ।
**सी.आर.- 474/K-37**

## अदालती सूचना

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5, कायदा 1 व 5, मजमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1908 ई0)**
**बअदालतः न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक), बिन्दकी, जिला- फतेहपुर।**
**नम्बर मुकदमाः ...... / 2026**
**(धारा-116, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता)**
**रामधनी बनाम जगराम आदि**
प्रतिवादीगण - 1. धर्मेन्द्र कुमार, 2. महेंद्र कुमार पुत्रगण मौजीलाल निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 3. राकेश, 4. राजेश, 5. सुरेश, 6. दिनेश पुत्रगण जयराम, निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 7. अर्चना देवी पत्नी जयराम, 8. विमला देवी पत्नी कन्हैया लाल, 9. राम शंकर, 10. शिव प्रसाद, 11. शिवदास, 12. वीरेन्द्र कुमार पुत्रगण बलभद्र प्रसाद ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 13. आदित्य कुमार पुत्र राम प्रसाद, 14. श्रीमती नन्द देवी पत्नी राम प्रसाद निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 15. गांव सभा ज़रिए ग्राम प्रधान डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर।
बाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत बंटवारा दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक- 19/06/2026 ई0 बवक्त 07 बजे मुकाम बिन्दकी अदालत में बतफ्सिल या मारफत वकील के जो मुकदमों का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हू कि जिए और जवाबदेही दावा को कीजिए और हर वह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिस लकतई मुकदमा के तजबीज हुई है वैसे आपको लाजिम है कि उसे रोज अपने जुलम गवाहों को जिनकी सहादत पर बीज जुमला दस्तावेज जिन पर आप बतइद अपना जब्बतेह के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए।
और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे जो मुकदमा वगैरह हाजिर आपका मसमूअ और फैसला होगा।
बसखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीखः 30/5/026 ई0 जारी किया गया।
**आज्ञा से, उपजिलाधिकारी (न्यायिक), बिन्दकी- फतेहपुर (उ.प्र.)।**
**सी.आर.- 474/K-CN**

## अदालती सूचना

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5, कायदा 1 व 5, मजमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1908 ई0)**
**बअदालतः न्यायालय उपजिलाधिकारी, बिन्दकी - जिला फतेहपुर।**
**नम्बर मुकदमाः ...... / 2026**
**(धारा-116, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता)**
**रामधनी बनाम मौजी लाल आदि**
प्रतिवादीगण - 1. धर्मेन्द्र कुमार, 2. महेंद्र कुमार पुत्रगण मौजीलाल निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 3. राकेश, 4. राजेश, 5. सुरेश, 6. दिनेश पुत्रगण जयराम, निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 7. विमला देवी पत्नी कन्हैया लाल, 8. कमलेश शास्त्री, 9. दिनेश कुमार, 10. विपिन कुमार पुत्रगण ओंकार, 11. जनक दुलारी पत्नी ओंकार, निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 12. शैलेश कुमार उर्फ़ गंगाराम पुत्र रामशरन , निवासी-ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 13. रामबरन, 14 रामकरन पुत्रगण देवीदयाल, निवासी- निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 15. विनोद कुमार, 16. प्रमोद कुमार, 17. आनंद कुमार पुत्रगण हीरालाल निवासीगण ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 18. विद्यादेवी पत्नी हीरालाल निवासी ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 19. शिवशरन पुत्र रामसनेही ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर, 20. राम शंकर, 21. शिवप्रसाद पुत्रगण बलभद्र प्रसाद ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर। 22. शिवदास, 23. वीरेंद्र कुमार पुत्रगण बलभद्र प्रसाद ग्राम डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर। 24. आदित्य कुमार पुत्र राम प्रसाद, 25. श्रीमती नंदकिशोर पत्नी रामप्रसाद, 26. गांव सभा ज़रिए ग्राम प्रधान डिघरूआ, परगना- कोड़ा, तहसील- बिन्दकी, ज़िला फतेहपुर।
बाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत बंटवारा दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक- 19/06/2026 ई0 बवक्त 07 बजे मुकाम बिन्दकी अदालत में बतफ्सिल या मारफत वकील के जो मुकदमों का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हू कि जिए और जवाबदेही दावा को कीजिए और हर वह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिस लकतई मुकदमा के तजबीज हुई है वैसे आपको लाजिम है कि उसे रोज अपने जुलम गवाहों को जिनकी सहादत पर बीज जुमला दस्तावेज जिन पर आप बतइद अपना जब्बतेह के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए।
और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे जो मुकदमा वगैरह हाजिर आपका मसमूअ और फैसला होगा।
बसखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीखः 30/5/026 ई0 जारी किया गया।
**आज्ञा से, उपजिलाधिकारी (न्यायिक), बिन्दकी- फतेहपुर (उ.प्र.)।**
**सी.आर.- 474/K-CN**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# रिश्तों में दरार : इस्राइल कर रहा अमेरिकी एजेंसी की जासूसी?



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन ने इस्राइल की जासूसी गतिविधियों को लेकर बड़ी चिंता जताई है। पेंटागन ने इस्राइल से जुड़े जासूसी के खतरे को बढ़ाकर गंभीर (क्रिटिकल) स्तर पर पहुंचा दिया है। यह पेंटागन का सबसे ऊंचा आंतरिक मूल्यांकन स्तर है। रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) ने इस संबंध में चेतावनी जारी की है। अमेरिकी रक्षा विभाग को डर है कि इस्राइल उनके वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी बढ़ा सकता है। यह स्थिति तब पैदा हुई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर मतभेद बढ़ गए हैं।

■ पेंटागन की रिपोर्ट से दुनिया में खलबली

एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट में दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने इस बात का खुलासा किया है। एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका पहले से ही इस्राइल के आधिकारिक दौरों पर सुरक्षा के बहुत कड़े इंतजाम करता है। इस्राइली जासूसी तंत्र को जानकारी जुटाने के मामले में बहुत आक्रामक माना जाता है। सुरक्षा के लिए अमेरिकी अधिकारी इस्राइल में अस्थायी कंप्यूटर और बर्नर फोन का इस्तेमाल करते हैं। वे बातचीत के लिए बहुत ही सीमित और सुरक्षित संचार नियमों का पालन करते हैं। पूर्व राजनयिकों और सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी इस्राइल में होटल के कमरों या किसी भी असुरक्षित जगह पर गोपनीय चर्चा करने से बचते हैं। रक्षा खुफिया एजेंसी ने हाल के हफ्तों में एक आंतरिक नोटिस और सात पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया है। इसमें इस्राइल की जासूसी क्षमताओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल इंसानी जासूसी और तकनीकी जासूसी, दोनों ही क्षेत्रों में बहुत ज्यादा सक्षम है। इस खतरे को अब गंभीर स्तर पर माना जाना चाहिए। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी कर्मियों पर पड़ेगा जो इस्राइल की यात्रा करते हैं या इस्राइली अधिकारियों के साथ काम करते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सामान्य काम पहले की तरह ही चलता रहेगा।

### व्हाइट हाउस ने क्या कहा?

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की एमिली हार्डिंग ने कहा कि इस्राइल का खुफिया ढांचा बहुत आक्रामक है। वे यह जानने में बहुत ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं कि अमेरिका क्या कर रहा है। हालांकि, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने इस पूरी खबर को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी ऐसे व्यक्ति ने दी है जिसे घटनाओं की सही जानकारी नहीं है।

### इस्राइल ने क्या कहा

वहीं दूसरी ओर, वॉशिंगटन में इस्राइली दूतावास ने भी इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि इस्राइल अमेरिकी संस्थाओं या अधिकारियों की जासूसी नहीं करता। उन्होंने साफ किया कि इस्राइल की खुफिया गतिविधियां केवल दुश्मनों के खिलाफ होती हैं, दोस्तों के खिलाफ नहीं।

# अब जब्त ईरानी फंड से युद्ध का हिसाब चुकाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग अब उन ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है, जिन्हें प्रतिबंधों के तहत जब्त किया गया था। इन पैसों से खाड़ी देशों में युद्ध और हमलों से हुए नुकसान की भरपाई करने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन चाहता है कि ईरान अपने हमलों से हुए नुकसान की आर्थिक कीमत भी चुकाए। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर लेबनान तक हालात लगातार विस्फोटक बने हुए हैं।

■ राष्ट्रपति ट्रंप ने बनाया बड़ा प्लान

**क्या है अमेरिका की नई योजना?**

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की योजना है कि जब्त ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल खाड़ी देशों के पुनर्निर्माण में किया जाए। इसमें सऊदी अरब, कतर, बहरीन, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं, जिन्हें हाल के महीनों में ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाड़ी देशों से यह आकलन लिया जाए कि युद्ध में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए कितनी रकम की जरूरत होगी। इसके बाद यह देखा जाएगा कि जब्त ईरानी संपत्तियों को कानूनी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। अमेरिका अभी यह तय नहीं कर पाया है कि किन संपत्तियों का उपयोग किया जाएगा। इसमें विदेशी बैंकों में जमा ईरानी फंड, तेल टैंकर और अन्य संपत्तियां शामिल हो सकती हैं। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि ईरान को क्षेत्रीय हिंसा और अस्थिरता की कीमत चुकानी चाहिए। दूसरी तरफ ईरान लगातार कह रहा है कि किसी भी समझौते से पहले उसके अरबों डॉलर के फंड को जारी किया जाए और प्रतिबंध हटाए जाएं। बताया जा रहा है कि ईरान करीब 24 अरब डॉलर की जमी हुई संपत्तियों को छुड़ाने की मांग कर रहा है।

# ओहायो फेस्टिवल के पास ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

**टोलेडो (ओहायो)।** अमेरिका के ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में एक सामुदायिक फेस्टिवल के पास हुई गोलीबारी ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान अचानक चली गोलियों से लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की तलाश जारी है और मामले की जांच तेज कर दी गई है। टोलेडो पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार शाम उस समय हुई जब ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यह दो दिवसीय आयोजन शहर के ऐतिहासिक इलाके में हर साल आयोजित किया जाता है, जिसमें लाइव म्यूजिक, खाने-पीने के स्टॉल, खरीदारी और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते पूरा इलाका अफरा-तफरी में बदल गया। लोग जमीन पर लेट गए और कई लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग चीखते और दौड़ते दिखाई दिए।

# ट्रंप ने पूर्व एनएसए को बताया बुरा और भ्रष्ट इंसान

## बोले- बेईमानी की कीमत चुका रहे जॉन बोल्टन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन पर तीखा हमला किया है। ट्रंप ने बोल्टन को एक बुरा और भ्रष्ट आदमी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बोल्टन अपनी बेईमानी की सजा भुगत रहे हैं। शनिवार को चिप्पेवा फॉल्स की यात्रा के दौरान एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने बोल्टन की जमकर आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि जॉन बोल्टन एक बेईमान इंसान हैं और वह बिल्कुल भी समझदार नहीं हैं। ट्रंप के मुताबिक, बोल्टन को युद्ध करने का बहुत शौक था। वह हर उस व्यक्ति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते थे जो उनके सामने बोलता था। उन्होंने यह भी कहा कि वह कभी बोल्टन के प्रशंसक नहीं रहे और उन्हें केवल एक खास उद्देश्य के लिए काम पर रखा था। ट्रप ने दावा किया कि बोल्टन ने पूर्व राष्ट्रपति बुश के समय भी बहुत सी समस्याएं खड़ी की थीं। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि बोल्टन की युद्ध वाली सलाहों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता था क्योंकि वह कभी उनकी बात नहीं सुनते थे। ट्रंप ने बोल्टन की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने सारी जानकारी ली और उसका गलत इस्तेमाल किया। ट्रंप ने कहा कि बोल्टन को पकड़ लिया गया है और अब वह अपनी बेईमानी की कीमत चुका रहे हैं।

# भारतीय शांति सैनिक मेजर अभिलाषा बराक को मिला अवार्ड

**न्यूयॉर्क।** भारत की महिला शांति सैनिक और देश की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लिंग अधिवक्ता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में मेजर बराक को यह पुरस्कार प्रदान किया। वर्तमान में वह लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनीफिल) के तहत शांति मिशन में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

■ उत्कृष्ट योगदान कर बढ़ाया देश का गौरव

पुरस्कार समारोह के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मेजर अभिलाषा बराक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन महिलाओं और लड़कियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि मेजर बराक न केवल उन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं जिनकी वह सेवा कर रही हैं, बल्कि अपने साथ काम करने वाले शांति सैनिकों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण हैं।

**कौन हैं मेजर अभिलाषा बराक?**

मेजर अभिलाषा बराक भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित अधिकारी हैं। वह भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भी जानी जाती हैं। अपने सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं और महिला नेतृत्व को नई पहचान दिलाई है।

### सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय अधिकारी बनीं अभिलाषा

भारत के लिए खास बात यह भी है कि इस सम्मान को पाने वाली अभिलाषा बराक तीसरी भारतीय अधिकारी बन गई हैं। इससे पहले मेजर सुमन गवानी को 2019 में और मेजर राधिका सेन को 2023 में यह पुरस्कार मिल चुका है। मेजर सुमन गवानी ने दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान शानदार काम किया था, जबकि मेजर राधिका सेन ने कांगो में शांति मिशन में अपनी सेवाएं दी थीं।

# तुर्किए के विदेश मंत्री ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**ढाका।** तुर्किए और बांग्लादेश के बीच बातचीत गहरी होती जा रही है। ढाका में तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीके खोजने पर चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से भी मुलाकात की। बीएनपी के सत्ता में आने के बाद से बांग्लादेश की विदेश नीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। बांग्लादेश का झुकाव तुर्किए और पाकिस्तान जैसे देशों की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी ढाका में फिदान से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम कर रहे थे।

# अमेरिकी नौसेना में महिला अधिकारियों की चिंता बढ़ी

## प्रमोशन लिस्ट से नाम हटाने पर विवाद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की नौसेना में महिला अधिकारियों के प्रमोशन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा नौसेना की प्रमोशन सूची से कई अधिकारियों के नाम हटाए जाने के बाद महिला अधिकारियों में नाराजगी और चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि हटाए गए अधिकारियों में सभी महिला अधिकारी भी शामिल थीं। इसके बाद कई महिला अधिकारियों ने आशंका जताई है कि अब सेना में उनके करियर की एक सीमा तय की जा रही है और आगे बढ़ने के मौके कम हो सकते हैं। अमेरिकी नौसेना ने पहले 31 अधिकारियों को कैप्टन से वन-स्टार एडमिरल रैंक पर प्रमोट करने के लिए चुना था। लेकिन बाद में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस सूची से नौ अधिकारियों के नाम हटा दिए। इनमें तीन महिला अधिकारी और दो अश्वेत अधिकारी शामिल थे। इस फैसले के बाद इस साल अमेरिकी नौसेना में एक भी महिला अधिकारी को वन-स्टार एडमिरल रैंक नहीं मिल पाएगी। साल 2024 के सैन्य आंकड़ों के मुताबिक अमेरिकी नौसेना के करीब एक-चौथाई अधिकारी महिलाएं हैं। इसके बावजूद शीर्ष रैंक में महिलाओं की गैरमौजूदगी ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कई महिला अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला सेना में महिलाओं के भविष्य को लेकर गलत संदेश देता है।

# भारत के प्रति यूरोप का दोहरा रवैया

**तेल अवीव।** यूरोप एक तरफ भारत को अपना खास दोस्त बताता है। दूसरी तरफ वह पाकिस्तान की पीठ थपथपाने से बाज नहीं आ रहा है। यूरोप के इसी दोहरे खेल का अब पर्दाफाश हुआ है। इटली के बड़े भू-राजनीतिक विशेषज्ञ सर्जियो रेस्टेली ने इस पर बड़ा खुलासा किया है। टाइम्स ऑफ इस्राइल में लिखे अपने लेख में उन्होंने यूरोप की कूटनीति पर तीखे सवाल उठाए हैं। रेस्टेली के मुताबिक, यूरोप भारत के साथ सुरक्षा के बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन जब बात पाकिस्तान की आती है, तो वह तुरंत सुर बदल लेता है। वह पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति और संयम की खोखली भाषा बोलने लगता है।

■ आतंकवाद पर पाकिस्तान का दिया साथ

■ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में खुली पोल

हाल ही में इस्लामाबाद में पाकिस्तान और यूरोपीय संघ (ईयू) की एक बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद दोनों ने एक साझा बयान जारी किया। इस बयान में यूरोपीय संघ ने भारत के जम्मू-कश्मीर की तुलना सीधे यूक्रेन से कर दी। इस हरकत से यूरोप का असली चेहरा सामने आ गया है। रेस्टेली ने कहा कि ऐसा करके यूरोप ने पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह छिपा दिया। सिर्फ दिखावे के लिए यूरोप ने आतंकवाद के खिलाफ अपने ही सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा दीं। इससे भारत में एक गलत संदेश गया है। साफ लगता है कि यूरोप को भारत का बड़ा बाजार तो चाहिए, लेकिन वह भारत की सुरक्षा की चिंता बिल्कुल नहीं करता।

यूरोपीय संघ की बड़ी नेत्री काजा कलास ने हाल ही में पाकिस्तान का दौरा किया। इस दौरे को लेकर विशेषज्ञ रेस्टेली ने इसे यूरोप का रणनीतिक भ्रम कहा है। कलास ने इस साल की शुरुआत में भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत करने का दावा किया था। लेकिन पाकिस्तान जाते ही उनका रुख बदल गया। असल में यूरोप अमेरिका से होने वाले अपने नुकसान की भरपाई करना चाहता है। इसके लिए वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करना चाहता है। लेकिन जैसे ही उपमहाद्वीप में तनाव बढ़ता है, वह फिर से पुराने पाकिस्तान राग पर लौट आता है। यूरोप सिर्फ ईरान के मामले में अपनी जगह बनाने के लिए आसिफ मुनीर जैसे तानाशाहों के आगे झुक रहा है।

# यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक पहुंच सकता है चिकनगुनिया

## जलवायु परिवर्तन से बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** कभी चिकनगुनिया को मुख्य रूप से गर्म जलवायु वाले देशों की बीमारी माना जाता था, पर अब वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन इस बीमारी का भूगोल बदल सकता है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण ऐसे मच्छरों का दायरा तेजी से बढ़ रहा है जो चिकनगुनिया वायरस फैलाते हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले दशकों में दुनिया के कई ठंडे क्षेत्र भी इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

प्रतिष्ठित जर्नल फ्रंटियर्स इन सेलुलर एंड इन्फेक्शन माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार सदी के अंत तक उत्तर-पूर्वी उत्तरी अमेरिका, मध्य यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हिस्से चिकनगुनिया के नए हॉटस्पॉट बन सकते हैं। अध्ययन में भारत के लिए भी चिंता जताई गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि बीमारी नए क्षेत्रों में फैलती है तो 1.21 करोड़ भारतीय इसके जोखिम में आ सकते हैं। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन, नागासाकी यूनिवर्सिटी और इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट से जुड़े वैज्ञानिकों के एक अन्य अध्ययन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में करीब 1.44 करोड़ लोग चिकनगुनिया के जोखिम में हैं। इनमें से करीब 51 लाख लोग भारत में हैं। भविष्य में यह संख्या वैश्विक स्तर पर 3.49 करोड़ तक पहुंच सकती है।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है।

■ किम जोंग उन की बहन बोलीं- परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे

किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा।

**उत्तर कोरिया परमाणु ताकत क्यों बढ़ा रहा है?**

उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया।

**संस्मरण**

**लेकिन महंगा होने के कारण अमेरिकी सरकार को लौटाना पड़ा**

# पीएम मोदी का दिया हीरा खुद रखना चाहती थीं जिल बाइडन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपहार में दिए गए हीरे को अपने पास रखना चाहती थीं, लेकिन उसकी अधिक कीमत के कारण उन्होंने उसे संघीय सरकार को लौटा दिया। अपनी आत्मकथा व्यू फ्रॉम द ईस्ट विंग : ए मेमोइर में बाइडन ने व्हाइट हाउस के जीवन और अमेरिका के प्रथम परिवार को मिलने वाले उपहारों से जुड़े सख्त नियमों का विस्तार से वर्णन किया है। यह पुस्तक इसी सप्ताह बाजार में आई है।

**मोदी ने भेंट किया था 7.5 कैरेट का लैब-ग्रोन डायमंड**

बाइडन को सबसे अधिक याद रहने वाले उपहारों में एक 7.5 कैरेट का लैब-ग्रोन डायमंड भी शामिल है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी वॉशिंगटन स्थित राजकीय यात्रा के दौरान भेंट किया था। बाइडन लिखती हैं, कभी-कभी उपहार के रूप में छोटी-छोटी चीजें मिलती थीं, जैसे फूल या शराब, लेकिन कभी-कभी बड़ी चीजें भी मिलती थीं। इनमें 7.5 कैरेट का वह लैब-ग्रोन डायमंड भी शामिल था, जो भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी राजकीय यात्रा के दौरान मुझे दिया था। यह रत्न प्रयोगशाला में निर्मित हीरों के क्षेत्र में अग्रणी बनने के भारत के प्रयासों का प्रतीक था।

**हीरे को लेकर क्या थी जिल बाइडन की योजना**

बाइडन आगे लिखती हैं, यह हीरा बेहद खूबसूरत था। अमेरिकी नैतिक नियमों के अनुसार यह उपहार व्यक्तिगत रूप से मेरा नहीं था। तकनीकी रूप से यह मुझे नहीं, बल्कि प्रथम महिला के पद को दिया गया था, इसलिए यह संघीय सरकार की संपत्ति माना गया। उन्होंने बताया कि एक निश्चित मूल्य से अधिक के उपहारों की सरकारी अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाती है और उनका रिकॉर्ड रखा जाता है। ऐसे उपहारों को प्राप्त करने वाला व्यक्ति उनके उचित बाजार मूल्य का भुगतान कर उन्हें खरीद सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के उपहार के मामले में उन्होंने शुरुआत में ऐसा करने पर विचार किया था।

**पहले खरीदने का मन बनाया फिर कीमत जानकर टाल दिया विचार**

बाइडन लिखती हैं, प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह उनके गृहनगर में 2,500 डॉलर में हस्तनिर्मित किया गया था। उनके पास इसकी रसीद भी थी। मैंने सोचा था कि शायद मैं इसे खरीद लूं। लेकिन बाद में विदेश विभाग ने इसकी कीमत 20,000 डॉलर आंकी, इसलिए मैंने इसे नहीं खरीदा। उन्होंने आगे लिखा, मुझे बताया गया कि मैं इसे अपने कार्यालय में प्रदर्शित कर सकती हूं या पहनने के लिए उधार ले सकती हूं। इसलिए मैंने इसे अंगूठी में जड़वा लिया और आधिकारिक समारोहों में पहनती थी। यह व्यवस्था केवल व्हाइट हाउस में मेरे कार्यकाल तक ही रही। पद छोड़ने के बाद मैंने इसे वापस कर दिया। अंगूठी को अन्य अनगिनत राष्ट्रपति उपहारों के साथ एक गोदाम में रख दिया गया, जिनमें से कई को बाद में नष्ट कर दिया गया। यह संस्मरण इस घटना के माध्यम से व्हाइट हाउस के जीवन से जुड़े उन वित्तीय और नैतिक नियमों को रेखांकित करता है, जिन्हें अक्सर लोग ठीक से नहीं समझ पाते। बाइडन लिखती हैं कि आधिकारिक आवास, कार्यक्रमों और उपहारों से जुड़े विस्तृत नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग सरकारी संसाधनों या विदेशी उपहारों से व्यक्तिगत लाभ न उठा सकें।

**जिल ने कई अन्य उपहारों का भी किया जिक्र**

बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए हीरे की तुलना फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों द्वारा दिए गए एक कंगन से की है। इस कंगन का उनके लिए भावनात्मक महत्व था, इसलिए उन्होंने सरकार से इसे खरीद लिया ताकि पद छोड़ने के बाद भी वह इसे अपने पास रख सकें। बाइडन लिखती हैं, मैंने विदेश विभाग को भुगतान किया ताकि पद छोड़ने के बाद भी मैं इसे अपने पास रख सकूं। मैं इसे आज भी हर दिन पहनती हूं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अन्य उपहारों का भी उल्लेख किया है। इनमें यूक्रेन द्वारा बम के छर्रों से बनाया गया एक ब्रोच भी शामिल है, जिसकी कीमत अधिकारियों ने 14,063 डॉलर आंकी थी।

**बाजार दर्पण**

